Page 11 खेल



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 देश





आईसीसी रैंकिंग : हैरी ब्रुक बने नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में...

गंगासागर सेतु प्रोजेक्ट में बड़ा राजफाश,ममता सरकार ने नहीं ली केंद्र से आवश्यक मंजूरी



कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरुवार • 11 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 189 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 13,64,500 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**2012** : उत्तरी अफगानिस्तान में दो भूकंप आए, जिससे एक गांव में दफन हुए भूस्खलन और 75 लोगों की मौत हो गई।

**2008** : कनाडा के प्रधान मंत्री स्टीफन हार्पर ने पिछली सरकारों की जबरन आत्मसात करने की नीतियों के लिए फर्स्ट नेशन से माफी मांगी।

## न्यूज बाइट्स

### दिल्ली में एनडीए शासित राज्यों की बैठक में शामिल होंगे सीएम सम्राट चौधरी

**पटना (नि.सं.)** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल होंगे। उनके साथ राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी तथा वरिष्ठ मंत्री बिजेंद्र यादव भी बैठक में भाग लेंगे। केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा विकास संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक का मुख्य एजेंडा केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' अभियान को गति देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे।

### 30 जुलाई से शुरू होगा श्रावणी मेला, कांवड़ियों के लिए बनेंगी टेंट सिटी और स्विस कॉटेज

**पटना (नि.सं.)** ।

पटना। बिहार में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। मेले में आने वाले लाखों कांवड़ियों की सुविधा को देखते हुए राज्य सरकार ने व्यापक इंतजाम करने का निर्णय लिया है। पर्यटन विभाग की ओर से टेंट सिटी, शौचालय, स्नानघर, शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, कांवर स्टैंड तथा मनोरंजन की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

---

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत

# 94 लाख से अधिक लोगों के बैंक खाते में सीएम ने भेजा 1096 करोड़ रूपए

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से मई माह की पेंशन राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इस दौरान राज्य के 94.29 लाख पेंशनधारियों के खातों में कुल 1096.44 करोड़ रुपये की राशि सीधे भेजी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, विधवाओं और अन्य पात्र लाभार्थियों को समय पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डीबीटी व्यवस्था से लाभार्थियों को बिना किसी बिचौलिये के सीधे उनके खातों में राशि प्राप्त हो रही है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है।

पेंशन राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिला एवं प्रखंड मुख्यालयों में किया गया। जिला मुख्यालयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के संबोधन और राशि अंतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान जिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम से जुड़े रहे।



सरकार के निर्देश पर सभी प्रखंड मुख्यालयों में भी विशेष आयोजन किए गए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) तथा अन्य संबंधित अधिकारी लाभार्थियों के साथ उपस्थित रहे। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि सभी पात्र पेंशनधारियों को कार्यक्रम की जानकारी मिले और वे इसमें शामिल हो सकें।

लाभार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थलों पर टीवी स्क्रीन, बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां, स्वच्छ पेयजल, फ्लेक्स-बैनर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। बड़ी संख्या में पेंशनधारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर मुख्यमंत्री का संबोधन सुना और अपने खातों में राशि हस्तांतरण की जानकारी प्राप्त की। राज्य सरकार का कहना है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा सरकार इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार प्रयासरत है।

## गूगल प्रतिनिधिमंडल से मिले मुख्यमंत्री बिहार के डिजिटल विकास पर बनी सहमति



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार को सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में गूगल इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट चंदू थोटा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष बिहार में डिजिटल अवसंरचना, तकनीकी निवेश और रोजगार सृजन की संभावनाओं को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति-2026 के तहत गूगल को राज्य में अपना ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में दोनों पक्षों ने बिहार के डिजिटल विकास को नई गति देने तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करने पर सहमति व्यक्त की।

# भूमि संबंधी लंबित मामलों के निपटारे के लिए आज से 17 जून तक विशेष अभियान

• रैयतों की समस्याओं के समाधान को लेकर सीएम सम्राट सरकार का राज्यव्यापी अभियान



**निज संवाददाता | पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के लाखों रैयतों से जुड़े भूमि अभिलेखों के सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा आधारित नामांतरण के मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से 11 जून से 17 जून 2026 तक राज्य के सभी अंचलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त लंबित आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा।

### पूरे राज्य में शिविर होगा आयोजित आयोजित

मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 16 अगस्त से 20 सितंबर 2025 तक ऐतिहासिक राजस्व महा-अभियान चलाया था। इस दौरान पूरे राज्य में शिविर आयोजित कर डिजिटल जमाबंदी में त्रुटि सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार आधारित नामांतरण तथा बंटवारा आधारित नामांतरण से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे। अभियान के दौरान कुल 46 लाख आवेदन मिले थे, जो भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन आवेदनों की स्कैनिंग, पोर्टलों पर अपलोडिंग और समयबद्ध निष्पादन के लिए विभाग की ओर से लगातार दिशा-निर्देश जारी किए गए थे तथा 31 मार्च 2026 तक सभी मामलों के निपटारे का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। हालांकि कई जिलों में कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो सका। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक 81.91 प्रतिशत आवेदनों की स्कैनिंग हुई है, जबकि केवल 26.43 प्रतिशत आवेदन ही संबंधित पोर्टलों पर अपलोड किए जा सके हैं। मंत्री ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि लाखों रैयतों के आवेदन लंबित रहना स्वीकार्य नहीं है।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि विशेष अभियान के दौरान सभी लंबित आवेदनों की शत-प्रतिशत स्कैनिंग और पोर्टलों पर अपलोडिंग सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद आवेदनों के त्वरित निष्पादन की प्रक्रिया चलाकर लोगों को भूमि संबंधी मामलों में अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार सात दिनों तक चलेगा और रविवार को भी कार्य जारी रहेगा। सभी अंचलों को उपलब्ध मानव संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। अभियान को गति देने के लिए राज्य के अधिकांश जिलों में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण अमीनों की सेवाएं भी ली जाएंगी। शिवहर, शेखपुरा, लखीसराय, जहानाबाद और अरवल को छोड़कर अन्य जिलों के विशेष सर्वेक्षण अमीनों को स्कैनिंग, अपलोडिंग और निष्पादन कार्य में लगाया जाएगा। इन पांच जिलों में भूमि सर्वेक्षण का कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित होने के कारण वहां के कर्मियों को इस अभियान से अलग रखा गया है।

मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान को केवल औपचारिकता के रूप में नहीं लिया जाए। विशेष शिविर के दौरान निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति संबंधित अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। विभागीय स्तर पर नियमित निगरानी और समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार भूमि प्रशासन को पारदर्शी, डिजिटल और जनोन्मुखी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष शिविर के माध्यम से लाखों लंबित मामलों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी और आम रैयतों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# साइकिल सवार को बचाने में स्कॉर्पियो-ब्रेजा की टक्कर, मां-बेटे समेत चार की हुई मौत

**निज संवाददाता | अररिया**



अररिया-पूर्णिया मार्ग पर कुसियार गांव पार्क के समीप बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने सड़क पर अचानक सामने आए एक साइकिल सवार को बचाने की कोशिश की। इस दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पहले रेलिंग से टकराया और फिर सामने से आ रही मारुति ब्रेजा से भिड़ गया। हादसे में साइकिल सवार 25 वर्षीय मोहम्मद कोनेन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कॉर्पियो में सवार पूर्णिया जिले के बिशनपुर गांव निवासी 60 वर्षीय मयानंद झा, 60 वर्षीय शांति देवी और उनके 49 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार ठाकुर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शांति देवी और गौतम कुमार मां-बेटे थे, जबकि मयानंद झा उनके देवर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब साढ़े 11 बजे हुई।

बताया जाता है कि स्कॉर्पियो काफी तेज गति से चल रही थी। साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद यह दर्दनाक हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में एक ही परिवार के छह लोग सवार थे और वे मधेपुरा जिले के रामनगर में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में जवाहर झा, लक्ष्मी ठाकुर, मधुलता देवी समेत कई लोग घायल हो गए, जिनका इलाज अररिया सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल जवाहर झा ने बताया कि परिवार के सदस्य मामा के क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए रामनगर जा रहे थे।

## खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों पर बिहार सरकार सख्त, सरकारी जमा पर लग सकती है रोक

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने राज्य में खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बैंकिंग व्यवस्था की समीक्षा के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसाओं को मंजूरी दे दी है। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जिन बैंकों का प्रदर्शन लगातार कमजोर रहेगा, उनके कार्यों की विशेष निगरानी की जाएगी और अगले छह माह में सुधार नहीं होने पर उनमें सरकारी जमा राशि रखने पर रोक लगाई जा सकती है। राज्य के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने बैंकों की कार्यप्रणाली में सुधार तथा राज्य में साख-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) बढ़ाने के लिए पांच महत्वपूर्ण सिफारिशें सरकार को सौंपी हैं। वित्त विभाग ने इन अनुशंसाओं के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि वित्त विभाग ने 22 जनवरी 2026 को उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित 95वीं त्रैमासिक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक के निर्णय के बाद इस समिति का गठन किया था। समिति का उद्देश्य राज्य में वार्षिक साख योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति, सीडी रेशियो की स्थिति और बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की नियमित समीक्षा करना है। समिति में विकास आयुक्त को अध्यक्ष बनाया गया था, जबकि वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव, भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक तथा भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बिहार का सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए संभावित जमा राशि के कम से कम 80 प्रतिशत के बराबर वार्षिक साख योजना (एसीपी) का लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए।

## बिहार में 13 जून तक भारी बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 13 जून तक बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए लोगों के मोबाइल फोन पर भी अलर्ट संदेश भेजे गए हैं, ताकि वे सतर्क रह सकें। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के प्रभाव से उत्तर-पश्चिम भारत में 13 जून तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है, जिसका असर बिहार के कई जिलों में भी देखने को मिलेगा। विभाग ने 11 और 12 जून को 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, आंधी-तूफान आने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की आशंका जताई है।

इधर भीषण गर्मी के बीच कई जिलों में मौसम ने करवट ली है। मुजफ्फरपुर और मधुबनी में बुधवार दोपहर बाद बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। वहीं खगड़िया में तेज धूप के बाद आसमान में बादल छा गए। बगहा में सुबह के समय झमाझम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए राज्य के 24 जिलों में आंधी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 9 जिलों के लिए यलो अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## पति-पत्नी चला रहे थे 50 करोड़ का ड्रग्स नेटवर्क, 22 करोड़ की नशीली सामग्री जब्त

**निज संवाददाता | पटना**

राजधानी पटना में सक्रिय एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का खुलासा करते हुए पुलिस की विशेष टीम (डीआईयू) ने एक सप्ताह के भीतर करीब 22 करोड़ रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर, हेरोइन और स्मैक बरामद की है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का संचालन पति-पत्नी मिलकर कर रहे थे और इसमें उनके परिजन भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार अब तक इस गिरोह से जुड़े कुल 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। पुलिस जांच में मुख्य सरगना के रूप में संतोष साव और उसकी पत्नी रेखा देवी का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि दोनों लंबे समय से पटना और आसपास के क्षेत्रों में सूखे नशे की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह संगठित तरीके से काम करता था और परिवार के सदस्य ही इसके संचालन, भंडारण तथा वितरण की जिम्मेदारी संभालते थे। हाल ही में फुलवारीशरीफ के गोपालपुर स्थित बेईमान टोला में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने संतोष साव के साले कृष्ण कुमार राम को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में कृष्ण कुमार ने खुलासा किया कि उसकी बहन रेखा देवी और बहनोई संतोष साव पूरे नेटवर्क का संचालन करते हैं।

उसने बताया कि उसे नशीले पदार्थों की डिलीवरी और सुरक्षित रख-रखाव के लिए प्रतिदिन आठ हजार रुपये दिए जाते थे। इससे पहले पटना पुलिस और डीआईयू की टीम ने रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के सोरंगपुर स्थित एक मकान पर छापेमारी कर चिंटू उर्फ छोटू और मोनू को गिरफ्तार किया था। वहां से पुलिस ने पिस्टल, कट्टा, बुलेट मोटरसाइकिल के अलावा करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन, स्मैक और ब्राउन शुगर बरामद की थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है और नेटवर्क की अंतरराज्यीय तथा अंतरराष्ट्रीय कड़ियों की भी जांच चल रही है। मामले में लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही कई अन्य गिरफ्तारियां होने की संभावना है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th

DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2

BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट

MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय लोकतंत्र की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर मानते हुए एक प्रस्ताव किया पारित

# पीएम के नेतृत्व में देश के 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से निकले

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को भारतीय लोकतंत्र की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर मानते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बनने के लिए नरेंद्र मोदी की सराहना की गई। चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार 4,399 दिनों की सेवा का रिकॉर्ड बनाकर, उन्होंने पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने 1952 से 1964 तक लगातार 4,398 दिनों तक सेवा की थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह



अवसर भारत की लोकतांत्रिक चेतना, जनता के भरोसे और जन-भागीदारी की शक्ति का प्रतीक है। यह 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प से प्रेरित नेता को जनता से मिले अभूतपूर्व समर्थन को दर्शाता है। पीएम मोदी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रस्ताव में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि यह उपलब्धि उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के साथ मेल खाती है। इसमें यह भी बताया गया है कि प्रधानमंत्री सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार 25 साल की सेवा के ऐतिहासिक पड़ाव के करीब पहुंच रहे हैं। संवेदनशीलता, संयम, नेक इरादे और निर्णायक क्षमता वाले नेतृत्व पर गर्व करते हुए आधिकारिक दस्तावेज में इस बात पर जोर दिया गया है कि छह दशकों के बाद देश ने एनडीए सरकार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश दिया है।

प्रधानमंत्री के जीवन को सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति निरंतर समर्पण का प्रतीक बताते हुए दस्तावेज में 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के प्रति प्रतिबद्ध प्रधान सेवक के रूप में 2014 में की गई उनकी घोषणा को याद किया गया है। यह मानते हुए कि गरीबों का कल्याण शासन के केंद्र में रहा है, दस्तावेज में बड़े पैमाने पर दी गई सुविधाओं का विवरण दिया गया है। इनमें पक्के घर, बिजली, स्वच्छ पानी और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (सीधे लाभ हस्तांतरण) शामिल हैं, साथ ही 80 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए मुफ्त राशन और 60 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा उपचार की सुविधा भी दी गई है। प्रस्ताव में दर्ज है कि इन प्रयासों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय आत्मविश्वास को बढ़ाया और 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद की। प्रस्ताव में प्रमुख वर्गों के सशक्तिकरण का भी विवरण दिया गया है। यह युवा शक्ति पर उस फोकस को पहचानता है जिसने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और 'मिशन चंद्रयान' के जरिए एक वैज्ञानिक शक्ति बनाया। 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' का एक नया अध्याय कई व्यापक नीतियों के जरिए बताया गया है, जिसमें धुएं-मुक्त रसोई और 'लखपति दीदी' अभियान से लेकर विधायी निकायों में महिलाओं के लिए ऐतिहासिक 33 प्रतिशत आरक्षण तक शामिल हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### धान घोटाला मामले में नामजद अभियुक्त व पूर्व पैक्स अध्यक्ष कुंदन प्रसाद साह को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कटिहार**। पूर्व पैक्स अध्यक्ष कुंदन प्रसाद साह की गिरफ्तारी के बाद अब इस बात की कड़ाई से जांच की जा रही है कि इस 1.26 करोड़ रुपये के धान घोटाले में बैंक अधिकारियों,मिल मालिकों या विभाग के किसी अन्य कर्मी की संलिप्तता तो नहीं थी। गोदाम के पुराने वितरण और स्टॉक रजिस्टर को जब्त कर आगे की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है। डंडखोरा थाना पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद गिरफ्तार पूर्व अध्यक्ष को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि जिले के डंडखोरा प्रखंड के महेशपुर पंचायत के पैक्स गोदाम में हुए धान घोटाले में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सहकारिता विभाग की जांच और न्यायालय के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी और पूर्व पैक्स अध्यक्ष कुंदन प्रसाद साह को गिरफ्तार कर लिया है। डंडखोरा थाना क्षेत्र में सहकारिता और धान खरीद प्रणाली में वित्तीय अनियमितता का एक बड़ा मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ कानूनी शिकंजा कस दिया है।प्रखंड की महेशपुर पंचायत के पैक्स गोदाम में वित्तीय सत्र 2022-23 के दौरान हुए 1 करोड़ 26 लाख रुपये की भारी हेरफेरी और धान गबन (धान घोटाला) मामले में नामजद अभियुक्त व पूर्व पैक्स अध्यक्ष कुंदन प्रसाद साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सहकारिता विभाग की ऑडिट और भौतिक सत्यापन के दौरान यह बात सामने आई थी कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में किसानों से धान खरीद और गोदाम में भंडारण के रिकॉर्ड में भारी हेरफेरी की गई थी. कागजों पर धान दिखाकर सरकारी राशि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया था. आरोपी की तलाश में डंडखोरा थाना और कटिहार नगर थाना की पुलिस ने एक संयुक्त विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कटिहार के तीनगछिया क्षेत्र में छापेमारी की, जहां आरोपी अपने नए मकान के निर्माण कार्य की देखरेख कर रहा था. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान महेशपुर पंचायत के टिकैली गांव निवासी कुंदन प्रसाद साह के रूप में हुई है, जो महेशपुर पैक्स के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं. पैक्स गोदाम से सरकारी अनाज (धान) के अवैध गायब होने और वित्तीय धोखाधड़ी के ठोस सबूत मिलने के बाद विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गया था।

### समेली में एक दिन में तीन सड़क हादसे, चार घायल, हाईवा की टक्कर के बाद सड़क जाम



**कटिहार**। पोठिया थाना क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सबसे गंभीर हादसा चांदपुर चौक के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंगरा टीनटेंगा निवासी चंदन कुमार ठाकुर अपने एक साथी के साथ बाइक से टीकापट्टी जा रहे थे। बाइक पर कच्चे आम का बोरा भी लदा हुआ था। चांदपुर चौक के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद चंदन कुमार ठाकुर हाईवा में फंस गए और करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ सवार व्यक्ति को भी चोटें आईं। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने एसएच-77 को जाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक सड़क पर आवागमन ठप रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। इसी दौरान एनएच-31 स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप बाइक और मैजिक पिकअप के बीच हुई टक्कर में छोहार निवासी मनोहर यादव एवं नवगछिया के तेतरी निवासी सदानंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं तीसरी दुर्घटना बखरी मोड़ के पास हुई। सड़क पर अचानक एक बकरी आ जाने से उसे बचाने के प्रयास में एक टोटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कुरसेला के तीनघरिया निवासी चालक फूलो मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घटनाओं के घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस सभी मामलों की जांच में जुटी हुई है।

### शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यमः लखेंद्र पासवान

**कटिहार**। बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री लखेंद्र पासवान आज पटना के महेंद्रू स्थित डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास पहुंचे। यहाँ वे थियोसोफिकल छात्रावास, अरफाबाद GW छात्रावास, सैदपुर छात्रावास, ढेलवा गोसाईं छात्रावास एवं बाढ़ छात्रावास के पूर्ववर्ती (पुराने) छात्रों द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। इस गरिमामयी अवसर पर विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित एवं नियुक्ति प्राप्त करने वाले सैकड़ों प्रतिभावान युवाओं को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित वर्तमान एवं पूर्ववर्ती छात्रों, शिक्षकों तथा छात्रावास प्रबंधन से संवाद करते हुए माननीय मंत्री जी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल व जनसेवा से परिपूर्ण भविष्य की कामना की।

**कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प की जीतः** इस अवसर पर बोलते हुए श्री लखेंद्र पासवान ने कहा, ""बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 'अंतिम व्यक्ति के विकास' के सपने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार धरातल पर उतार रही है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि बिहार के सभी प्रखंडों (Blocks) में डॉ अंबेडकर कल्याण छात्रावास और सभी विधानसभा क्षेत्रों में डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही, 'नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम' के तहत समाज के 123 मेधावी बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है, जिसपर सरकार प्रति छात्र 1 करोड़ रुपये खर्च करेगी। हमारा विभाग 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र के साथ युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।" मंत्री जी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। राज्य सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक छात्रावास सुविधाएँ एवं सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, ताकि अधिक से अधिक युवा उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकें।

**छात्रों ने जताया सरकार की योजनाओं के प्रति आभारः** कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के छात्रों ने कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों की खुलकर सराहना की। छात्रों ने विशेष रूप से नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप, योजना के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया, जिसने वंचित वर्ग के छात्रों के लिए विदेश में पढ़ने के रास्ते खोले हैं।

## अमावां संगत से अर्जित 10 वर्षों के हिसाब किताब में गड़बड़ी है अशांति का कारण

# गांव में लोग दो गुटों में बंटे, तीन दिनों में तीन एफआईआर दर्ज, दर्जनों लोग नामजद

### ● एसडीपीओ व थानाध्यक्ष संगत पहुंचे, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमावां गांव स्थित संगत में बीते एक माह से दो महंतों के बीच झगड़े को लेकर थाने में अबतक तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है,जिसमें दो एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी है। दर्ज प्राथमिकी को लेकर बुधवार को एसडीपीओ गुलशन कुमार और थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार पुलिस बलों के साथ अमावां गांव पहुंचे। पुलिस पदाधिकारियों ने गांव के लोगों से बातचीत किया एवं झगड़े की जड़ को समझने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने भी अपने अपने पक्ष पुलिस प्रशासन के समक्ष रखे। पुलिस बलों ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं कानूनी रूप से उपयुक्त फोरम में अपनी बात रखने की अपील की है।

**संगत से अर्जित संपत्ति का हिसाब नहीं देने पर उपजा विवाद** :- अमावां संगत में बीते 10 वर्षों से महंत के पद पर शक्ति मुनि दास आसीन थे। गांव के लोगों की कमिटी संगत की जमीन से अर्जित आय का ब्यौरा रखा करते थे। आरोप है कि कमिटी के नवल किशोर सिंह एवं अन्य कुछ लोगों द्वारा अर्जित आय का ब्यौरा बीते 10 वर्षों से सार्वजनिक नहीं किया गया था। साथ ही अपने कुकर्म को छुपाने के लिए दयानंद मुनि नामक व्यक्ति को षड्यंत्र रचकर प्रशासनिक सहयोग से बीते 19 मार्च 2026 को पदभार ग्रहण करवा दिया। इस दौरान चादरपोशी समेत अन्य कई पारंपरिक क्रियाएं नहीं की गई। इससे ग्रामीण दो गुटों में बंट गए,किंतु अधिकांश ग्रामीणों का मानना है कि वे पुराने महंत शक्ति मुनि दास को ही महंत पद पर देखना चाहते हैं। ग्रामीणों ने नवनियुक्त महंत दयानंद मुनि पर कई संगीन आरोप भी लगाते रहे हैं।

**15 मई को चादरपोशी के दौरान हुआ हंगामा** :- अमावां गांव के हजारों ग्रामीणों ने बीते 15 मई 2026 को पुराने महंत शक्ति मुनि दास को संगत में धूमधाम से चादरपोशी किया और नए महंत दयानंद मुनि का बहिष्कार किया। इस दौरान हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीचबचाव किया और मामले को नियंत्रित किया। इस प्रकरण को लेकर महंत दयानंद मुनि ने गांव के टिंकू राय,शंकर सिंह,मनोज सिंह,सोनू सिंह,मुन्ना सिंह, बड़न राजवंशी एवं तिनका रविदास के विरुद्ध थाना कांड संख्या 261/26 में प्राथमिकी दर्ज करवाई। बाद में 60-70 नाम और जोड़ने के लिए दूसरा आवेदन भी दिया।



ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीपीओ

**दोनों गुटों की ओर से हुई एससी-एसटी के तहत केस** :- पुलिस पदाधिकारियों के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 17 मई को अमावां निवासी लक्ष्मण राजवंशी ने रामसागर सिंह,सुजीत सिंह,राकेश सिंह,नीरज सिंह,धनंजय सिंह समेत अन्य लोगों पर मंदिर पर प्रवेश करने से रोकने एवं मारपीट कर छिनतई करने का आरोप लगाया। वहीं दूसरी ओर अगले ही दिन 18 मई को गयाजी जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी रामजी मांझी ने शंकर सिंह, मुन्ना सिंह, बौद्धू सिंह, रामजी यादव, सुमन सिंह , सातो सिंह समेत अन्य पर राशन का समान खरीदने के दौरान मारपीट एवं छिनतई का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों मामलों में एसएसी-एसटी एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली।

**एसडीपीओ ने ग्रामीणों से शान्ति बनाए रखने की अपील की** :- एसडीपीओ गुलशन कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत कर सभी बिंदुओं पर जानकारी ली। साथ ही कहा कि संगत में नवनियुक्त महंत के पदस्थापना से ग्रामीणों में रोष था। महंत द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इसी आलोक में वे अमावां संगत आए थे। एसडीपीओ ने ग्रामीणों से अपील किया कि वे महंत पद के लिए आपस में झगड़ा ना करें,बल्कि उचित फोरम में जाकर कनूनी रूप से अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि अमावां संगत में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### रजौली में पुलिस की कार्रवाईः 125 लीटर देशी शराब व तीन बाइक जब्त, तस्कर फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ जोगियामारण के भड़रा गांव स्थित गौतम पहाड़ी के पास मंगलवार रात छापेमारी, प्राथमिकी दर्ज

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भड़रा गांव स्थित गौतम पहाड़ी के समीप पुलिस ने मंगलवार रात शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी में तीन मोटरसाइकिल और उजले रंग के प्लास्टिक पाउच में बंद 125 लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गौतम पहाड़ी के पास शराब की बड़ी खेप की तस्करी की जा रही है। सूचना के आलोक में पुलिस बल के साथ मंगलवार रात छापेमारी की गई। मौके से शराब लदी तीन बाइक जब्त की गईं। पाउच में पैक कुल 125 लीटर देशी शराब बरामद हुई।

थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस बलों को आता देखकर भागे शराब तस्करों को चिन्हित कर लिया गया है। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार और तस्करी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि शराब तस्करी की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### छिनतई कांड का खुलासाः पांच आरोपी गिरफ्तार दो मोबाइल, दो बाइक व सोने का लॉकेट बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। नवादा पुलिस ने नरहट थाना क्षेत्र में हुई छिनतई की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से घटना में छीने गए दो मोबाइल फोन, एक सोने का लॉकेट तथा वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। बरामद दोनों मोटरसाइकिल चोरी की निकली हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 21 मई 2026 को एक छात्र ने नरहट थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि कोचिंग से लौटने के दौरान जलालपुर गांव के समीप अज्ञात अपराधियों ने उसका मोबाइल फोन और गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। इस संबंध में नरहट थाना कांड संख्या 156/26 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष गौतम कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार छापेमारी, तकनीकी अनुसंधान और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए 9 जून को घटना में संलिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सभी आरोपितों ने छिनतई की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर छीने गए दो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि छिनतई के दौरान छीना गया सोने का लॉकेट वजीरगंज बाजार में करीब सात हजार रुपये में बेच दिया गया था। पुलिस ने लॉकेट को भी बरामद कर लिया है। वाहनों के सत्यापन के दौरान दोनों मोटरसाइकिल चोरी की पाई गईं। इनके संबंध में वारसलीगंज थाना में कांड संख्या 103/26 एवं 104/26 पहले से दर्ज है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपित अखिलेश कुमार उर्फ बाजो, निवासी करिसोवा, थाना वजीरगंज, जिला गया, राहुल कुमार, निवासी करिसोवा, थाना वजीरगंज, जिला गया, अजय कुमार, निवासी करिसोवा, थाना वजीरगंज, जिला गया, मंटू कुमार, निवासी अंबेडकर नगर खजुरी, थाना वजीरगंज, जिला गया, नीतिश कुमार, निवासी अंबेडकर नगर खजुरी, थाना वजीरगंज, जिला गया का रहने वाला बताया जा रहा है।




आरोपित के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते एसडीपीओ रजौली

### बच्ची बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा पलटा, एक बुजुर्ग एवं दो बच्चे समेत पांच गम्भीर रूप से घायल, सभी रेफर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एसएच-70 पर बैरिया मोड़ के समीप बुधवार की शाम लगभग 5 बजे रजौली की ओर आ रहा एक ई-रिक्शा सड़क पार कर रही बच्ची को बचाने के क्रम में पलट गया। हालांकि इस सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा पर सवार रहे चार लोगों के अलावे सड़क पार कर रही बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सूरज कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी स्व. मुन्ना महतो के पुत्र मोती प्रसाद,मोती प्रसाद के पुत्र मिट्ठू कुमार, करमा कला गांव निवासी आशा कुमारी और आशा की 6 वर्षीय पुत्री आरोही कुमारी है। वहीं सड़क पार करने के दौरान ई रिक्शा से घायल 6 वर्षीय नंदिनी कुमारी है। घायल मोती प्रसाद के कमर व पैर, मिट्ठू कुमार के दोनों पैर व हाथ एवं आशा कुमारी के पैर में गम्भीर चोटें आई है। वहीं घायल दोनों बच्चियों के सिर में गम्भीर चोटें आई है। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज के दौरान मलहम-पट्टी कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है। घायलों के गम्भीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल में घायलों ने बताया कि वे करमा कला से रजौली की ओर गांव के ही एक ई-रिक्शा से जा रहे थे। इसी बीच बैरिया मोड़ के समीप एक बच्ची अचानक सड़क पार करने लगी। इस दौरान ई-रिक्शा चालक हड़बड़ा गया और ई-रिक्शा बच्ची से टकराकर सड़क पर पलट गई। सड़क दुर्घटना के बाद ई-रिक्शा चालक घायलों को सड़क पर छोड़कर भाग खड़ा हुआ है। अस्पताल पहुंचे घायलों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस बलों को मामले की जानकारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं।



अस्पताल में इलाजरत घायल लोग

### भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित पीएम के रूप में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 जून 2026 तक 4,399 दिनों (लगभग 12 वर्ष) के निरंतर कार्यकाल के साथ भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके 12 वर्षों के 'प्रधान सेवक' के रूप में समर्पण, सुशासन और राष्ट्र-निर्माण को समर्पित है।ऐतिहासिक कीर्तिमान और उपलब्धियां भरा है।सबसे लंबा कार्यकाल लगातार सर्वाधिक दिनों तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहा है।

जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में बुनियादी ढांचे,डिजिटल इंडिया, और कल्याणकारी योजनाओं के



माध्यम से "नया भारत" और "विकसित भारत" का संकल्प आगे बढ़ाना।ऐतिहासिक निर्णयः अनुच्छेद 370 और 35A को हटाना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता।

जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को मजबूत करना और वैश्विक नेतृत्व में भूमिका।

जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और शुभकामनाएँ दिया है।

## सभी 14 प्रखंडों में दो दिवसीय जन-कल्याण शिविर, आवेदन से लाभ वितरण तक होगी सुविधा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति एवं लाभार्थियों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से दिनांक 17 एवं 18 जून, 2026 को जिले के सभी 14 प्रखंडों में एक साथ प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी, लंबित प्रकरणों के निष्पादन तथा लाभ वितरण की कार्रवाई की जाएगी।

शिविर में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड (70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों हेतु), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएँ, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजनाएँ, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएँ, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (BOCW) की योजनाएँ, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रत्येक योजना के लिए पृथक काउंटर स्थापित करने तथा प्रत्येक काउंटर के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षित स्वयंसेवक एवं कर्मी लाभार्थियों को सही काउंटर तक पहुँचाने, आवेदन प्रपत्र भरने तथा आवश्यक दस्तावेजीकरण में सहयोग प्रदान करेंगे।




जिला पदाधिकारी ने शिविर स्थल पर मेडिकल स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। मेडिकल स्टॉल में प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच जैसे रक्तचाप, शुगर परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बैठक में सभी प्रखंडों में शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभार्थियों को यह जानकारी पूर्व से उपलब्ध कराने को कहा गया कि वे शिविर में भाग लेने के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र अपने साथ अवश्य लाएँ, ताकि आवेदन, निबंधन एवं लाभ वितरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में 5.22 लाख लाभार्थियों को मिला फायदा, सीधे खाते में पहुंची पेंशन की राशि
हर महीने की 10 तारीख को मिलेंगे पैसे




**गयाजी**। बिहार सरकार ने राज्य के वृद्धों, विधवाओं व दिव्यांगों को आर्थिक संबल देने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट घोषणा की है कि अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को अपनी पेंशन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। अब हर महीने की ठीक 10 तारीख को पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर (डीबीटी) कर दी जाएगी। इस कड़ी मे 10 जून 2026 को मुख्यमंत्री की ओर से मई 2026 की पेंशन राशि के डिजिटल हस्तांतरण को लेकर एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गया के कलेक्ट्रेट सभागार में देखा और सुना गया। इस अवसर पर गया के डीएम शशांक शुभंकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। गया समाहरणालय सभागार में जिला प्रशासन की ओर से टीवी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के इस वर्चुअल कार्यक्रम के प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 150 पेंशनधारियों ने हिस्सा लिया। जैसे ही मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में राशि भेजी और हर महीने की 10 तारीख को पेंशन देने का संकल्प दोहराया, तो पूरा सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम में आए सभी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था, नाश्ता और पेयजल आदि का प्रबंध किया गया था।

### नालंदा में पार्किंग विवाद को लेकर भिड़े दो पक्ष, लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर किया हमला, एक पक्ष ने लहराई पिस्टल



**नालन्दा**। नालंदा के वास्तु विहार कॉलोनी में पार्किंग के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच न सिर्फ जमकर लाठी-डंडे चले, बल्कि सरेआम पिस्तौल भी लहराई गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, कॉलोनी के रहने वाले पप्पू पासवान ने अपने निर्धारित पार्किंग स्थल पर गाड़ी खड़ी की थी। आरोप है कि वास्तु विहार के सेल्स मैनेजर अक्सर उस जगह पर किसी बाहरी व्यक्ति की गाड़ी लगवा देते थे। विवाद उस समय और बढ़ गया जब पार्किंग स्थल की बाउंड्री को तोड़ा जाने लगा। इसी बात का विरोध करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वारदात में शामिल दोनों पक्ष के लोग हाथों में लाठी-डंडे और पिस्तौल लेकर एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। दिनदहाड़े हथियार लहराए जाने से कॉलोनी के अन्य निवासियों में दहशत का माहौल है। नालंदा थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को दोनों पक्षों की ओर से लिखित शिकायत मिली है। इसमें एक तरफ से वास्तु विहार के सेल्स मैनेजर और दूसरी तरफ से एक महिला ने आवेदन दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदनों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। वायरल वीडियो के आधार पर पिस्तौल लहराने और मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है, और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर बाइक सवार की मौत, देर रात काम से लौटने के बाद ट्रक से टकराया युवक



**नालंदा**। नालंदा में एसएच-78 बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर सरमेरा थाना क्षेत्र के बढ़हिया गांव के पास मंगलवार की रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बढ़हिया गांव निवासी पंजाबी सिंह के 25 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई अभिराम शर्मा ने बताया कि गुलशन गांव के ही पास स्थित 'महादेव ढाबा' में काम करता था। देर रात वह ढाबे से अपना काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान बढ़हिया गांव के समीप सड़क के बीचो-बीच पहले से खराब खड़ी एक ट्रक से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गुलशन की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त ट्रक दिन से ही बीच सड़क पर ब्रेकडाउन की अवस्था में खड़ी थी। उसे सड़क से हटाने या कोई संकेतक लगाने की कोई कवायद नहीं की गई। यह पूरी तरह से प्रशासनिक विफलता है, जिसने एक युवक की जान ले ली। गुलशन तीन भाइयों में सबसे छोटा था और ढाबे पर काम कर परिवार की आजीविका में हाथ बंटाता था। उसके पिता पंजाबी सिंह पेशे से किसान हैं। इस हादसे ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है, क्योंकि ठीक 4 साल पहले गुलशन के एक बड़े भाई की भी करंट लगने से मौत हो चुकी थी। दूसरे बेटे की मौत के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही सरमेरा थाना की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। सरमेरा थाना अध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक और बीच सड़क पर खड़ी ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। परिजनों से आवेदन प्राप्त होने के बाद विधि सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पिपरहेट जंगल लूटकांड का 24 घंटे में खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। छकरबंधा थाना क्षेत्र के पिपरहेट जंगल में हथियार के बल पर हुई लूट की वारदात का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, तीन लूटे गए मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ धीरज कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि 8 जून को पीड़ित ने छकरबंधा थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि पिपरहेट जंगल में नीतीश कुमार और उसके साथियों ने हथियार का भय दिखाकर मोबाइल फोन एवं अन्य सामान लूट लिया।



मामले को गंभीरता से लेते हुए छकरबंधा थाना कांड संख्या-18/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निर्देश पर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। छकरबंधा थानाध्यक्ष शमशेर आलम, तकनीकी शाखा तथा अन्य पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीम ने सूचना संकलन और लगातार छापेमारी कर घटना के मात्र 24 घंटे के भीतर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान छकरबंधा थाना क्षेत्र निवासी नीतीश कुमार, ओमाशिष रंजन उर्फ गुड्डू, अजीत कुमार उर्फ गोरेलाल तथा इमामगंज थाना क्षेत्र के आदवा गांव निवासी ऋतिक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान ओमाशिष रंजन उर्फ गुड्डू की निशानदेही पर उसके घर के समीप खेत में आम के पेड़ के नीचे छिपाकर रखे गए एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा लूटे गए तीन मोबाइल फोन तथा घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई।

एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के विरुद्ध पूर्व से भी विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इस कांड में शामिल अन्य फरार अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

## ऑटो पलटने से एक की मौत, वाहन फिटनेस सेंटर के पास हादसा
### चार लोग घायल, चालक गाड़ी के साथ फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के रहुई में बिहटा-सरमेरा मार्ग पर बुधवार की सुबह को एक ऑटो पलट गई। जिसमें एक युवक की जान चली गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना वाहन फिटनेस सेंटर के पास हुआ। वहीं घटना के बाद ऑटो चालक ऑटो के साथ फरार हो गया। मृतक की पहचान शेखपुरा जिले के ढ़ौसा गांव निवासी राजीव कुमार के 22 वर्षीय पुत्र जोगिंदर कुमार के रूप में हुई।

**घायलों को अस्पताल में किया गया भर्ती**: थाना प्रभारी ललित विजय ने बताया कि सभी घायलों को निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। जोगिंदर कुमार को गंभीर हालत में मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**मेला देखकर बहनोंई के घर जा रहा था मृतक**: मृतक के परिजन ने बताया कि जोगिंदर कुमार



राजगीर मलमास मेला देखकर अपने बहनोई के घर दरबे-भदौर जा रहे थे। इसी दौरान रहुई स्थित वाहन फिटनेस सेंटर के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

**मामले पर पुलिस ने क्या कहा ?**: थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें सदर अस्पताल के कर्मियों से मिली। दुर्घटना के बाद पुलिस को किसी ने सीधे सूचना नहीं दी थी। सूचना मिलने पर एसआई उपेंद्र कुमार को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां कागजी कार्रवाई पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना स्थल से ऑटो चालक ऑटो लेकर फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# शहीद बलराम यादव की 33वीं शहादत दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डोभी**। प्रखंड क्षेत्र के जयरामगिरी उच्च विद्यालय परिसर में समाजसेवी एवं जनप्रिय व्यक्तित्व शहीद बलराम यादव की 33वीं शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गया जिला परिषद के उपाध्यक्ष शीतल यादव भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद बलराम यादव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके समाज सेवा, न्यायप्रियता और जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख अनुग्रह यादव, पूर्व उप-प्रमुख बाल किशुन यादव, युवा नेता भगत यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल यादव, पुरुषोत्तम पाठक सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि शहीद बलराम यादव ने हमेशा




जाति-पाति और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों की सेवा की। वे गांवों में आपसी विवादों को सुलझाने, कमजोर और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर सक्रिय रहते थे। वक्ताओं ने कहा कि उनकी लोकप्रियता, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना से असामाजिक तत्व परेशान रहते थे। इसी कारण 10 जून 1993 को उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। हालांकि उनका संघर्ष, सेवा और न्याय का संदेश आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल यादव ने कहा कि बलराम यादव जैसे समाजसेवी सच्चे जननेता थे, जिन्होंने समाज हित को हमेशा व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में न्याय, भाईचारे तथा सेवा की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद बलराम यादव के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता, न्याय एवं सद्भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।

### केस से नाम हटाने के नाम पर रिश्वतखोरी का खेल बेनकाब
# बेलागंज का चौकीदार 9 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। बेलागंज थाना क्षेत्र में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चौकीदार को 9 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चौकीदार की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, क्योंकि मामले में थाने के एक सहायक पुलिस अवर निरीक्षक (एएसआई) की भूमिका भी सामने आई है।

निगरानी विभाग के डीएसपी समीर चंद्र झा ने बताया कि बेलागंज थाना में दर्ज कांड संख्या 689/23 एक भूमि विवाद से संबंधित मामला है। आरोप है कि इस मामले में परिवादी रविंद्र यादव के पुत्र का नाम केस से हटाने के बदले 12 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। इसमें से 3 हजार रुपये पहले ही लिए जा चुके थे, जबकि शेष 9 हजार रुपये देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

इससे परेशान होकर परिवादी ने पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद विभाग ने गोपनीय जांच कराई, जिसमें रिश्वत मांगने का आरोप सही पाया गया। इसके बाद निगरानी टीम ने बेलागंज थाना के समीप स्थित अस्पताल परिसर में जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार जैसे ही परिवादी ने चौकीदार मनीष कुमार को रासायनिक पदार्थ लगे 9 हजार रुपये दिए, मौके पर मौजूद निगरानी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान


ब्लू शर्ट में पकड़ा गया चौकीदार।

अस्पताल और थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गई तथा बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए।

डीएसपी समीर चंद्र झा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चौकीदार केवल माध्यम के रूप में सामने आया है। मामले के अनुसंधानकर्ता बेलागंज थाना के एएसआई अशोक कुमार हैं और जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उन्हीं के निर्देश पर चौकीदार रिश्वत की राशि ले रहा था।

निगरानी विभाग ने कहा है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तार चौकीदार को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पटना ले जाया गया है। वहीं, मामले में संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विदाई से पहले कैश-गहने लेकर दुल्हन फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी में शादी के नाम पर राजस्थान के एक युवक और उसके परिवार से लाखों रुपए की ठगी हो गई। राजस्थान के टोंक जिले के रहने वाले संजय पटवा सोमवार रात परिवार के साथ बेलागंज के दरियापुर गांव बारात लेकर पहुंचे थे। दोनों पक्षों की मौजूदगी में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की सारी रस्में पूरी हुईं, सिंदूरदान हुआ, लेकिन विदाई से पहले दुल्हन और उसका पूरा परिवार लाखों रुपए के गहने, कपड़े और कैश लेकर फरार हो गया।

दूल्हे का आरोप है कि उन्होंने दुल्हन को मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल समेत कई गहने और कपड़े दिए थे। इसके अलावा दुल्हन के घर वालों को ऑनलाइन 1.10 लाख रुपए शगुन के रूप में भेजे गए थे। दूल्हे ने बेलागंज थाने में शिकायत की है। दुल्हन की विदाई से पहले लड़की वालों ने संजय पटवा के परिवार से कहा- 'लड़की कपड़ा बदल रही है', लेकिन जब लड़की बाहर नहीं आई तो दूल्हे के परिवार वालों को शक हुआ। कमरे में जाकर देखा तो ताला लटका था। सभी फरार हो गए थे।



**कोडरमा की 'पारो' थी मास्टरमाइंड**: पीड़ित पक्ष के अनुसार, इस पूरे मामले की कथित मास्टरमाइंड झारखंड के कोडरमा की रहने वाली पारो नामक महिला है। पारो ने संजय पटवा और उसके परिवार को गया में एक युवती से शादी कराने का भरोसा दिलाया था। परिजनों का कहना है कि पारो ने बताया था कि बेलागंज थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में एक गरीब परिवार की लड़की है, जिससे वह संजय की शादी करा सकती है। जिसके बाद संजय अपने परिजनों के साथ सोमवार रात कार से बेलागंज पहुंचे।

लड़के के घर वालों ने बताया कि वो सोमवार की रात राजस्थान बेलागंज पहुंचे। हमें रिसीव करने एक लड़का आया और हमलोगों को एक गांव ले गया। संजय पटवा ने बताया, "रात करीब 11:30 बजे हम लोग गांव पहुंचे। वहां का माहौल सामान्य नहीं लगा। न बारात के स्वागत में कोई खड़ा था, न ही नाश्ता-पानी बारात को दिया गया। हमलोग जैसे ही पहुंचे जल्दी शादी करने का दबाव बनाया जाने लगा। जब दूल्हे पक्ष ने कुछ समय मांगा तो लड़की पक्ष के लोग नाराज हो गए और कहा कि पहले शादी करनी होगी, नहीं तो शुभ मुहूर्त निकल जाएगा। इसके बाद रात करीब 3:30 बजे जल्दबाजी में हिंदू रीति-रिवाज से शादी हुई।

**कैश की जगह मांगा ऑनलाइन पेमेंट, गहने भी समेटे**: पीड़ित दूल्हे ने बताया कि शादी तय होने के दौरान लड़की वालों ने 1.10 लाख रुपए की मांग की थी। संजय ने सुरक्षा के लिहाज से यह रकम कैश न देकर सीधे लड़की के नंबर पर ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा दूल्हे ने दुल्हन को सोने-चांदी का मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल और ढोलना (करीब 90 हजार रुपये के आभूषण) और कीमती कपड़े भी दिए।

**'हल्की साड़ी' पहनाने के बहाने अंदर गई और भाग निकली**: शादी के अगले दिन यानी मंगलवार सुबह दोनों पक्षों की सहमति से विदाई होनी थी। सुबह जब दूल्हे ने विदाई की बात कही, तो लड़की वालों ने कहा, "सफर लंबा है, शादी का भारी जोड़ा उतारकर लड़की को हल्की साड़ी पहना देते हैं। आप लोग गाड़ी में बैठिए।" दुल्हन अंदर गई, लेकिन 20-25 मिनट तक जब कोई बाहर नहीं आया तो दूल्हे की भाभी अंदर देखने गईं। अंदर का नजारा देख सबके होश उड़ गए। घर पूरी तरह सूना था, सारे दरवाजे खुले थे और पीछे के रास्ते से दुल्हन लक्ष्मी, चंदीराय, पारो और उसके सभी परिजन गायब हो चुके थे। घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लटका था।

**डायल 112 को सूचना, जांच में जुटी पुलिस**: ठगे जाने का अहसास होते ही पीड़ित दूल्हे ने तुरंत 'डायल 112' को फोन कर मामले की जानकारी दी और बेलागंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। बेलागंज के थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। दूल्हे के पास शादी की तस्वीरें और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के पुख्ता सबूत मौजूद हैं, जिनके आधार पर पुलिस जालसाजों की तलाश कर रही है।

## नालंदा में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में बिहटा-सरमेरा टू-लेन (एसएच-78) पर बुधवार की अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां बिंद थाना क्षेत्र के फोरलेन चौक के समीप एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को बुरी तरह कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 20 वर्ष के आसपास बताई जा रही है, हालांकि खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना के संबंध में बिंद थाना अध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि सुबह ग्रामीणों के जरिए सूचना मिली कि फोरलेन चौक के पास एक युवक का शव लहूलुहान स्थिति में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।

शुरुआती जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से पुलिस ने बताया कि युवक पैदल ही सड़क पार कर रहा था, तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय



स्तर पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन आसपास के किसी भी व्यक्ति ने शव की पहचान नहीं की है।

**पहचान के लिए सोशल मीडिया और थानों की ली जा रही मदद**: पुलिस ने शव को पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम और पहचान के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों को सूचित कर दिया गया है, साथ ही सोशल मीडिया ग्रुप्स का भी सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवक की पहचान होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वह कहां का रहने वाला था और अहले सुबह किस काम से वहां आया था। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

# ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना पर 15 लाख तक सब्सिडी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन परिचालन नीति के तहत राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल की गई है। सरकार ने साल 2030 तक कुल वाहनों में 30 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क का मजबूत जाल बिछाया जा रहा है। इस योजना की सबसे खास बात यह है कि अब आम लोग भी अपने निजी भवनों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर सकते हैं, जिसके लिए केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आकर्षक अनुदान दिया जाएगा। इस संबंध में परिवहन विभाग ने जिला परिवहन कार्यालय को पत्र भेजकर नई गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी साझा की है।

**इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क की स्थापना से संबंधित गाइडलाइन जारी**: परिवहन विभाग की इस नई पहल की जानकारी देते हुए डीटीओ रंजीत कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क की स्थापना से संबंधित गाइडलाइन जारी कर दी गई है। पर्यावरण संरक्षण और



पर्यावरण-अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न श्रेणियों के स्टेशनों की स्थापना पर 75 हजार से लेकर 15 लाख तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। नियमों के अनुसार पेट्रोल पंप, हाउसिंग सोसाइटी, होटल, मोटल, बस टर्मिनल, व्यावसायिक क्षेत्रों और सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर कोई भी इच्छुक व्यक्ति या संस्था चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर सकती है। इसके लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद पर अधिकतम 2.25 लाख तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा, जबकि बड़े कमर्शियल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर 10 लाख से 15 लाख तक की भारी-भरकम सब्सिडी मिलेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसके बाद ही प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जाएगी।

**निजी और आवासीय परिसरों में भी चार्जिंग पॉइंट बना सकते हैं**: नई नीति के तहत आम नागरिक अपने निजी और आवासीय परिसरों में भी चार्जिंग पॉइंट बना सकते हैं। आवासीय भवनों के मालिक, आवासीय कल्याण संघ और सहकारी गृह निर्माण समितियां अपने निजी इस्तेमाल के लिए इसे स्थापित कर सकती हैं। हालांकि, इसके लिए एक अनिवार्य शर्त यह रखी गई है कि संबंधित परिसर में कम से कम पांच कारों के बराबर पार्किंग स्पेस उपलब्ध होना चाहिए। इस प्रावधान के तहत भी निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा अपने पार्किंग क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए संबंधित सक्षम विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत किया जाएगा। सरकार के इस कदम से जहां एक तरफ बुनियादी ढांचे का विकास होगा, वहीं दूसरी तरफ आम लोगों के लिए ईवी चार्जिंग की राह आसान हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आधा दर्जन लोगों पुलिस ने एसडीएम कोर्ट में किया प्रस्तुत

**राजपुर।** क्षेत्र अंतर्गत दो पक्षों के बीच मारपीट किये जाने मामले को लेकर स्थानिय पुलिस ने डिहरी गांव के आधा दर्जन लोगों को बॉड हेतु एसडीएम कोर्ट में प्रस्तुत किया. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया की डिहरी गांव में दो पक्ष के लोग आपसी विवाद को लेकर विगत तीन दिनों से आपस में मारपीट गाली गलौज करते हुए हिंसात्मक रवैया अपनाये हुए हैं.जिसको लेकर दोनों पक्ष ने पुलिस को एफआईआर के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। मामले में निरोधात्मक कारवाई करते हुए गांव निवासी एक पक्ष के मिथिलेश राम, संजय राम,अजय राम,रामजीत राम सभी पिता दुलारचन्द राम एवं सुषमा देवी एवं दुसरे पक्ष के रोशन राम,पियारचन्द राम दोनों पिता स्वर्गीय रामकिशुन राम,जेपी कुमार राम एवं बसंती देवी को हिरासत में लेकर बॉड डाउन के लिए एसडीएम कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

### 16 किलोमीटर दौड़ प्रशिक्षण के दौरान हीट स्ट्रोक का कहर, 5 से अधिक प्रशिक्षु जवान बेहोश, एक की हालत गंभीर

**डेहरी/रोहतास।** रोहतास जिले के डेहरी स्थित बीएसएपी-2 में प्रशिक्षण के दौरान हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से 5 से अधिक प्रशिक्षु जवान बेहोश हो गए। सभी जवानों को तत्काल उपचार के लिए डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल तथा सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इनमें श्री राम कुमार नामक एक प्रशिक्षु जवान की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है, जिसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, बीएसएपी-2 में शुक्रवार की सुबह प्रशिक्षु जवानों का 16 किलोमीटर दौड़ प्रशिक्षण चल रहा था। सुबह से ही तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण कई जवान दौड़ के दौरान अचानक गिरने लगे। साथ चल रहे प्रशिक्षकों की नजर पड़ते ही तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और सभी प्रभावित जवानों को अस्पताल पहुंचाया गया। सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती जवानों का चिकित्सकीय निगरानी में इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश जवानों की स्थिति सामान्य है, लेकिन एक जवान की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस संबंध में सासाराम के एसडीपीओ-1 विप्लव कुमार ने बताया कि फिलहाल सदर अस्पताल में तीन प्रशिक्षु जवानों का इलाज चल रहा है। इनमें एक जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे वाराणसी रेफर किया गया है। वहीं सदर अस्पताल की चिकित्सक डॉ. प्रिया रंजन ने बताया कि सभी प्रभावित जवानों का उपचार किया जा रहा है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### सासारामः त्योहार से पहले हर बार वही समस्याएं, जनता ने उठाए व्यवस्था पर सवाल

**सासाराम ।** सासाराम की जनता का कहना है कि हर पर्व-त्योहार से पहले आयोजित शांति समिति की बैठकों में पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं को बार-बार उठाना पड़ता है, लेकिन धरातल पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। लोगों का मानना है कि ये समस्याएं केवल पर्वों के समय की नहीं, बल्कि रोजमर्रा की हैं, जिनका स्थायी समाधान होना चाहिए। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब शहर में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहते हैं, तो क्या उन्हें इन समस्याओं की जानकारी नहीं है? यदि नियमित रूप से निगरानी और कार्यवाही होती, तो हर बार शांति समिति की बैठक में एक ही मुद्दों को दोहराने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बिजली व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि शहर में चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड बिजली के तार बिछाने की योजना पर काम किया जाए, तो आंधी-बारिश और पर्वों के दौरान बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं में काफी कमी आ सकती है। लोगों का यह भी कहना है कि पर्वों के नाम पर अस्थायी व्यवस्थाओं पर खर्च करने के बजाय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि जनता को स्थायी राहत मिल सके। उनका मानना है कि यदि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दें, तो लोगों में असंतोष की स्थिति भी कम होगी। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभागों से इन मूलभूत समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

### खेरिया गंगा घाट पर कटावरोधी कार्य का अधिकारियों ने लिया जायजा

**कुरसेला (कटिहार):** प्रखंड क्षेत्र के खेरिया गंगा घाट पर करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे कटावरोधी कार्य का बुधवार को संबंधित अधिकारियों ने निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अंचल पदाधिकारी अनुपम कुमारी ने फ्लड एंड फाइटिंग विभाग के एसडीओ अमित कुमार, कनीय अभियंता (जेई) सत्यनारायण कुमार सिंह मौजूद थे। सीओ ने खेरिया घाट पर बनाए जा रहे ठोकर (स्पर) निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा निर्माण की प्रगति की जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर मौजूद तकनीकी कर्मियों एवं संवेदक से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मौके पर एसडीओ अमित कुमार ने जेई सत्यनारायण कुमार सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि कटावरोधी कार्य पूरी तरह निर्धारित मानकों और तकनीकी गुणवत्ता के अनुरूप कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कार्य में तेजी लाते हुए बाढ़ के मौसम से पहले इसे हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी सुश्री अनुपम कुमारी ने कहा कि गंगा नदी के कटाव से आसपास के गांवों और किसानों की जमीन को बचाने के लिए यह परियोजन चल रहा है। समय पर कार्य पूरा होने से संभावित बाढ़ और कटाव से क्षेत्र को काफी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी को सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा कार्यस्थल पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# खेत मे धान की बिचड़ा पटवन के दौरान किसान को लगा करंट, हुई मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस थाना क्षेत्र के ममरेज पुर गांव के बधार मे नंगे तार के स्पर्श मे आने से एक 42 वर्षीय किशन की बुधवार को मौत हो गई।मृतक की पहचान ममरेज पुर निवासी पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र राम के भाई बीरेन्द्र कुमार भारती के रूप मे की गई है।

**खेत पटवन के दौरान हुई हादसा :** पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र राम ने बताया कि बिरेंद्र कुमार बुधवार सुबह धान का बिचड़ा पटाने के लिए बधार (खेत) गए थे. इसी दौरान खेत पटाने के लिए विद्युत पोल पर डंडे के सहारे मोटर का तार चढ़ा रहे थे, वो भूल गए कि दूसरा तार मेरे हाथो पड़ा है तभी तार में विद्युत धारा प्रवाहित करंट




आ गई जिसके चलते झुलस मूर्छित हो जमीन पर गिर पड़े, जब खेत घूमने गये दूसरे किसान ने देखा कि बीरेंद्र खेत मे पड़े हुए हैं, पास जा के देख तो मूर्छित अवस्था पड़े हुए है, उन्होने इसकी जानकारी परिजनो को दी जहां परिजनो ने उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां मौक पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनो को सौंप पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

**मृतक महीनो पूर्व भी आया था करंट के चपेट मे :** बताया जाता है कि मृतक वीरेंद्र कुमार भारती कई महीने पूर्व भी विद्युत करंट के चपेट में आकर झुलस गए थे जिसमें उनका हाथ और शरीर जल गया था, उस समय भी परिवार के द्वारा आनन फानन मे उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल ले जाया गया था जहां चिकित्सकों की अथक प्रयास के बाद उनकी जान बची थी।

## फाइनल नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट मे बहोरनापुर ने कथुआ को 21 रनो से हरा मारी बाजी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के अगरसीडिहरा पंचायत के निमिया में फाइनल नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट में बहोरनापुर ने कथुआ को हरा कप अपने नाम कर लिया है। फाइनल मैच का उद्घाटन कोचस जदयू के प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह ने किया। कमेटी के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि निमिया मे निमिया प्रीमियर लीग के बैनर तले नाइट क्रिकेट टूर्नामिंट मैच का आयोजन किया गया था, जहां बहोरनापुर और कथुआ के टिम फाइनल मे अपना जगह बना था, जबकि बीती रात उक्त दोनो टीम खेली जिसमे कथुआ ने टॉस जीत कर बहोरनापुर को दिया, बहोरनापुर ने 61 रनो का पारी खेल कथुआ के जीत के लिए 62 रनो का टारगेट दिया, लेकिन कथुआ की टीम ने 40 रनो पर जाकर ऑल आउट हो गई और बहोरनापुर की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।वही जीत दर्ज करने के बाद बहोरनापुर की टीम ने क्रिकेट मैदान पर जश्न मनाते हुए खूब आतिशबाजी की इस दौरान खिलाड़ियों ने भारत माता की जय की उद्घोष किया।

## अधिकारियों ने प्रखण्ड में संचालित स्वच्छता मिशन कार्यों का किया जांच



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर।** लोहिया स्वच्छ बिहार एवं स्वच्छ भारत मिशन अधिकारियों ने बुधवार को प्रखण्ड अन्तर्गत स्वच्छता को लेकर संचालित कार्य की जांच की गई.इस दौरान व्यक्तिगत घरों में निर्मित शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, कचरा प्रबंधन, डब्लूपीओ,सोखता आदी कई कार्यों की जांच हुई. जानकारी देते हुए एलएसबीए प्रखण्ड कोआर्डिनेटर राकेश कुमार ने बताया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबंधन जिला सलाहकार मो सहवाज द्वारा बरना पंचायत के लिए डिहरी गांव में निर्मित डब्लूपीओ,अमरपुर गांव स्थित निर्माणाधीन सामुदायिक स्वच्छता परिसर, पंचायत सरकार भवन स्थित सीएससी,राजपुर पंचायत के लिए निर्मित डब्लूपीओ,बरना, सबेया,अमरपुर गांव में हुए सोखता निर्माण, पंचायत के गांवों के महादलित घरों में निर्मित शौचालयों की जांच की गई. इस दौरान आधा दर्जन सोखता एवं दर्जन भर से अधिक घरों में शौचालय की जांच हुई.सभी घरों में शौचालय कार्यरत स्थिति में पाया गया. मौके पर बरना पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक बिनोद कुमार समेत कई अन्य कर्मी मौजूद रहे.

## भीम आर्मी + आजाद समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल DM से मिला, 5 मांगों का ज्ञापन सौंपा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बता दे कि बीते 8 मई 2026 को भारतमाला एक्सप्रेसवे के निर्माणाधीन स्थल ग्राम वर्ताली, चेनारी के पास PNC कंपनी की घोर लापरवाही के कारण 3 युवक हादसे का शिकार हो गए। मोटरसाइकिल सवार नेहाल आलम उम्र 18 वर्ष, नीतीश यादव और तस्लीम अंसारी - तीनों निवासी प्रखंड चेनारी, शिवसागर से चेनारी जा रहे थे। निर्माण स्थल पर न बैरिकेडिंग थी, न चेतावनी बोर्ड, न लाइटिंग। मोटरसाइकिल स्लिप होकर एक्सप्रेसवे द्वारा बनाए गए गड्ढे में जा गिरी।

हादसे में नेहाल आलम के सिर में सरिया घुस गया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी अन्य दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों इलाज वर्तमान में बनारस में चल रहा है, स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

**कंपनी का अमानवीय रवैया :** 10 एवं 11 मई को चेनारी थाना परिसर में हुई वार्ता में PNC के वरीय पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को



मुआवजा देने से साफ इनकार कर दिया। मानवीय संवेदना के आधार पर इलाज में भी मदद नहीं की गई।

**DM को सौंपा ज्ञापन, 5 दिन का अल्टीमेटम :** आज पूर्व चेनारी विधानसभा प्रत्याशी एवं भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित पासवान के नेतृत्व में भीम आर्मी रोहतास एवं आजाद समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी उदिता सिंह से मिला और निम्न मांगों का ज्ञापन सौंपाः

**मुआवजाः** NHAI नियमों के तहत PNC से मृतक के आश्रितों को 5-10 लाख रु. अनुग्रह राशि व घायलों का समुचित इलाज कराया जाए।

**नौकरी/पेंशनः** पीड़ित परिवार के 1 सदस्य को कंपनी में नौकरी या पेंशन की अनुशंसा की जाए।

**FIR पर कार्रवाईः** दोषी PNC अधिकारियों पर चेनारी थाना में दर्ज FIR के तहत त्वरित कार्रवाई हो।

**ब्लैक स्पॉट घोषितः** निर्माण स्थल को ब्लैक स्पॉट घोषित कर NHAI से तुरंत सुरक्षा उपाय करवाए जाएं - बैरिकेडिंग, लाइट, डायवर्जन।

**ट्रक परिचालन पर रोकः** आबादी वाले क्षेत्रों में ट्रक/हाइवा से मिट्टी ढुलाई तत्काल रोकी जाए। परिचालन केवल रात्रि में हो।

अमित पासवान ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ मुआवजे की नहीं बल्कि इंसाफ की है "PNC की लापरवाही ने एक घर उजाड़ दिए दो घायल है कंपनी को इंसान की जान की कोई कीमत नहीं। DM मैडम से आग्रह है कि 5 कार्य दिवस में कार्रवाई हो, वरना पीड़ित परिवार, भीम आर्मी और स्थानीय जनता के साथ PNC कैंप पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और PNC की होगी।

प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण कुमार आनन्द , गुड्डू रविदास , चन्दन सिंह जिला परिषद प्रतिनिधि चेनारी उतरी , अशद खान , रोहित पासवान , विकाश सिंह मौजूद रहे !

## नरेंद्र मोदी के दीर्घ कार्यकाल के लिए कार्यकर्ताओं ने किया पूजा-पाठ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर।** स्वतंत्र भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का 12 वर्ष पुरा करके सबसे लम्बे कार्यकाल तक निर्वाचित प्रधानमंत्री पद पर रहने की खुशी में बुधवार को राजपुर मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान जगन्नाथ जी मठ में पूजा-पाठ आयोजित किया गया.

मंडल अध्यक्ष रामजीत राय उर्फ पप्पू राय ने बताया कि पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ, यशस्वी, भारत के विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में जुटे ओजस्वी लीडर नरेंद्र मोदी जी ने इलेक्टेड तौर पर प्रधान मंत्री पद पर सबसे अधिक समय तक विराजमान हैं.जिस खुशी में भगवान जगन्नाथ जी दरबार में श्री रामचरितमानस सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया.भगवान का महा आरती कर भोग प्रसाद का



वितरण कराया गया. उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मोदी जी द्वारा रिकार्ड दिनों तक प्रधान मंत्री पद को सुशोभित करने की इच्छा रखते हुए उनके दीर्घायु होने की भगवान से प्रार्थना किये.

मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नवनीत राय उर्फ मंगरू राय, कुन्दन सिंह शनि वर्मा संजय पाण्डेय, बरदराज पाण्डेय, दीपक कुमार, अमित तिवारी संतोष कुमार सोनी,अनिल राय, विजय कुमार पाण्डेय उर्फ पिंटू पाण्डेय समेत दर्जनों अन्य मौजूद रहे.

## 12 साल बे मिशाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सेवक के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार की सुबह नगर भाजपा द्वारा आरा-सासाराम मुख्य मार्ग स्थित डीएसपी कार्यालय के समीप शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ,दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की ।हवन-पूजन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार गूंजता रहा । भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 12 वर्षों में विकास, सुशासन,आत्मनिर्भरता और वैश्विक



प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। गरीब कल्याण,आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से देश के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है । वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश को नई दिशा देने के साथ- साथ विश्व पटल पर भारत की पहचान को और मजबूत करने का कार्य कर रहा है । इसी भावना के साथ कार्यकर्ताओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की ।कार्यक्रम में भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य,जिला मंत्री सतेंद्र दुबे,नगर अध्यक्ष पंकज सिंह,जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह,सुदर्शन प्रसाद, शारदा पांडेय,राजीव रंजन सिंह, योगेंद्र मिश्रा,दीपक कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे ।

# 35 महादलित परिवारों पर बेदखली का संकट न्याय की आस में पहुंचे अंचल कार्यालय

### लाल कार्डधारियों ने सुरक्षा व जमीन बचाने की लगाई गुहार, सीओ ने दिए 15 दिन का समय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** सहुआर गांव के 35 लाल कार्डधारी महादलित परिवारों पर बेदखली का संकट गहराने लगा है। अपनी जमीन और आशियाने को बचाने की मांग को लेकर बुधवार को सभी परिवार करगहर अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1988 में आवंटित भूमि पर वे वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन अब कुछ लोग कथित रूप से दस्तावेजों के आधार पर उन्हें हटाने का प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी भूमिहीन परिवार हैं और दशकों से उक्त भूमि पर बसे हुए हैं। उनका आरोप है कि जमीन खाली कराने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है तथा विरोध करने पर धमकियां भी दी जा रही हैं। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मामले की सुनवाई के दौरान अंचलाधिकारी ने लाल कार्डधारियों को 15 दिनों का समय देते हुए कहा कि वे संबंधित भूमि के अभिलेखों की नकल प्राप्त कर भूस्वामी के कागजात की जांच




करें। यदि दस्तावेजों में किसी प्रकार की गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा प्रतीत होता है तो वे इसके विरुद्ध अपील दायर कर सकते हैं। अंचलाधिकारी ने कहा कि पूरे मामले का निपटारा कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। ग्रामीणों ने भूमि की नापी कराकर चौहद्दी निर्धारण, जान-माल की सुरक्षा तथा सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की भी मांग की। उनका कहना था कि वर्षों से रहने के बावजूद वे आज भी पक्के आवास और बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

इस अवसर पर सीपीआई के करगहर अंचल सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता, जिला परिषद सदस्य रामचंद्र राम तथा सहायक अंचल सचिव जगनारायण गुप्ता ने प्रशासन से गरीब परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भूमिहीन महादलित परिवारों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# उज्जवल भविष्य एवं भारत के निरंतर प्रगति के लिए सामूहिक प्रार्थना एवं भव्य आरती का किया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास।** भारतीय जनता पार्टी जिला रोहतास द्वारा प्रधानमंत्री के अब तक के सबसे लंबे और ऐतिहासिक कार्यकाल 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने तथा यशस्वी जीवन की लिए विशेष पूजा अर्चना, राष्ट्र के उज्जवल भविष्य एवं भारत के निरंतर प्रगति के लिए सामूहिक प्रार्थना एवं भव्य आरती का आयोजन किया।

भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद ने बताया कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ही एक मात्र ऐसे नेता हैं जिनका कार्यकाल अब तक का सबसे लंबा और ऐतिहासिक है,ये पहला अवसर है कि हम सब ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और उनके दीर्घायु होने के लिए पूजा,हवन और आरती का कार्यक्रम कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने संबोधन में संघ काल से लेकर अब तक के कार्यकाल की गंभीरता से चर्चा किया,उन्होंने कहां की पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अंतिम पायदान में बैठे लोगों के प्रति चिंता करना,इस आधार पर ही आज भारतीय जनता पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है।

जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर शिवनाथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि



प्रधानमंत्री का दूरदर्शी सोच और उनकी कर्मठता के आधार पर ही आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है, जन जन के प्रति उनका सोच सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास का ही देन है कि भारत के 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री भारत में जिस तरह का कार्य कर रहे हैं उसे आधार पर कहा जा सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना बहुत जल्द सरकार होगा।

आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशि भूषण प्रसाद, जिला प्रवक्ता विनोद सिंह उज्जैन,रजनीश कुमार वर्मा,मंडल अध्यक्ष संदीप सोनी,अभिषेक तिवारी,सत्यनारायण पासवान,कमलेश सिन्हा,संतोष कुमार, सन्नी चंद्रवंशी,सुधीर चंद्रवंशी,विनीत कुमार सोनी,विनोद चौबे,राकेश रंजन,कपिल देव चौधरी,सुशील सोनी,ऋतु राज उपाध्याय,माधुरी सोनी, छटु पाल,सुरेंद्र पांडेय,सूरज मेहता,विजय साहू,संजय कुमार,राम इकबाल सिंह,अशोक कुशवाहा,गीता पाण्डेय,मनीष साहू इत्यादि लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 5 लाख रुपए के लिए विवाहिता की हत्या

**बेगूसराय** । बेगूसराय में दहेज लोभियों की प्रताड़ना के कारण एक और बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने अपने दामाद पर 5 लाख रुपया की मांग पूरी नहीं होने के कारण बेटी को जहर देकर मारने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद आरोपी फरार है। मुंगेर के हजरतगंज खानकाह के रहने वाले मोहम्मद नौशाद ने बताया कि उनकी बेटी अलीशा परवीन (24) की शादी 2021 में साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सनहा नवटोलिया के रहने वाले मोहम्मद क्याम के साथ हुई थी। मोहम्मद क्याम मेट्रो में काम करता है और काम के सिलसिले में कभी पटना तो कभी दिल्ली में रहता था। नौशाद के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही दामाद मोहम्मद क्याम उनकी बेटी को 5 लाख रुपया मायके से लाने के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहा था। वह अक्सर शराब के नशे में रहता था और अलीशा को धमकी देता था कि अगर अपने मां-बाप से 5 लाख रुपए लाकर नहीं दिए तो तुम्हें जान से मार देंगे। अलीशा के पिता ने बताया कि दोनों के बीच शादी के शुरुआत से ही अनबन और झगड़े चल रहे थे। एक साल पहले मामला बहुत ज्यादा बढ़ गया था। जिसके बाद सामाजिक स्तर पर समझौता कराने की कोशिश की गई थी। उस वक्त गांव के मुखिया की मौजूदगी में लिखित तौर पर बांड भरवाया गया था। क्याम ने आगे से ऐसी हरकत नहीं करने की बात मानी थी। लेकिन इस समझौते के बाद भी क्याम के बर्ताव में कोई सुधार नहीं आया। उन्होंने कहा कि नशा के कारण उसने अपनी जमीन भी बेच दिया और 4 साल का बेटा अयान के रहने के बाद भी अलीशा को प्रताड़ित करते रहता था। मृतका के पिता ने बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे अलीशा ने फोन पर अपनी मां से बात की थी। उस समय उसने कहा था कि वह बिल्कुल ठीक है और खाना बनाने जा रही है। इसके बाद दोपहर में क्या घटना हुई, इसकी कोई जानकारी परिवार को नहीं है। शाम करीब 4:30 बजे दामाद के भतीजे ने फोन करके सूचना दी कि अलीशा की मौत हो गई है। उसने बताया गया कि अलीशा ने कुछ खा लिया है। घटना की सूचना मिलते ही हमलोग मुंगेर से बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि लोगों की भारी भीड़ जमा थी, लेकिन मृतका का पति छोड़कर फरार हो चुका था। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी ने खुदकुशी नहीं की है, बल्कि उसके पति ने जबरन जहर खिलाकर मार डाला है। घटना की सूचना मिलने के बाद साहेबपुर कमाल थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल घटना के बाद फरार पति की खोजबीन चल रही है। एसपी मनीष ने बताया कि रात में पुलिस को घटना की सूचना मिली। साहेबपुर कमाल थाना के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की है। पूछताछ में बताया गया कि पति द्वारा जहर पिलाकर मारा गया है। FSL की टीम ने घटनास्थल की जांच की। घटना के सभी पहलुओं पर छानबीन और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### 100 की स्पीड में स्कॉर्पियो-कार में टक्कर, 4 मौतें

**अररिया** । अररिया-पूर्णिया मार्ग पर कुसियार गांव पार्क के पास बुधवार को सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो और मारुति ब्रेजा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। 3 घायलों को अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में पूर्णिया में बिशनपुर गांव के 60 साल के मयानंद झा, 60 साल की शांति देवी और 49 साल के उनके बेटे गौतम कुमार झा शामिल हैं। शांति देवी और गौतम मां-बेटे थे। मयानंद शांति देवी के देवर थे। मृतक साइकिल सवार की पहचान 25 साल के मोहम्मद कोनेन के रूप में हुई है। वो अररिया जिले के गैयारी गांव का रहने वाला था। स्कॉर्पियो में एक ही परिवार के 6 लोग सवार थे। सभी मधेपुरा जिले के रामनगर में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे ये हादसा हुआ। स्कॉर्पियो की स्पीड 100 से ज्यादा थी। ब्रेजा कार की स्पीड 60 के करीब रही होगी। सड़क पर चल रहे साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में ये हादसा हुआ। टक्कर होते ही स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा साफ हो गया। ड्राइवर बुरी तरह से घायल था। पिछली सीट पर बैठे तीन लोगों के शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस पहुंची। एंबुलेंस से सभी को अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो ड्राइवर ने अचानक सामने आए साइकिल सवार को बचाने की कोशिश की। इस दौरान गाड़ी बेकाबू होकर पहले रेलिंग से टकराई और फिर अपोजिट डायरेक्शन से आ रही मारुति ब्रेजा से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 6 लोग और ब्रेजा में सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो सवार 3 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी घायलों को अररिया सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मयानंद झा, शांति देवी और गौतम कुमार झा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल जवाहर झा (60), लक्ष्मी ठाकुर (43) और मधु लता देवी (55) सहित चार अन्य लोगों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घायल जवाहर झा ने बताया कि वे सभी मामा के क्रिया-कर्म में शामिल होने रामनगर जा रहे थे। नगर थाना पुलिस और यातायात पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार हादसे की मुख्य वजह हो सकती है।

### 18 वर्षीय युवक ने खाया सल्फास, मौत

**बांका** । बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर गांव में बुधवार को सल्फास खाने से एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी मनोज मंडल के पुत्र रमन कुमार के रूप में हुई है। रमन कुमार पिछले चार वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार, रमन कुमार ने मंगलवार शाम तौर पर सल्फास का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अमरपुर रेफरल अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बांका सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बांका सदर अस्पताल में भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें भागलपुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को इलाज के लिए भागलपुर ले जा रहे थे, लेकिन बुधवार को रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बाद में अमरपुर रेफरल अस्पताल में चिकित्सक डॉ. चंचल ने युवक की मौत की पुष्टि की। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों द्वारा घटना की कोई औपचारिक सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

# दिनदहाड़े महिला के गले से 3 लाख की चेन झपटकर भागे बदमाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ **सीसीटीवी में दिखी बाइक सवार अपराधियों की तस्वीर, महिला ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग**

**बेगूसराय** । बेगूसराय जिला मुख्यालय स्थित हर-हर महादेव चौक के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर भाग निकले। पीड़ित महिला और उनके परिजन ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। घटना 9 जून को दोपहर करीब 12:48 बजे की है। नगर थाना क्षेत्र में एनएच-31फोरलेन स्थित पिलर नंबर-43 अमरदीप सिनेमा हॉल के नजदीक हैवल्स शोरूम के सामने एक महिला ई-रिक्शा से उतरी थी। महिला की पहचान आदिश अग्रवाल की पत्नी खुशबू राज के रूप में हुई है।

**ई-रिक्शा ड्राइवर को किराया देने के दौरान हुई घटना** : खुशबू राज ने बताया कि जैसे ही ई-रिक्शा से उतरकर किराया देने लगी, तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे। अपराधी अमरदीप सिनेमा हॉल की ओर से तेज रफ्तार में बाइक पर सवार होकर आए थे। उन्होंने पलक झपकते ही महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक सवार अपराधी तेजी से सुभाष चौक की ओर भाग निकले। महिला ने शोर मचाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, अपराधी आंखों से ओझल हो चुके थे। चेन करीब 28 ग्राम का बताया जा रहा है।

**महिला ने आवेदन के साथ पुलिस को उपलब्ध कराया सीसीटीवी फुटेज** : वर्तमान बाजार दर के हिसाब से छीनी गई चेन की कीमत करीब तीन लाख रुपया आंकी जा रही है। घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अपराधियों की संदिग्ध गतिविधियां और भागने के रूट साफ तौर पर कैद नजर आ रहे हैं। पीड़िता और उनके परिजनों ने इस संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के साथ ही पुलिस को घटना से संबंधित CCTV फुटेज भी उपलब्ध कराया गया है। जिससे अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिल सके। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि हाईवे और आसपास के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जाए।

# सड़क पर खड़ी ट्रक से बस की टक्कर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर** । भागलपुर के नवगछिया में बुधवार को सिलीगुड़ी से भागलपुर आ रही समीर बस (बीआर-43पी-4165) अर्जुन कॉलेज के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस पर सवार खगड़िया, भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों के कई यात्री घायल हो गए। टक्कर के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बस का पिछला शीशा तोड़ना पड़ा, जिसके बाद सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही रंगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका एक्स-रे एवं अन्य चिकित्सीय जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद चोटों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

# 2 बाइक की टक्कर, इंटर के छात्र की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। कल रात गुलशन बाइक से मुर्गा खरीदने जा रहा था। इसी दौरान खरीक रेलवे गुमटी के पास स्थित भोला बाबा मंदिर के पास बाइक सवार ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। युवक नवगछिया खरीक बाजार थाना क्षेत्र के बभनपुर गांव का रहने वाला था। मृतक की पहचान सुभाष मंडल के बेटे गुलशन कुमार (18) के रूप में हुई है। दोनों बाइक की आमने-सामने की टक्कर हुई। दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और प्रशासन की मदद से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों को घटना की जानकारी अस्पताल से ही मिली।

**इंटर का छात्र था गुलशन** : सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य मायागंज अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक का इलाज किया। लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना मिल चुकी है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक के चाचा भूषण मंडल ने बताया कि गुलशन कुमार बाइक से आ रहा था, तभी दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक सवार वहां से भाग गया। उन्होंने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी तब मिली, जब घायल को अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन के लोग ही घायल युवक को पहले तेलघी सरकारी अस्पताल लेकर गए थे। वहां से डॉक्टरों ने उसे मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। भूषण मंडल ने बताया कि हादसा खरीक रेलवे गुमटी के पीछे भोला बाबा मंदिर के पास हुआ था। उन्होंने कहा कि गुलशन पढ़ाई करता था और इंटर का छात्र था। इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जानकारी में है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# हादसे में कार सवार महिला की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर** । भागलपुर के नाथनगर स्थित मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कांझिया बायपास के समीप बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि कार चला रहे ड्राइवर को मामूली चोटें आईं। जानकारी के अनुसार कार पटना से भागलपुर लौट रही थी। बताया जा रहा है कि वाहन चालक को अचानक झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार 40 साल की गीता शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान अंबे निवासी गुरुदेव शर्मा की पत्नी गीता शर्मा के रूप में हुई है।

**सासाराम से भतीजी को एग्जाम दिलाकर लौट रहे थे** : कार चला रहे वेदव्यास ने बताया कि मृतका के पति मेरे दोस्त हैं। उन्होंने बताया कि गुरुदेव शर्मा की बेटी का सासाराम में एग्जाम था। एग्जाम के लिए मेरे दोस्त की बेटी अपनी मां गीता शर्मा के साथ सासाराम आई थी। एग्जाम खत्म होने के बाद मैंने दोस्त की बेटी को पटना में छोड़ दिया था और गीता शर्मा को कार से लेकर भागलपुर के महम्मदाबाद स्थित घर लौट रहा था। वेदव्यास ने बताया कि मैं मंगलवार की रात करीब 11 बजे पटना से भागलपुर के लिए निकला था। लंबे सफर के बाद सुबह करीब 4 बजे भागलपुर पहुंचने वाला था, तभी नाथनगर में हादसा हो गया।

**हादसे की सूचना के बाद पुलिस और एनएचएआई की टीम पहुंची** : हादसे की सूचना मिलते ही मधुसूदनपुर थाना पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में ड्राइव कर रहे वेदव्यास ने झपकी आने की बात कही है। हालांकि पुलिस तकनीकी और अन्य तथ्यों की भी पड़ताल कर रही है। वेदव्यास ने बताया कि सुबह तक मैं गीता शर्मा से बातचीत करते हुए घर की ओर आ रहा था। अचानक क्या हुआ, मुझे कुछ समझ नहीं आया। जब होश आया तो देखा कि कार हादसे की शिकार हो चुकी थी। गीता शर्मा गंभीर रूप से घायल थीं और बाद में उनकी मौत हो गई। मैं पिछले पांच साल से कार चला रहा हूं।

# मुंगेर-जमालपुर में सितंबर से पहले ट्रैफिक सिस्टम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर** । मुंगेर और जमालपुर शहरों में पटना-भागलपुर की तर्ज पर आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने का काम तेजी से चल रहा है। शहर के 58 प्रमुख चौक-चौराहों पर टावर कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लगाने का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

**ढाई माह के अंदर तकनीकी कार्य पूरे** : निर्माण एजेंसी के अनुसार, अगले ढाई माह के भीतर सभी तकनीकी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। सितंबर माह से पहले इस सिस्टम को चालू कर दिया जाएगा। इसके लागू होने के बाद यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान स्वतः कट जाएगा।

**दुर्गापूजा से पहले सिस्टम पूरी तरह लागू** : चयनित स्थलों पर लोहे के पोल लगाए जा चुके हैं। वर्तमान में विभिन्न पोलों के बीच केबल नेटवर्क बिछाने और कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। पहले इस परियोजना को मई-जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन तकनीकी कार्यों और संरचनात्मक बदलावों के कारण समय सीमा बढ़ गई। अब उम्मीद है कि अक्टूबर में दुर्गापूजा से पहले यह सिस्टम पूरी तरह लागू हो जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शहर की निगरानी के लिए पुलिस लाइन में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यहां तैनात पुलिसकर्मी बड़ी स्क्रीन पर शहर के विभिन्न हिस्सों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखेंगे। जाम, यातायात बाधा या किसी आपराधिक घटना की जानकारी तत्काल कंट्रोल रूम को मिलेगी। कंट्रोल रूम से पुलिसकर्मी वायरलेस, फोन और वॉकी-टॉकी के माध्यम से संबंधित थानों और अधिकारियों को सूचना देंगे। महत्वपूर्ण चौराहों पर यातायात पुलिस की भी तैनाती की जाएगी, जिससे ट्रैफिक संचालन और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस परियोजना का लाभ केवल यातायात व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगा। शहर में होने वाली आपराधिक घटनाओं की निगरानी और अपराधियों की पहचान में भी यह सिस्टम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। किसी वारदात के बाद भागने वाले अपराधियों की तस्वीरें और गतिविधियां कैमरों में रिकॉर्ड होंगी, जिससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी। वर्तमान में शहर में कहीं भी घटना होने पर पुलिस आसपास लगे निजी या सरकारी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास करती है। वहीं, पूर्व में लगाए गए 32 सीसीटीवी कैमरे अब लगभग पूरी तरह खराब हो चुके हैं।

# लाभार्थी के खाते में 26 करोड़ ट्रांसफर

**बेगूसराय** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि का ट्रांसफर किया। इस अवसर पर बेगूसराय कलेक्ट्रेट स्थित कारगिल विजय भवन में कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के लाभार्थी शामिल थे।

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा का निरस्तीकरण**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा सीनि डीईएन/सी/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए पूर्व प्रकाशित ऑनलाइन **ई-निविदा सं.: 103_2026-27 एवं 104_2026-27** को एतद्द्वारा **निरस्त** कर दी गई है।
(HWH-142/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा संख्या :- सीआरडब्लू-एचआरटी-एम-यूएसक्लीन -26-1, दिनांक: 08.06.2026**
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता-2, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में एयर ब्रेक एवं बोगी अवयवों की अल्ट्रासोनिक सफाई के लिए निविदा। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 2,67,29,664.00 (रू. दो करोड़ सड़सठ लाख उनतीस हजार छह सौ चौसठ मात्र)। **3. निविदा प्रपत्र की राशि :** शून्य, **4. अग्रधन की राशि :** रू. 5,34,600.00 (रू. पाँच लाख चौतीस हजार छह सौ मात्र), **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 29.06.2026 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दी जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है :** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेवसाईट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।
**उपमुख्य यॉत्रिक अभियंता-2, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**
पीआर/0377/सीआरडब्लू-एचआरटी/एमईसीएच/टी/26-27/44

**वॉक-इन-इंटरव्यू**
**मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा और रेलवे हेल्थ यूनिट, भागलपुर में कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति**
**अधिसूचना सं. ई/सीएमपी/एमएलडीटी/पीटी-III, दिनांक: 09.06.2026**
मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा और रेलवे हेल्थ यूनिट, भागलपुर, पूर्व रेलवे के लिए नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए या नियमित चिकित्सक (आईआरएचएस) की पोस्टिंग होने तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर पूर्णकालिक जनरल ड्यूटी मेडिकल प्रैक्टिशनरों (सीएमपी) की नियुक्ति की जाएगी। मेडिकल प्रैक्टिशनर, जो अपेक्षित योग्यता, आयु और डिग्री को पूरा करते हैं और इस तरह की नियुक्ति के लिए इच्छुक हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित स्थान और समय पर वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए सभी मार्कशीट, प्रमाण पत्रों और शंसापत्रों के साथ रिपोर्ट करें। **स्थान:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, मालदा, झलझलिया, पिन-732102, **साक्षात्कार की तिथि:** 18.06.2026 (बृहस्पतिवार), **रिपोर्टिंग समय:** 11.00 बजे। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए, आवेदकों से अनुरोध है कि वे आयु, योग्यता, चिकित्सा पंजीकरण संख्या, अनुभव आदि के समर्थन में शैक्षणिक प्रमाण पत्र, एमबीबीएस, एमएस/एमडी/पीजी डिप्लोमा की सभी मार्कशीट, सभी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार की मूल प्रति और साथ ही उनकी स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ 2 पासपोर्ट आकार के फोटो लाएं। उपयुक्तता का आकलन एमबीबीएस/बीडीएस परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, अर्थात पीजी डिग्री, पीजी डिप्लोमा, कार्य अनुभव और मौखिक परीक्षा (व्यावसायिक जानकारी, व्यक्तित्व आदि) के आधार पर किया जाएगा। केंद्र/राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र और पूर्ववृत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। रिक्तियों की सं., आयु सीमा, पारिश्रमिक और अपेक्षित योग्यताएँ इस प्रकार हैं: **श्रेणी:** चिकित्सक (सीएमपी)। **रिक्तियों की संख्या:** मालदा टाउन- 2, भागलपुर - 1, **आयु:** दिनांक 01.01.2026 को 53 वर्ष से अधिक नहीं। **वेतन/परिलब्धियाँ:** रु. 95,000/- प्रति माह (फिक्स्ड)। **अपेक्षित योग्यता:** एमबीबीएस, किसी स्टेट मेडिकल काउंसिल का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र। कुल रिक्तियाँ तीन (03) हैं और सीएमपी की पोस्टिंग मालदा मंडल में किसी भी हेल्थ यूनिट में की जा सकती है। पैनल का प्रकाशन नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं देता है। **नियम और शर्तें:-(1) नियुक्ति की प्रकृति:-** पूर्णतया अनुबंध के आधार पर। **पारिश्रमिक:** (1) भुगतान मुख्य रूप से "**कार्य नहीं, भुगतान नहीं के आधार**" पर किया जाएगा। (2) एनईएफटी के माध्यम से भुगतान के लिए, बैंक के आईएफएससी कोड के साथ एक बैंक खाता संख्या आवश्यक है। **टिप्पणी:** आवेदन का प्रारूप साक्षात्कार की तिथि को कार्यालय में उपलब्ध होगा। यह अधिसूचना और आवेदन का प्रारूप रेलवे की वेबसाइट: **www.er.indianrailways. gov.in (Go to Eastern Railway >> Division>> Malda Division>> Recruitment page)** पर उपलब्ध होगा।
**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**
**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 120_2026-27, दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरण:** (i) बेगमपुर-बेगमपुर स्टेशन में एफओबी सीढ़ियों का प्रावधान। (ii) एईएन/एलएलएच के अधीन हिंद मोटर स्टेशन में सभी प्लेटफॉर्मों पर लिफ्टों के साथ 6 मी चौड़े एफओबी का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** रु.6,77,52,624.84; **बयाना राशिः** रु. 13,55,100। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 121_2026-27, दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरणः** (i) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में पीएनई स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज का विस्तार। (ii) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में केपीएलई स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iii) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में एमएलवी स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iv) नलहाटी-सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन नलहाटी स्टेशन में वर्तमान एफओबी का पश्चिम की ओर विस्तार के लिए प्रस्ताव। **अनुमानित लागतः** रु.8,32,92,068.67; **बयाना राशिः** रु. 16,65,900। **निविदा प्रपत्र की लागतः** प्रत्येक लिए शून्य। **समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 01.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-141/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पान भंडार में घुसी बाइक, एक घायल

**बांका** । बांका में मंगलवार की रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पान दुकान में घुस गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दुकान का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना रजौन बाजार स्थित कठौन मोड़ के पास हुई। इस दुर्घटना से दुकानदार को हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। रोहित कुमार अपनी पान दुकान चला रहे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक दुकान के पास वाहन रोककर सामान खरीद रहा था। वहीं एक अन्य व्यक्ति भी दुकान पर मौजूद था। तभी पुनसिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने पहले सामान खरीद रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी और उसके बाद सीधे रोहित पान भंडार में घुस गई। बाइक पर दो युवक सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। हादसे में दुकान संचालक रोहित कुमार और बाइक पर सवार दोनों युवकों को मामूली चोटें आईं, जबकि टक्कर की चपेट में आया व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक चला रहा युवक नाबालिग था और वह बाइक चलाना सीखने का प्रयास कर रहा था।

**बिहार सरकार**
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला शिक्षा कार्यालय)**
**-ः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ः-**
सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 13 दिनांक 30.04.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नवसृजित राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ओबरा (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, करसावाँ, ओबरा, औरंगाबाद) एवं नवसृजित राजकीय डिग्री महाविद्यालय, मदनपुर (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिरवाँ, मदनपुर, औरंगाबाद) में स्टेशनरी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स आदि सामग्री की क्रय एवं आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्मो/ निविदादाताओं से अलग-अलग लिफाफों में मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा, निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक **18.06.2026** के **03:00** बजे अप0 तक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता), औरंगाबाद के कार्यालय में प्राप्त किये जाएंगे एवं उसी दिन अप0 03:30 बजे अप0 में अध्यक्ष, निविदा/क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निश्चित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा की विशिष्टियाँ एवं शर्तें औरंगाबाद जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। आपूर्ति की जानेवाली सामग्रियों की सूची (संलग्न) कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त किया जा सकता है।
**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद।**
विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
**PR. No. 005525 (District) 2026-27**
**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक खाते से 39 हजार रुपए की हुई अवैध निकासी

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर निवासी रवि शंकर कुमार के बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों ने 39193 की अवैध निकासी किया गया है। पीड़ित ने पंजाब नेशनल बैंक की कोईलवर शाखा में शिकायत दर्ज कराकर राशि वापस दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार रवि शंकर कुमार स्थानीय पत्रकार आमोद कुमार के भाई हैं। रवि के मोबाइल फोन पर खाते से राशि निकासी का संदेश प्राप्त होने पर उन्हें खाते से रुपये कटने की जानकारी हुई। इसके बाद वे तत्काल पंजाब नेशनल बैंक, कोईलवर शाखा पहुंचे और शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया। बताया कि मेरे खाते से बिना अनुमति के 39193 की निकासी की गई है। शाखा स्तर पर शिकायत मिलने के बाद बैंक द्वारा मामले की जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है।

### 19 साल बाद भी कोईलवर नगर पंचायत में नहीं है अबतक सार्वजनिक शौचालय

**कोईलवर ।** वर्ष 2007 में गठित कोईलवर नगर पंचायत को बने लगभग 19 वर्ष बीत चुके हैं। लेकिन आज तक पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में एक भी स्थायी सार्वजनिक शौचालय या महिला प्रसाधन केंद्र का निर्माण नहीं हो सका है। नगर पंचायत कोईलवर की जनसंख्या करीब 22,833 है। कुल 14 वार्डों वाले इस नगर क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, बावजूद इसके नागरिकों को शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं, यात्रियों, फुटपाथी दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों पर पड़ रहा है। करीब एक दशक पहले नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 चलंत शौचालय खरीदे गए थे। जानकारी के अनुसार प्रत्येक शौचालय पर लगभग छह लाख रुपये खर्च हुए थे। कुल लागत करीब 60 लाख रुपये रही। लेकिन रख-रखाव और समुचित प्रबंधन के अभाव में ये सभी चलंत शौचालय आज कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं। कई शौचालय नगर पंचायत कार्यालय, गोरया घाट, प्रखंड-अंचल कार्यालय तथा विभिन्न वार्डों में लावारिस हालत में पड़े हुए हैं। जनता की संपत्ति की हुई अनदेखी वार्ड पार्षद सह सशक्त कमिटी के सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि चलंत शौचालय जनता के पैसे से खरीदी गई संपत्ति है। जिसके कारण लाखों रुपये की परिसंपत्ति कबाड़ में बदल गई। नगर क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थायी शौचालय निर्माण की मांग की। विभिन्न मद में वसूली, लेकिन सुविधाएं नहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत नियमित रूप से मकान मालिकों, दुकानदारों और वाहन चालकों से विभिन्न मदों में कर वसूलती है। लेकिन नागरिक सुविधाओं के विकास की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय, यूरिनल, महिला प्रसाधन केंद्र और फीडिंग रूम जैसी सुविधाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है, लेकिन कोईलवर में स्थिति अब तक नहीं बदल सकी है। क्षेत्रीय महत्व के बावजूद बुनियादी सुविधा का अभाव कोईलवर भोजपुर जिले का एक महत्वपूर्ण नगर क्षेत्र है। यहां से पटना-आरा-बक्सर फोरलेन, आरा-छपरा फोरलेन, सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे समेत कई प्रमुख सड़कें गुजरती हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, रैपिड एक्शन फोर्स की 114वीं बटालियन का मुख्यालय, बिहार का एकमात्र मानसिक आरोग्यशाला, क्षेत्रीय बाजार तथा बालू व्यवसाय का प्रमुख केंद्र होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद सार्वजनिक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार चलंत शौचालयों की खरीद के समय ही उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। इनमें चढ़ने के लिए सीढ़ी तक नहीं बनाई गई थी और न ही पानी की समुचित व्यवस्था की गई थी। वर्षों तक रखरखाव नहीं होने के कारण अधिकांश शौचालय जर्जर हो चुके हैं और अब उनका उपयोग संभव नहीं रह गया है।

### ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आरा से मोबाइल चोर गिरफ्तार

**आरा ।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसर को अपराध मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) दानापुर उदय सिंह पवार तथा रेल पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय के आदेशानुसार आरा रेलवे स्टेशन पर एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व आरपीएफ आरा के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने किया। अभियान के दौरान टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर स्थित पश्चिमी पैदल यात्री पुल के पास से एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा, जिसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ है। लॉक नहीं खुली , तो खुली पोल पुलिस टीम को देखकर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में छिपा हुआ था। संदेह होने पर जब आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने उसे हिरासत में लिया और तलाशी ली, तो उसके पास से एक कीमती मोबाइल फोन बरामद हुआ। जब पुलिस अधिकारियों ने उससे मोबाइल का लॉक खोलने को कहा, तो वह हड़बड़ा गया और लॉक नहीं खोल सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि यह मोबाइल उसने कुछ ही समय पहले एक रेल यात्री से चोरी किया था। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो मनेर टोला पटना का निवासी है।

### वीकेएसयू में स्नातक सत्र 2026-30 के लिए जल्द खुलेगा समर्थ पोर्टल

**आरा ।** वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक प्रोग्राम के शैक्षणिक सत्र, 2026-30 में नामांकन के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्नातक स्तरीय डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल को बेहद जल्द लाइव करने की तैयारी की जा रही है। विशेष बात यह है कि इस बार पूरी नामांकन प्रक्रिया राष्ट्रीय स्तर के "समर्थ पोर्टल" के माध्यम से पूरी तरह डिजिटल, हाइटेक और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएगी। विवि प्रशासन ने आवेदन के दौरान होने वाली मानवीय भूलों और तकनीकी गड़बड़ियों से बचने के लिए छात्रों के लिए एक विस्तृत गाइडलाइन और विशेष चेतावनी जारी की है। विश्वविद्यालय ने छात्रों को साफ तौर पर आगाह किया है कि वे आवेदन करते समय अपनी सभी व्यक्तिगत और शैक्षणिक जानकारियां बेहद सावधानीपूर्वक भरें। पोर्टल पर एक बार फॉर्म फाइनल सबमिट होने के बाद पूरा डेटा "फ्रीज" कर दिया जाएगा, जिसे बाद में किसी भी परिस्थिति में "डी-फ्रीज" करना या संशोधित करना संभव नहीं होगा। अक्सर देखा जाता है कि छात्र साइबर कैफे के भरोसे फॉर्म छोड़कर चले जाते हैं, जहाँ जल्दबाजी में एक कॉलम की सूचना दूसरे कॉलम में फीड हो जाती है। ऐसी गलतियों का खामियाजा छात्रों को भुगतान पड़ता है। विवि ने स्पष्ट किया है कि यदि कॉलेजों में भौतिक सत्यापन के समय दस्तावेज सही नहीं पाए गए, या गलत सूचना देकर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया गया, तो संबंधित महाविद्यालय द्वारा आवेदन तुरंत निरस्त (रद्द) कर दिया जाएगा। छात्रों को अधिकतम 10 कॉलेजों के विकल्प चयन करने का मौका मिलेगा विभिन्न संकायों में दाखिले के लिए न्यूनतम योग्यता के मापदंड तय कर दिए गए हैं। कला और वाणिज्य संकाय में इंटर उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जबकि विज्ञान संकाय में केवल आईएससी उत्तीर्ण छात्रों को ही प्रवेश मिलेगा। आवेदन के दौरान छात्रों को अधिकतम 10 कॉलेजों के विकल्प और 03 अलग-अलग पाठ्यक्रमों को चुनने की छूट मिलेगी, जिसमें पहली वरीयता के आधार पर मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर कुलहरिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**बक्सर ।** मंगलवार को सदर प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) कुलहरिया में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों एवं ग्रामीणों ने अभियान की उपलब्धियों का जश्न उत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान कुलहरिया हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ मनीषा कुमारी बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सा टीम द्वारा एएनसी प्रथम एवं द्वितीय जांच, तृतीय, चतुर्थ जांच कर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन किया गया।

# महिला विकास मंच की प्रदेश अध्यक्ष पहुंचीं बक्सर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** बक्सर जिले में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला गंभीर होता जा रहा है। मृतका के परिजनों द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद अब सामाजिक संगठन भी न्याय की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में महिला विकास मंच की प्रदेश अध्यक्ष मीना वानवी बक्सर पहुंचीं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। मृतका श्यामा पांडेय के पिता कन्हैया पांडेय ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की शादी 4 दिसंबर 2025 को राहुल कुमार चौबे से हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

**''आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज के लिए की गई सुनियोजित हत्या'' :** परिजनों के अनुसार, 31 जनवरी 2026 की रात श्यामा ने अपने भाई को फोन कर प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इसके अगले ही दिन, 1 फरवरी 2026 को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार का दावा है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि



दहेज के लिए की गई सुनियोजित हत्या है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्यों की अनदेखी की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराने में भी देरी हुई और बाद में मिली रिपोर्ट में उन तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं था जिनकी जानकारी पहले ही जांच एजेंसियों को दी गई थी।

**संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया :** उनका कहना है कि मेडिकल और अल्ट्रासाउंड जांच में मृतका के गर्भवती होने की बात सामने आई थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस महत्वपूर्ण पहलू का समुचित उल्लेख नहीं किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, महिला आयोग की एक टीम भी बक्सर पहुंची। टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार, जांच और प्रशासनिक कार्रवाई की धीमी गति को लेकर आयोग की सदस्य नाराज दिखीं और संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

**अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो सकी :** इसी बीच महिला विकास मंच की प्रदेश अध्यक्ष मीना वानवी सदर अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने मामले से संबंधित जानकारी लेने और अधिकारियों से मिलने का प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल पहुंचने पर सिविल सर्जन मौजूद नहीं थे। इसके बाद वे जिला पदाधिकारी कार्यालय भी गईं, लेकिन वहां भी संबंधित अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो सकी। मीना वानवी ने कहा कि बक्सर की बेटी को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन को गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई जा रही है और पीड़ित परिवार को लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

## 22 केंद्रों पर 13,224 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी), पटना द्वारा आयोजित बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में "अभिनायक लिपिक" पद पर नियुक्ति के लिए लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 10 जून को आरा शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। भोजपुर समाहरणालय (जिला गोपनीय शाखा) की ओर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार भोजपुर जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 13,224 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। समाहरणालय की ओर से परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं लगाने तथा परीक्षा अवधि के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई है। केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे आयोग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने, प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र साथ रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान फल देती है : पौराणिक जी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम बक्सर की ओर से श्री रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित 18वां धर्म आयोजन के दूसरे दिन मंगलवार को आचार्य पौराणिक जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा-श्रीमद् भागवत महापुराण 335 अध्यायों 12 स्कंध 18 हजार श्लोकों का श्री कृष्ण भगवान की दिव्य वांग्मय मूर्ति है। कलयुग में यह ग्रंथ वासुदेव की चलती फिरती प्रतिमा है। इसके दर्शन, स्पर्श, श्रवण, प्रवचन मात्र से बड़े से बड़े पापी मनुष्य का लोक परलोक दोनों बन जाता है। उन्होंने कहा कि मात्र 7 दिनों तक श्रद्धा भक्ति से जो कोई भी प्राणी इस ग्रंथ का श्रवण करता है उसका उद्धार यह कथा सुनिश्चित रूप से कर देती है। कलयुग के लिए सारी दुनिया में यह पारस पत्थर की तरह सहज ही वरदान के रूप में विद्यमान



है। आचार्य श्री ने कहा कि आज से 5096 वर्ष पूर्व भगवान सुखदेव ने ब्राह्मण द्वारा अभिशप्त राजा परीक्षित को यह कथा सुनाई थी। कथा के ठीक सातवें दिन राजा का उद्धार हो गया । यह कथा भादो माह के शुक्ल पक्ष नवमी से पूर्णिमा तक हुई थी। उन्हें इसी भागवत कथा को इसी कलयुग में आज से 4896 वर्ष पूर्व श्रावण मास में शुक्ल पक्ष नवमी से पूर्णिमा तक महात्मा गोकर्ण ने उसी कालखंड के सबसे बड़े पापी धुंधकारी को श्रवण करा कर मोक्ष प्रदान किया था।

## मंत्री बोले- 100 विकास योजनाओं का होगा शिलान्यास

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।**आरा क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देने के लिए अगले एक महीने के अंदर 100 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही करीब 72 करोड़ रुपए की लागत से महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के ऐतिहासिक किले का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। यह बातें बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने बुधवार को जगदीशपुर प्रखंड के दलिपपुर खेल मैदान में आयोजित अभिनंदन सह एनडीए कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। समारोह में बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आम लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शॉल, मोमेंटो, तलवार और विशाल माला भेंट कर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। अपने



संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी व्यक्तिगत पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वे पहले से 75 बच्चियों की शिक्षा का खर्च वहन कर रहे हैं। अब उन्होंने अतिरिक्त 100 बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए अपनी निधि से 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। समारोह में मौजूद स्थानीय नेताओं ने कहा कि मंत्री बनने के बाद श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने क्षेत्रीय विकास को नई दिशा दी है। आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल पर उतरेंगी, जिससे आम लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक संध्या में गायिका बबीता सागर और कंचन सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं एंकर रविरंजन के प्रभावशाली संचालन ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाए रखा। कार्यक्रम का संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल ने किया। मौके पर संदेश विधायक राधाचरण साह, मंत्री प्रतिनिधि संजय यादव, एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन मुकेश कुमार गुड्डू सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल, दंडाधिकारी, मेडिकल कैंप और फायर ब्रिगेड की टीम तैनात रही।

## इटाढ़ी आरओबी क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** नव निर्मित इटाढ़ी रेल ओवरब्रिज क्षतिग्रस्त होने से जिले के दक्षिण इलाकों के हजारों लोगों के सामने गंभीर यातायात संकट पैदा हो गया है। जिस प्रकार से रेल ओवरब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ है, ऐसा नहीं लगता है कि 20-25 दिनों में वह तैयार हो जाएगा व यातायात बहाल जाएगा। ऐसे में रेलवे के हठधर्मिता के कारण बक्सर जिले के दक्षिणी इलाकें के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनारा, धनसोई, इटाढ़ी की ओर से आने वाले बड़े यात्री वाहन को बक्सर इटाढ़ी गुमटी के दक्षिण भाग में हीं रोक दिया जा रहा है। रेलवे फाटक बंद होने से ये वाहन शहर में नहीं जा रहे हैं, अब जो पैदल यात्री हैं वे लाईट ओवरब्रिज पार कर कड़ी धूप में रेल फाटक के दूसरी ओर जा रहे हैं, वहां से फिर ऑटो व ई रिक्शा पकड़ कर शहर में जा




रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा पांडेपट्टी रेलवे फाटक की ओर से छोटे वाहनों की आवागमन की अनुमति दी गई है, लेकिन वह सड़क काफी संकृण है तथा उसे सड़क पर काफी बोझ बढ़ गया है। ऐसे में भारी जाम की समस्या झेलनी पड़ेगी सबसे अधिक परेशानी जरूरी सेवा वाले वाहनों के लिए है। यदि कोई एंबुलेंस दिनारा, धनसोई इटाढ़ी के रास्ते बक्सर जाना हो यदि जाम में फंस जाए तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इटाढ़ी प्रखंड निवासी कमलेश पाठक, धर्मेंद्र प्रसाद, रमेश कुमार सिंह, कमलेश सिंह ने बताया कि इटाढ़ी रेलवे फाटक बंद होने से यातायात का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। एक बड़ा व्यापारी वर्ग बक्सर जिले के दक्षिणी इलाके में रहता है, ऐसे लोगों का व्यापार के लिए सामान लेकर आवागमन करने में भी परेशानी बढ़ गई है, इसके साथ ही किसानों के लिए खाद बीज की ढुलाई प्रभावित हो गई है, जबकि मुख्य रूप से सत्ताधारी दल के नेता व जनप्रतिनिधि इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं, कोई पहल नहीं कर रहा है कि रेलवे से बात करके इटाढ़ी रेल फाटक को अविलंब खुलवाया जाए। रेलवे ने बिहार सरकार को दिखाया ठेंगा : सांसद बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कहा है की डीएम बिहार सरकार का प्रतिनिधि होता है, यदि रेलवे ने डीएम की बातों को अनसुना कर दिया है तो सीधे-सीधे या बिहार सरकार को ठेंगा दिखाना है। मैने भारत सरकार को पत्र लिखा है कि अविलंब इटाढ़ी रेल फाटक को खोला जाए। यदि डबल इंजन की सरकार है तो यह कैसी डबल इंजन की सरकार है कि बिहार सरकार की बात को भारत सरकार नहीं मान रही है, रेल मंत्रालय नहीं मान रहा है।

## स्टेट हाईवे पर हादसे में दिव्यांग युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे दिव्यांग को जोरदार टक्कर मार दी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया अगिआंव मोड के रहने वाले सीताराम यादव के 29 साल के बेटे विकास कुमार सिंह उर्फ झगरू सिंह के रूप में हुई है। मृतक की मां राजवातो देवी ने बताया कि हम लोगों का सहंगी मोड़ के पास नया घर बन रहा है। इसी सिलसिले में मेरा बेटा घर से गड़हनी स्टेशन की तरफ घूमने गया था। इसी बीच अगिआंव मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप सड़क क्रॉस करने के दौरान अज्ञात कार ने बेटे को टक्कर मार दी।

**हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने परिजन को दी सूचना :** हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों की ओर से इसकी सूचना दिव्यांग के परिजन को दी गई। सूचना पाकर घायल दिव्यांग के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और गड़हनी पुलिस के सहयोग से घायल को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। मृतक की मां ने बताया कि इलाज के दौरान बेटे ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने 6 बहन और एक भाई में पांचवें स्थान था और अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था।

## प्रेम-प्रसंग में युवती ने जहर खाकर दी जान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के असावन टोला गांव में मंगलवार को प्रेम-प्रसंग को लेकर एक युवती ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के असावन टोला गांव के रहने वाले रामाशंकर गोड़ की 18 साल की बेटी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। मृत युवती के पिता रामाशंकर गोड़ ने बताया कि पड़ोस के ही लड़के अंकित सिंह से खुशबू का एक साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पिछले महीने 10 मई को वो उसके साथ चली गई थी और 8 दिन बाद लौटी थी। मृतका के पिता ने बताया कि प्रेम प्रसंग के मामले घर से बिना बताए चले जाने और लौटने के बाद बेटी की मौजूदगी में गांव में पंचायती भी हुई थी। तब पंचायत में खुशबू ने कहा था कि मुझसे गलती हुई है



और मैं अपने पापा के घर ही रहूंगी। मृतका के पिता के मुताबिक, 4 जून को मेरी बेटी दूसरी बार लड़के के साथ चली गई और 3 दिन बाद यानी 7 जून को बिहिया थाना पहुंची। उन्होंने बताया कि बिहिया पुलिस ने बेटी के थाना आने की जानकारी दी थी। मैंने कहा था कि मैं अगले दिन आऊंगा। उन्होंने बताया कि 8 जून की सुबह जब मैं बिहिया थाना पहुंचा तो बेटी को घर लेकर आ गया। इसी बीच उसने मंगलवार को मेरी बेटी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई।

## आरओबी विवाद पर गरमाई सियासत, कांग्रेस ने 36 घंटे का अल्टीमेटम देकर बढ़ाया दबाव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** इटाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास आरओबी में आई तकनीकी समस्या और उसके बाद आवागमन प्रभावित होने के मामले ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। पुल को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने जिला प्रशासन, रेलवे और सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि 36 घंटे के भीतर इटाढ़ी गुमटी का परिचालन बहाल नहीं किया गया तो पार्टी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आरओबी शुरु होने के कुछ दिनों बाद ही उसमें समस्या सामने आने से लोगों का भरोसा प्रभावित हुआ है। उनका आरोप है




कि पुल के निर्माण और परिचालन को लेकर अलग-अलग स्तर पर स्पष्टता की कमी रही, जबकि आम जनता लगातार परेशानियों का सामना कर रही है।नेताओं ने कहा कि इटा और राजपुर प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बक्सर आने-जाने में कठिनाई हो रही है। खासकर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और आवश्यक कार्यों से आने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है. उनका कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभागों को इस समस्या का तत्काल समाधान निकालना चाहिए।कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि पुल निर्माण को लेकर विभिन्न नेताओं के बीच श्रेय लेने की होड़ दिखाई दी, लेकिन तकनीकी समस्या सामने आने के बाद जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है। पार्टी नेताओं ने सवाल उठाया कि पुल संचालन, रेलवे गुमटी बंद करने और अन्य प्रशासनिक निर्णयों की जिम्मेदारी किस स्तर पर तय की गई।पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि लोगों की परेशानियों को जल्द दूर नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता अब पूरे मामले पर स्पष्ट जवाब चाहती है और जिम्मेदार पक्षों पर कार्रवाई की मांग कर रही है।हालांकि प्रशासन की ओर से पूर्व में यह कहा गया था कि वैकल्पिक व्यवस्था और तकनीकी सुधार की दिशा में काम किया जा रहा है। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि आने वाले दिनों में समस्या का समाधान किस तरह निकाला जाता है। मौके पर कामेश्वर पांडेय, हरिशंकर त्रिवेदी, लक्ष्मण उपाध्याय समेत कई लोग मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन के गेट पर लटककर बनाई वीडियो, लगाया गया 2000 रुपये का जुर्माना

**हाजीपुर।** वैशाली में चलती ट्रेन के गेट पर लटककर वीडियो बनाने वाली एक महिला पर राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) ने कार्रवाई की है। GRP ने महिला को पूछताछ के लिए बुलाया, जिसके बाद न्यायालय ने उस पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया। महिला को भविष्य में ऐसी कोई भी गैर-जिम्मेदाराना हरकत न करने की चेतावनी भी दी गई है। यह मामला तब सामने आया जब हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में एक महिला चलती ट्रेन के गेट को पकड़कर बाहर लटकी हुई थी और वीडियो बना रही थी। वीडियो में महिला को यह कहते हुए सुना गया था, "हम वीडियो बनवईबई त कोई बोलतई रे।" वीडियो वायरल होने के बाद जीआरपी ने मामले को गंभीरता से लिया। जीआरपी ने महिला को नोटिस जारी कर रेलवे सुरक्षा पोस्ट हाजीपुर में पूछताछ के लिए बुलाया। जीआरपी थाना की एसआई शालिनी गुप्ता ने इस कार्रवाई की जानकारी दी। पूछताछ के दौरान महिला ने अपनी पहचान पिंकी देवी, पति अनिल पासवान, निवासी दुबहा वार्ड नंबर 3, थाना सहदेई बुजुर्ग के रूप में बताई। उसने स्वीकार किया कि उसने उन महीने में हाजीपुर से मुजफ्फरपुर जाते समय ट्रेन में यह वीडियो बनाया था। जांच और पूछताछ के बाद महिला पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पिंकी देवी ने भविष्य में ऐसी कोई गलती न दोहराने और इस तरह का कोई वीडियो न बनाने का आश्वासन दिया है।

### हजुई पोखर में डूबने से शख्स की मौत, शौच के बाद हाथ-पैर धोते समय हादसा

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत हजुई पोखर में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। शौच के बाद हाथ-पैर धोने के दौरान यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान सुल्तानपुर निवासी स्वर्गीय लालबाबू राय के बेटे संजय कुमार के रूप में हुई है। संजय कुमार प्रतिदिन सुबह टहलने के लिए पोखर की ओर जाते थे। सुबह भी वह घर से निकले थे। शौच के बाद पोखर में हाथ-पैर धोते समय उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग और राहगीर जमा हो गए। ग्रामीणों और परिजनों को सूचना मिलने पर वे पोखर के पास पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से पोखर में संजय कुमार की तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद उन्हें पोखर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना औद्योगिक क्षेत्र थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान को दी गई। पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव लौट गए। मृतक की मां और भाई ने बताया कि संजय कुमार सुबह करीब 6 बजे टहलने के लिए पोखर की तरफ निकले थे, और एक बच्चे ने उनके डूबने की सूचना दी थी।

### वैशाली में बिजली कर्मी पर ईंट से हमला, खराब ट्रांसफार्मर ठीक करते समय पिटाई, वीडियो वायरल

**हाजीपुर।** वैशाली के महुआ प्रखंड स्थित मुकुंदपुर वार्ड संख्या 23 में एक बिजली कर्मी पर हमला किया गया है। यह घटना 9 जून की दोपहर को हुई, जब कर्मी श्रवण गिरी कब्रिस्तान के पास खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रहे थे। श्रवण गिरी को कुछ लोगों ने पकड़ लिया और उनकी पिटाई की। पिटाई का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर ईंट और बांस का इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। घायल कर्मी को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमला करने वाले युवकों की पहचान मोहम्मद सेराज, मोहम्मद इस्तियाक और मोहम्मद शफी के रूप में हुई है, जो सभी मुकुंदपुर गांव के निवासी हैं। घायल कर्मी श्रवण गिरी (पिता रामेश्वर गिरी) ने विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सुशांत कुमार को लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में तीन आरोपियों को नामजद किया है। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उनके सिर पर ईंट से और सीने व हाथ पर बांस से वार किया। घटना के समय मौके पर मौजूद अन्य बिजली कर्मियों ने श्रवण गिरी को तुरंत अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित बिजली कर्मी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कनीय अभियंता सुशांत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। महुआ थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने पुष्टि की कि उन्हें मामले का आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद बिजली कर्मियों में चिंता का माहौल है। उन्होंने फील्ड में काम के दौरान अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### आईसीयू ड्यूटी छोड़ भागने के आरोप में डॉक्टर निलंबित

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर प्रसाद अस्पताल आईसीयू अग्निकांड मामले में प्रशासन का एक्शन लगातार जारी है। सात मरीजों की जान लेने वाली इस घटना के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईसीयू ड्यूटी के दौरान मरीजों को छोड़कर चले जाने के आरोपी डॉक्टर पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं दूसरी ओर जिले में चल रहे विशेष जांच अभियान के तहत अब तक 25 निजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों को सील किया जा चुका है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अनुशंसा पर स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बंदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आरोप है कि 4 जून को प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में आग लगने के समय वह ड्यूटी पर तैनात थे, लेकिन आग लगने के दौरान मरीजों को छोड़कर वहां से चले गए। इतना ही नहीं, सरकारी सेवा में रहते हुए निजी अस्पताल में काम करने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप भी उन पर लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और मरीजों के प्रति संवेदनहीनता मानते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के तहत कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, पटना निर्धारित करेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच भी कराई जाएगी। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट कहा है कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में तैनात चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है। सरकारी दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### उम्मीद छोड़ चुके लोगों को मिला खोया फोन, मुजफ्फरपुर पुलिस ने बरामद कर लौटाए 106 मोबाइल

**मुजफ्फरपुर।** मोबाइल खोने या चोरी होने के बाद अधिकांश लोग उसकी वापसी की उम्मीद छोड़ देते हैं, लेकिन मुजफ्फरपुर पुलिस का "ऑपरेशन मुस्कान" ऐसे लोगों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने करीब 35 लाख रुपये मूल्य के 106 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। मोबाइल वापस मिलने के बाद लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस की इस पहल की जमकर सराहना की। मोबाइल मिलने के बाद लोगों की खुशी देखते ही बन रही थी। कल्याणी निवासी मदन कुमार पटेल ने बताया कि मंदिर से घर लौटने के दौरान उचक्कों ने उनका मोबाइल छीन लिया था। घटना के बाद वह काफी परेशान थे और मोबाइल मिलने की उम्मीद लगभग छोड़ चुके थे। लेकिन शिकायत के महज 15 दिनों के भीतर पुलिस ने उनका मोबाइल बरामद कर उन्हें सौंप दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल वापस मिलने की अब कोई उम्मीद नहीं थी, इसलिए पुलिस का यह प्रयास उनके लिए बड़ी राहत लेकर आया है। औराई की रहने वाली आशा कुमारी ने बताया कि उनका मोबाइल 24 फरवरी को चोरी हो गया था। मोबाइल में कई जरूरी दस्तावेज और संपर्क नंबर थे, जिसके कारण वह काफी परेशान थीं। समय बीतने के साथ उन्होंने भी मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी और नया फोन खरीद लिया था। लेकिन करीब चार महीने बाद जब मुजफ्फरपुर पुलिस ने उनका मोबाइल वापस लौटाया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# ईएसआईसी आदर्श अस्पताल फुलवारीशरीफ का बीमा आयुक्त ने किया निरीक्षण

## चिकित्सा सुविधाएं सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा ने क्षेत्रीय निदेशक सीए. निरंजन कुमार के साथ फुलवारीशरीफ स्थित ईएसआईसी आदर्श अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बीमा आयुक्त ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि बीमित व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रसूति कक्ष तथा सर्जरी विभाग को पूर्ण रूप से संचालित किया जाए। साथ ही सभी आवश्यक जांच सुविधाओं, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।



बैठक के दौरान प्रणय सिन्हा ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के बाद ईएसआईसी से लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। इसे देखते हुए अस्पताल प्रशासन को अपनी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सक्षम बनाना चाहिए, ताकि बढ़ती जरूरतों के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने बताया कि व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता, 2020 की धारा 6(1)(ग) के तहत सभी नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों और श्रमिकों की वर्ष में कम-से-कम एक बार स्वास्थ्य जांच कराना अनिवार्य है। उन्होंने क्षेत्र के सभी नियोक्ताओं से अपील की कि वे इस वैधानिक प्रावधान का पालन करते हुए अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से कराएं। उन्होंने कहा कि ईएसआईसी अस्पतालों में स्वास्थ्य जांच कराने से श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी और नियोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। इससे श्रमिकों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित होगी तथा कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर ईएसआईसी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा जारी विशेष स्मारक 75 रुपये का सिक्का भी अधिकारियों को प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी तथा क्षेत्रीय कार्यालय पटना के अधिकारी उपस्थित रहे। बीमा आयुक्त ने अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के 4,399 दिन पूरे, देश को मिला स्थिर नेतृत्व और निरंतर विकास : ऋतुराज सिन्हा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4,399 दिनों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने तथा भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों के विश्वास, जनसमर्थन और लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में देश को एक स्थिर, मजबूत और दूरदर्शी सरकार मिली है, जिसने विकास, सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा को नई दिशा प्रदान की है।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। अनुच्छेद 370 का निरस्तीकरण, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी, डिजिटल इंडिया और यूपीआई क्रांति, वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार, चंद्रयान-3 की सफलता तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण कदमों ने विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। आधारभूत संरचना के विस्तार, गरीब कल्याण योजनाओं, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल सेवाओं और जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह साबित किया है कि स्थिर सरकार, मजबूत नेतृत्व और निरंतर विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। यही वजह है कि आज भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऋतुराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारत विकास, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

### ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता:

## पटना पुलिस ने लौटाए 150 खोए और छीने गए मोबाइल

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** पटना पुलिस के विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के तहत पुलिस ने खोए, गुम हुए, छीने गए और स्नैचिंग की घटनाओं में गायब हुए 150 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।



पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के दौरान तकनीकी जांच और साइबर ट्रैकिंग के माध्यम से विभिन्न स्थानों से 150 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इन मोबाइलों की बाजार कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन की बरामदगी में तकनीकी सेल और साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों इकाइयों ने आधुनिक तकनीक और डिजिटल ट्रैकिंग की मदद से मोबाइलों का पता लगाकर उन्हें रिकवर किया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पटना पुलिस के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पुलिस की इस पहल से आम नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे ताकि लोगों की खोई हुई संपत्ति उन्हें वापस मिल सके और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर राम जानकी मंदिर में हवन-पूजन





सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडितगंज मंडल अध्यक्ष राणा लखन सिंह चंदेल द्वारा सुंदरकांड पाठ से किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र के समक्ष देश की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की।

हवन-पूजन के दौरान प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक एवं जिला प्रभारी संजीव यादव ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित हवन में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज शर्मा, विधानसभा संयोजक संजय केशरी, नगर अध्यक्ष आशीष देव, जिला मंत्री विजय यादव, अजय शर्मा, आशा किरण, ओम प्रकाश यादव, रंजन चंद्रवंशी, आलोक कुमार, शंकर चंद्रवंशी, राजेश कुमार उर्फ पिंटू रजक, संतोष यादव सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गई तथा राष्ट्रहित और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया।

# माँ नयना देवी के दरबार में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, बिहार की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उत्तराखंड के प्रसिद्ध माँ नयना देवी मंदिर में अपने पारिवारिक सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने बिहार सहित पूरे देश में सुख, शांति, समृद्धि और विकास की कामना की।



मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि माँ नयना देवी का मंदिर देश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पवित्र स्थल पर माता सती के नयन गिरे थे, जिसके कारण इसे विशेष शक्तिपीठ का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु यहां सच्चे मन से पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने माता रानी से बिहार में सामाजिक सौहार्द, खुशहाली और सर्वांगीण विकास की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े तथा प्रदेश के लोगों का जीवन सुखमय और समृद्ध बने, यही उनकी कामना है। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के सफल नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का उल्लेख करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा विकसित भारत के संकल्प की सफलता के लिए भी विशेष प्रार्थना की।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत देश की सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे तीर्थस्थल लोगों को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सद्भाव, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण से ही राष्ट्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

## विश्व विजेता योगासन गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप कुमार का मसौढ़ी में भव्य स्वागत

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**मसौढ़ी।** विश्व स्तर पर योगासन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले विश्व विजेता गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप कुमार का बुधवार को मसौढ़ी में भव्य स्वागत किया गया। उनके सम्मान में स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।



समारोह के दौरान डॉ. दिलीप कुमार को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी उपलब्धि को मसौढ़ी ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार और देश के लिए गौरव का विषय बताया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. दिलीप कुमार ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने का कार्य किया है।

कार्यक्रम में लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को खेल और योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। स्वागत समारोह में पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल के बीच लोगों ने डॉ. दिलीप कुमार की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में मसौढ़ीवासियों की उपस्थिति रही और सभी ने विश्व विजेता का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# स्मारिका लोकार्पण, सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की बिहार प्रदेश समिति एवं बेगूसराय जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शिवसुंदरी भवन, बेगूसराय में सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय ब्रजनंदन प्रसाद सिंह की जयंती के अवसर पर स्मारिका लोकार्पण समारोह, सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, साहित्यकारों, विद्यार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम का आयोजन शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के मार्गदर्शन तथा जिला संरक्षक देवनीति राय की देखरेख में किया गया। जिला अध्यक्ष सत्यजीत सोनू ने कार्यक्रम के संयोजन एवं समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। समारोह की अध्यक्षता देवनीति राय ने की, जबकि मंच संचालन राकेश चौधरी महंत ने किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महेश प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद विवेकानंद शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर साहित्यकार ईश्वर करुण, सिने अभिनेता अमिय कश्यप, रंजीत कुँवर, राजीव रंजन सिंह, मनजीत मिश्रा, सरोज राय, अमरेश शिशिर, भीम कुमार सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सत्यजीत सोनू द्वारा संकलित एवं संपादित स्मारिका का सामूहिक लोकार्पण किया गया। स्मारिका में स्वर्गीय ब्रजनंदन प्रसाद सिंह के जीवन, संघर्ष, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान, सेवा भावना और उनके संस्कारों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।




प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रा नयनसी, प्रिंस, कौशिकी सहित कई विद्यार्थियों को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर का चित्र भेंट किया गया। वहीं प्रिंस प्रभाकर, निधि और कन्हैया कुमार को मिथिला पाग, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्यजीत सोनू की कविता "हमें तो अखंड हिन्दुस्तान चाहिए, पुरखों का देश महान चाहिए" को खूब सराहना मिली। साहित्यकार ईश्वर करुण ने अपनी रचना "रात-दिन जो हाँकते हैं, उनमें शामिल हम नहीं" प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। वहीं देवनीति राय ने अपनी कविता "कितना पानी" के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था और समकालीन चुनौतियों पर प्रभावशाली टिप्पणी की। कार्यक्रम के अंत में सत्यजीत सोनू ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह की सफलता पर शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, राष्ट्रीय संरक्षक पी.के. मोहन, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ. रवि प्रकाश, राष्ट्रीय उप संगठन मंत्री पंकज मिश्र, बिहार प्रदेश संरक्षक प्रो. डॉ. सुबोध कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश साहित्य मंत्री ललित शंकर, गया जिला अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार मालवीय तथा अन्य पदाधिकारियों ने सत्यजीत सोनू एवं बेगूसराय जिला इकाई को शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन साहित्य, शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना में भारी अनियमितताओं का आरोप



**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को लेकर चल रहे जन आंदोलन ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष एवं आंदोलनकारी सुबोध झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने योजना के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति की संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन भी मौजूद रहीं। निरीक्षण दल में छोटे राय मुर्मू, कृष्ण चंद्र पात्रो, प्रभा हांसदा, महेश सिंह, संतोष जायसवाल, रामेश्वर प्रसाद, पवित्र पांडे, सौरभ कुमार, अखिलेश कुमार, अजय शर्मा और कन्हैया पांडे समेत कई लोग शामिल थे। निरीक्षण के बाद सुबोध झा ने आरोप लगाया कि 29 मई 2026 को जारी रिपोर्ट में जून माह के भीतर जलापूर्ति शुरू करने का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि योजना के कई कार्य अब भी अधूरे पड़े हैं और 15 जून तक लोगों को पानी मिलना संभव नहीं दिख रहा। उन्होंने प्रशासन और संबंधित एजेंसियों पर जनता तथा न्यायालय को गुमराह करने का आरोप लगाया। दुखनी सोरेन ने कहा कि जब तक योजना पूरी तरह चालू नहीं हो जाती, तब तक वे अपने निजी टैंकरों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को पानी उपलब्ध कराती रहेंगी। उन्होंने बताया कि योजना में कथित भ्रष्टाचार और निर्माण संबंधी अनियमितताओं के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर विधानसभा घेराव और पदयात्रा भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट, इंटक वेल और अन्य संरचनाओं में निर्माण गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। समिति का आरोप है कि कई जगहों पर दीवारों में दरारें दिखाई दीं, प्लास्टर कमजोर पाया गया तथा निर्माण कार्य को रंग-रोगन कर छिपाने का प्रयास किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने और कथित भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की मांग की है। समिति का कहना है कि यदि जल्द ठोस प्रगति नहीं हुई तो व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** गोइलकेरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप मंगलवार रात रेल दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोइलकेरा के क्रिस्तान टोला, धातकीडीह निवासी सुखराम सांडिल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे डाउन लाइन से गुजर रही ट्रेन संख्या 18110 इतवारी-टाटा एक्सप्रेस की चपेट में आने से सुखराम सांडिल गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह पुराना गोइलकेरा की ओर से रेलवे ट्रैक पर चलते हुए फाटक की तरफ आ रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान पहुंचे और एंबुलेंस बुलवाई। हालांकि स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होने के कारण घायल युवक को करीब एक घंटे तक रेलवे ट्रैक से नहीं हटाया जा सका। इस दौरान युवक ट्रैक पर ही गंभीर अवस्था में पड़ा रहा। घटना के कारण डाउन लाइन पर कुछ समय के लिए ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहा। बाद में सुखराम सांडिल को गोइलकेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचने पर रात करीब 12 बजे चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता संजय सांडिल और मां राधे सांडिल ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी फोन के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा कि सुखराम का व्यवहार अच्छा था और वह मजदूरी का काम करता था। वह मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे घर से निकला था। शाम करीब छह बजे उसकी परिवार से फोन पर बात भी हुई थी, जिसमें उसने घर लौटने की बात कही थी। परिजनों ने बताया कि उन्हें यह अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद इतनी बड़ी दुर्घटना हो जाएगी। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### गौ तस्करी की आशंका में स्कॉर्पियो जब्त, दो गाय बरामद



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कमलपुर थाना क्षेत्र में गौ तस्करी की आशंका से जुड़ा एक मामला सामने आया है। बांगुड़दा साहेब बांध के समीप बुधवार तड़के एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिली, जिसमें से पुलिस ने दो गायों को बरामद किया। घटना के बाद वाहन में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क किनारे झाड़ियों में फंसी एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को देखा। वाहन के भीतर गाय के होने की सूचना मिलने पर कमलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों गायों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें अपने संरक्षण में ले लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि गायों को अवैध रूप से पश्चिम बंगाल की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और झाड़ियों में जा घुसी। दुर्घटना के बाद तस्करी में शामिल लोगों ने वाहन को निकालने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर स्कॉर्पियो और गायों को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस को जब्त वाहन पर कोई पंजीकरण संख्या नहीं मिली है, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गायों को कहां से लाया गया था, उनका अंतिम गंतव्य क्या था और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि वाहन जब्त कर लिया गया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फरार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस गौ तस्करी के संभावित एंगल को ध्यान में रखते हुए मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### जेएलकेएम ने हॉकी खिलाड़ियों का किया स्वागत



**खूंटी।** तमाड़ स्टैंड बाजार टांड खूंटी में बुधवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकर्ताओं ने इंडिया हॉकी अंडर 18 के खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का जोरदार स्वागत किया। आशीष ने पूरे टूर्नामेंट में कुल 13 गोल कर इंडिया हॉकी टीम को विजयी बनाया और देश तथा खूंटी का नाम पूरे विश्व पटल पर रौशन किया। इस अवसर पर जिला महासचिव विक्रम महतो ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत के दौरान जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, अजय राम, अर्पित संगा, मदन, लक्ष्मण कंडुलना, प्रवक्ता बजरंग साहू, कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

# झारखंड राज्यसभा चुनावः परिमल नाथवानी के नामांकन पर बवाल, विधानसभा के बाहर कांग्रेस-भाजपा का प्रदर्शन

**एजेंसी। रांची**

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उनके नामांकन को रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं, भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद विधानसभा परिसर के बाहर राजनीतिक तनाव का माहौल बन गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि चुनाव आयोग राज्यसभा चुनाव के मामलों में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मानदंड अपना रहा है। उनका कहना है कि परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र में कथित तौर पर कई खामियां होने के बावजूद उन्हें सुधार का अवसर दिया गया, जबकि मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को तकनीकी आधार पर निरस्त कर दिया गया। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यदि मध्य प्रदेश में सख्ती दिखाई गई है तो झारखंड में भी समान नियम लागू होने चाहिए। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी प्रत्याशियों के साथ समान व्यवहार जरूरी है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि परिमल नाथवानी का नामांकन रद्द नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विधानसभा के गेट संख्या-2 पर आयोजित प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्य सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक भी वहां पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विधानसभा परिसर की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान कुछ कांग्रेस समर्थक सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए विधानसभा परिसर के अंदर प्रवेश कर गए। प्रदर्शन के



दौरान सुरक्षा कर्मियों और कुछ कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाए और परिमल नाथवानी का नामांकन रद्द करने की मांग दोहराई। कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच भाजपा कार्यकर्ता भी विधानसभा परिसर पहुंच गए और उन्होंने भी नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधानसभा परिसर में प्रवेश को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थकों को विधानसभा परिसर के अंदर जाने दिया गया, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं को गेट पर ही रोक दिया गया। उन्होंने इसे दोहरी नीति बताते हुए नाराजगी जताई और कहा कि इस मामले की शिकायत विधानसभा सचिव से की जाएगी। भाजपा नेताओं का आरोप है कि प्रशासन को सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के आमने-सामने आने से विधानसभा परिसर के बाहर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी बनाए रखी। राजनीतिक हलचल और प्रदर्शन के बीच राज्यसभा चुनाव से जुड़े इस विवाद पर रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में सुनवाई भी जारी रही। परिमल नाथवानी के नामांकन पर दर्ज आपत्तियों को लेकर चल रही इस प्रक्रिया में कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम तथा परिमल नाथवानी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अब सभी की नजर रिटर्निंग ऑफिसर के फैसले पर टिकी हुई है। यह निर्णय न केवल राज्यसभा चुनाव की दिशा तय करेगा, बल्कि झारखंड की राजनीति में चल रही सियासी खींचतान को भी नया मोड़ दे सकता है।

## मानगो फ्लाइओवर का केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण, इस साल तक निर्माण पूरा होने की उम्मीद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

शहर की बहुप्रतीक्षित मानगो फ्लाइओवर (एलिवेटेड कॉरिडोर) परियोजना का बुधवार को केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने निरीक्षण किया। डिमना चौक और मानगो राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-33) क्षेत्र में पहुंचकर उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और परियोजना से जुड़े अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने निर्माणाधीन फ्लाइओवर के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और कार्य की गति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दे रही है और मानगो फ्लाइओवर परियोजना भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके अनुसार यह परियोजना पूरी होने के बाद जमशेदपुर की यातायात



व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। सतीश चंद्र दुबे ने बताया कि लगभग 10 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड कॉरिडोर का कुछ हिस्सा वन विभाग की भूमि से जुड़ा हुआ है। आवश्यक स्वीकृतियां और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) समय पर नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित प्रक्रियाओं को जल्द पूरा किया जाना चाहिए, ताकि परियोजना निर्धारित समय सीमा में पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि फ्लाइओवर के निर्माण से मानगो, डिमना चौक, उलीडीह और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बनी ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही लोगों के आवागमन का समय कम होगा और शहर के आर्थिक एवं शहरी विकास को भी नई गति मिलेगी। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा, भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रेम झा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को राज्यपाल की मंजूरी, चार नामों पर लगी मुहर

**एजेंसी। रांची**

झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए चार सदस्यीय पैनल को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और भाजपा नेता शिवपूजन पाठक के राज्य सूचना आयुक्त बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राजभवन सचिवालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने इन चार नामों की अनुशंसा करते हुए प्रस्ताव राज्यपाल के अनुमोदन के लिए भेजा था। हालांकि प्रारंभिक स्तर पर राजभवन ने कुछ प्रक्रियागत आपत्तियां जताते हुए प्रस्ताव को वापस कर दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने उन्हीं नामों के साथ पुनः प्रस्ताव भेजा और उठाई गई आपत्तियों पर अपना पक्ष स्पष्ट किया। राज्यपाल ने प्रस्ताव को कुछ शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति भी जल्द सुनिश्चित की जाए, ताकि आयोग का कार्य प्रभावी और सुचारु रूप से संचालित हो सके। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान पैनल में शामिल कुछ नामों के राजनीतिक संबंधों को लेकर भी चर्चा और विवाद हुआ था। अमूल्य नीरज खलखो का कांग्रेस, तनुज खत्री का झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) तथा शिवपूजन




पाठक का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ाव होने की बात सामने आई थी। विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक संगठनों ने सूचना आयोग जैसे महत्वपूर्ण वैधानिक संस्थान में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाए थे। उनका तर्क था कि आयोग की निष्पक्षता और स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए नियुक्तियों में पारदर्शिता और राजनीतिक तटस्थता आवश्यक है। राज्य सरकार ने दोबारा भेजे गए प्रस्ताव में स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के संबंध में आरोपों या आपत्तियों का उल्लेख किया गया था, वे आरोपों से मुक्त हो चुके हैं। सरकार ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों से जुड़े नाम नियुक्ति के बाद अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे। राज्य सरकार के अनुसार, संबंधित व्यक्ति वर्तमान में किसी राजनीतिक दल में लाभ के पद पर नहीं हैं और उनकी नियुक्ति सभी कानूनी एवं प्रक्रियागत मानकों के अनुरूप की जा रही है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला भारतीय जनता पार्टी चाईबासा नगर इकाई की ओर से नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्वकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बाबा मंदिर परिसर, चाईबासा में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर बढ़ी है तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए देश की समृद्धि एवं विकास के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में रंजन प्रसाद, रूपा दास, भूषण पाट पिंगुवा, चंदन झा, पवन शर्मा, रविशंकर विश्वकर्मा, रोहित दास, दिलीप साव, अजय झा, कामेश्वर विश्वकर्मा, रमेश साहू, मृदुल निषाद, रीना कर, डोली कर, रिंकू सिंह तथा उल्लास नाग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड में 11-12 जून को भारी बारिश, वज्रपात और तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**

झारखंड में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 11 और 12 जून को गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज आंधी चलने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं के प्रभाव और अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम सक्रिय रहेगा। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा बिजली कड़कने के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को बताया गया कि अगले



तीन से चार दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के झारखंड सहित ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में पहुंचने की प्रबल संभावना है। मानसून के आगमन के साथ राज्य में बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं तापमान के मामले में डाल्टनगंज सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर लातेहार में न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, जिससे लोगों को मौसम में बदलाव की उम्मीद थी। हालांकि दोपहर बाद आसमान साफ हो गया और तेज धूप निकलने से उमस और गर्मी बढ़ गई। दिनभर लोगों को गर्म हवाओं और चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार बुधवार को राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान इस प्रकार रहा। रांची में अधिकतम 35.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह *जमशेदपुर में अधिकतम 38.4 डिग्री और न्यूनतम 27.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 41.4 डिग्री और न्यूनतम 29.0 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 38.1 डिग्री और न्यूनतम 26.4 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम 37.8 डिग्री, न्यूनतम 25.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विशेष रूप से किसानों, खुले क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों और ग्रामीण इलाकों के निवासियों को मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर रखने तथा खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। विभाग ने कहा है कि मानसून के आगमन से पहले राज्य में मौसम तेजी से बदल सकता है और कई क्षेत्रों में तेज बारिश, वज्रपात तथा आंधी की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं।

# रिम्स में मेडिकल शिक्षा के विस्तार की बड़ी पहल, यूजी, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव

**एजेंसी। रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से रिम्स, रांची में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) तथा सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों की सीटों में व्यापक वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को रिम्स निदेशक को पत्र भेजकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार की ओर से संचालित एक केंद्र प्रायोजित योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में यूजी, पीजी एवं सुपर स्पेशियलिटी सीटों की वृद्धि के लिए प्रति अतिरिक्त सीट लगभग 1.5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना में कुल लागत का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। विभाग ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहले ही महात्मा गांधी मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमशेदपुर में यूजी सीटों को 150 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों को 49 से बढ़ाकर 200 करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसी प्रकार शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद में यूजी सीटों को 100 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों को 19 से बढ़ाकर 200 करने के प्रस्ताव को भी भारत सरकार की




ओर से मंजूरी दी जा चुकी है। इसी क्रम में अब रिम्स, रांची के लिए भी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना तैयार की जा रही है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यूजी सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर 250, पीजी सीटों की संख्या 176 से बढ़ाकर 275 तथा सुपर स्पेशियलिटी सीटों की संख्या 11 से बढ़ाकर 100 करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए रिम्स प्रशासन को आवश्यक अधोसंरचना, भवन, उपकरण एवं अन्य संसाधनों का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासी परिषद की स्वीकृति के बाद राज्य सरकार को भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रस्ताव को भारत सरकार को अग्रसारित किया जा सके। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सीटों की वृद्धि के लिए पुराने भवनों के जीर्णोद्धार, जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों को ध्वस्त कर नए भवनों का निर्माण तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त अधोसंरचना विकसित करने के प्रस्ताव भी शामिल किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित रिम्स-2 परियोजना के अंतर्गत छात्रावास निर्माण को लेकर भी नई रणनीति अपनाने की तैयारी है। राज्य सरकार ने सिद्धांततः निर्णय लिया है कि छात्रावासों का निर्माण प्रत्यक्ष सरकारी व्यय के बजाय पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर कराया जाए। इसके लिए भारत सरकार के वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) से अनुदान प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। इससे राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ कम होगा तथा छात्रावासों के संचालन, रखरखाव और आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता में निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। पत्र में रिम्स परिसर में पहले से निर्मित छात्रावासों के उन्नयन, रखरखाव तथा भविष्य की आवश्यकताओं का आकलन कर नए छात्रावासों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा गया है। इस प्रस्ताव को शासी परिषद के एजेंडे में शामिल कर अनुमोदन प्राप्त करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस पहल के सफल क्रियान्वयन से रिम्स न केवल पूर्वी भारत के प्रमुख चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा, बल्कि झारखंड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने तथा राज्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### गंगासागर सेतु प्रोजेक्ट में बड़ा राजफाश, ममता सरकार ने नहीं ली केंद्र से आवश्यक मंजूरी

**कोलकाता, एजेंसी।** काकद्वीप व सागरद्वीप के बीच मुड़ीगंगा नदी पर प्रस्तावित गंगासागर सेतु



को लेकर बड़ा राजफाश हुआ है। इस साल पांच जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस सेतु का शिलान्यास किया था और निर्माण का ठेका लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को सौंपा था, लेकिन इस परियोजना के लिए आवश्यक केंद्रीय मंजूरी नहीं ली गई थी। मालूम हो कि मुड़ीगंगा नदी राष्ट्रीय जलमार्ग का हिस्सा है। ऐसे में इसके ऊपर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य के लिए केंद्र सरकार की अनुमति अनिवार्य है। प्रस्तावित सेतु सागरद्वीप के पूर्वी हिस्से में बनाया जाना है, लेकिन इसके लिए केंद्र से मंजूरी हासिल करने की दिशा में पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया था। शिलान्यास के समय भाजपा ने आरोप लगाया था कि सेतु निर्माण की वास्तविक मंशा नहीं है। यह केवल चुनावी रणनीति का हिस्सा है। सत्ता में आने के एक महीने के भीतर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की सरकार ने केंद्रीय जहाजरानी एवं राष्ट्रीय जलमार्ग मंत्रालय के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित किया। सरकार अब सेतु का निर्माण कार्य जल्द शुरू करना चाहती है।

### बिजली विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप, लोनी-मुरादनगर में 35 बिजली चोर पकड़े गए

**गाजियाबाद, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच जिले के लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्रों में बिजली की खपत में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज होने



के बाद विद्युत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया है। विजिलेंस टीम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लोनी और मुरादनगर क्षेत्र में 35 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। विद्युत विभाग के अनुसार मई 2026 में मोदीनगर क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 प्रतिशत, मुरादनगर में 16.5 प्रतिशत और लोनी में 12 प्रतिशत अधिक बिजली खपत दर्ज की गई है। अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण एसी, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों के बढ़ते उपयोग से खपत में यह वृद्धि हुई है। बढ़ती खपत के बीच बिजली चोरी की आशंका को देखते हुए विभाग ने रात्रिकालीन और सुबह के समय विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान पावी लोनी में नौ लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए, जिनके खिलाफ नौ एफआईआर दर्ज की गईं। इन पर कुल 19 किलोवाट का अवैध भार पाया गया। वहीं बलराम नगर लोनी में 15 लोगों और मुरादनगर क्षेत्र में 11 लोगों के खिलाफ भी बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए। मुरादनगर में पकड़े गए उपभोक्ताओं पर कुल 32 किलोवाट का अवैध भार पाया गया। इसके अलावा दो दिन पूर्व भी लोनी के विद्युत वितरण खंड-प्रथम क्षेत्र में सात एफआईआर दर्ज की गई थीं। स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के प्रति विभाग की जीरो टालरेंस नीति है और दोषियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# यूपी में हर पांचवीं महिला बनी संपत्ति की मालकिन, तीन मामलों में फैसले लेने में भागीदारी घटी

## देश में ग्रामीण और यूपी में शहरी महिलाएं आगे

**लखनउ, एजेंसी।** यूपी में महिलाओं को संपत्ति का मालिकाना हक मिलने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। दो सालों में इसमें करीब आठ फीसदी का उछाल आया है। पहले जहां करीब 12 फीसदी महिलाओं के पास मालिकाना हक था अब 20 फीसदी हो गया है। यानी हर पांचवीं महिला संपत्ति की मालकिन बन चुकी है। यह मालिकाना हक एकल या साझा है। इसके पीछे सरकारी योजनाओं और स्टांप ड्यूटी में मिलने वाली छूट को बड़ा कारण माना जा रहा है। महिलाओं को संपत्ति का मालिकाना हक यूपी में अब देश के औसत से भी ज्यादा हो गया है। हालांकि तीन मामलों अपना स्वास्थ्य, घर का बड़ा खर्च और रिश्तेदारों के यहां विजिट के मामले में फैसले लेने में महिलाओं की भागीदारी घटी है।



राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के छठे संस्करण की हालिया रिपोर्ट पर नजर डालें तो पूरे देश में महिलाओं के नाम पर मकान या जमीन का मालिकाना हक होने का ग्राफ 14 से बढ़कर 18.8% पर पहुंच गया है, यानि देश की 18.8% परिवारों में महिलाओं के पास भूमि या मकान का एकल या संयुक्त मालिकाना हक है।

**2021 से 2024 के बीच बढ़ा ग्राफ:** उत्तर प्रदेश की बात करें तो वर्ष 2019 से 2021 के बीच महिलाओं के संपत्ति स्वामित्व का आंकड़ा 12.2% था। यह 2023-24 में बढ़कर 20.1% पर पहुंच चुका है। इससे साफ है कि देश के साथ ही यूपी में महिलाओं के संपत्ति स्वामित्व में शानदार सुधार हुआ है।

खास बात यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण इलाकों की महिलाओं का ग्राफ बेहतर है। ग्रामीण क्षेत्र में 19.1% महिलाओं के पास संपत्ति का मालिकाना हक है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 18.2% है। उत्तर प्रदेश में संपत्ति के मालिकाना हक मामले में शहरी महिलाएं आगे हैं। यहां 20.8% शहरी और 19.8% महिलाओं के पास एकल या संयुक्त मालिकाना हक है।

**इन कारणों से चढ़ा ग्राफ:** यूपी में ग्राफ बढ़ने की पहली वजह सरकार द्वारा महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री में छूट भी है। यूपी में एक करोड़ रुपये कीमत तक की संपत्ति की रजिस्ट्री पर महिलाओं को एक फीसदी स्टांप ड्यूटी की छूट मिलती है। इसने लोगों को महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीद के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए जाने वाले घरों की रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से महिलाओं के नाम पर की जा रही है। यूपी सहित देश में कामकाजी महिलाएं बढ़ने के चलते भी संपत्ति के मालिकाना हक पाने के मामले बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर यूपी में परिवार से जुड़े तीन फैसले लेने के मामले में विवाहित महिलाओं के ग्राफ में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के ताजा आंकड़ों के अनुसार फैसले लेने में महिलाओं की भागीदारी 87.6% से घटकर 85.9% रह गई है। इनमें खुद के स्वास्थ्य, घर के किसी बड़े खर्च और रिश्तेदारों के यहां जाने-आने से जुड़े फैसले शामिल हैं।

## लीलावती ट्रस्ट को बांबे हाई कोर्ट से बड़ा झटका

# एचडीएफसी बैंक के खिलाफ दायर याचिका खारिज, लगा 5 लाख का जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने लीलावती अस्पताल चलाने वाले लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट की अंतरिम याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। याचिका में एचडीएफसी बैंक, उसके प्रबंध निदेशक और सीईओ शशिधर जगदीशन और अन्य लोगों को ट्रस्ट और उसके सदस्यों के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। 'लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट' ने बैंक से 1,000 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करते हुए मानहानि के मुकदमे में अंतरिम याचिका दायर की थी। ट्रस्ट का आरोप है कि बैंक और उसके वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया एवं इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर ऐसे बयान जारी किए, जिनसे ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। जस्टिस सोमशेखर सुंदरेशन की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए यह कहा कि



बयान मानहानि करने वाले नहीं थे और असल में तथ्यों के लिहाज से सही थे। अदालत ने ट्रस्ट पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, जिसका भुगतान एचडीएफसी बैंक को करना होगा। पीठ ने कहा कि एचडीएफसी बैंक का यह बयान कि ट्रस्ट और उसके ट्रस्टी प्रशांत मेहता पर बैंक का पैसा बकाया है, तथ्यों के आधार पर सही था और इसलिए यह सच बोलने के दायरे में आता है।

हाई कोर्ट ने कहा कि ये बयान सिर्फ इसलिए देने पड़े, क्योंकि एचडीएफसी और उसके वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ मीडिया में लगातार लेख प्रकाशित करने का अभियान चलाया जा रहा था।

## फरीदाबाद नगर निगम में बढ़ा सियासी घमासान, मेयर के जवाब के बाद सबकी नजर सरकार पर

**फरीदाबाद, एजेंसी।** प्रदेश सरकार की ओर से भेजे गए नोटिस को लेकर अब मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने भी अपना जवाब शहरी स्थानीय निकाय को भेज दिया है। मेयर ने जवाब में कहा कि सरकार की से जब तारीख निश्चित की जाएगी तो फाइनेंस कमेटी, डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव करवा लिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तारीख तय करने को लेकर मंडलायुक्त को सरकार की ओर से निर्देश जारी होने चाहिए। अब देखना है कि मेयर के जवाब के बाद सरकार का क्या रूख रहता है। पार्षदों के




चुनाव के डेढ़ साल बाद भी फाइनेंस कमेटी और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव नहीं होने पर प्रदेश सरकार ने मेयर और 46 पार्षदों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। इसके साथ ही यह भी चेतावनी दी थी कि अगर नगर निगम की ओर से इस प्रक्रिया का पालन जल्द नहीं करवाया गया तो वह खुद ही फाइनेंस कमेटी गठित कर देंगे।। इसके साथ ही सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर को भी नियुक्त कर देंगे। नोटिस का जवाब देते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री के समर्थक 34 पार्षदों ने कहा था कि मेयर और आयुक्त की वजह से अभी तक फाइनेंस कमेटी का गठन नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि सदन की बैठक में डिप्टी मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर सहित फाइनेंस कमेटी का भी गठन होना था। सभी पार्षद नगर निगम सभागार में मौजूद थे। मेयर और आयुक्त ही बैठक में नहीं पहुंचे। इसकी वजह से चुनाव नहीं हो पाया। इसके साथ ही पार्षदों ने हाईकोर्ट जाने की भी चेतावनी दी। इसके बाद कैबिनेट मंत्री के समर्थक पार्षदों ने अपना जवाब देते हुए कहा कि फाइनेंस कमेटी के गठन को लेकर निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं हो पाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विकास को लेकर किसी भी तरह की कमी नहीं है। मेयर उनकी सभी समस्याओं का समाधान करवा देती हैं। 'नोटिस का जवाब हमारी तरफ से भी भेज दिया गया है। सरकार जिस दिन तारीख तय करेगी। सभी प्रक्रियाओं का पालन करवा दिया जाएगा।

# गाजियाबाद में पोलियो का वायरस मिला, सीवरेज प्लांट के दूषित पानी की रिपोर्ट से हड़कंप; 107 टीमें सक्रिय

**गाजियाबाद , एजेंसी।** पोलियो मुक्त भारत के अभियान को झटका लगा है। गाजियाबाद के डूंडाहेड़ा एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के नमूने की जांच में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस (वीडीपीवी) टाइप-1 मिला है। इससे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। इस जांच रिपोर्ट के बाद शहरी क्षेत्र की 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की 107 टीमें घर-घर जाकर बच्चों की जांच और पोलियो ड्राप्स पिलाने के लिए लगाई गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियोवायरस की निगरानी के लिए हर महीने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के दूषित पानी का सैंपल जांच के लिए भेजा जाता है। हाल ही डूंडाहेड़ा एसटीपी से भी सैंपल लेकर दिल्ली जांच के लिए भेजा गया। सोमवार को विभाग को इसकी रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस (वीडीपीवी) टाइप-1 की पुष्टि की गई। इसके बाद सीएमओ सभागार में बैठक में पीएचसी प्रभारियों को वायरस के स्रोत और नियंत्रण पर मंथन किया। जिसमें तय किया गया कि शहरी 12 पीएचसी की 107 टीमों द्वारा डोर-



टू-डोर सर्वे किया जाएगा। इन क्षेत्रों में 107 टीमें आशा, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ घर-घर जाकर 0 से पांच साल के बच्चों की सेहत की जांच करेंगी और पोलियो ड्राप्स पिलाएगी। वीडीपीवी टाइप-1 की पुष्टि के बाद राजनगर, शास्त्रीनगर, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, दौलतपुरा, न्यू पंचवटी, घुकना, हिंडन विहार, कैला भट्ठा, मिर्जापुर, विजय नगर - 1 और 2और खैराती नगर पीएचसी में सर्वे होगा। बताया गया कि वैक्सीन से उत्पन्न पोलियो वायरस बिना टीका लगे बच्चों की आंतों में आसानी से पनपने और फैलने लगता है। आशंका जताई जा रही है कि जिन क्षेत्रों में स्वच्छता या सैनिटाइजर का स्तर खराब है, वहां संक्रमित व्यक्ति के मल के माध्यम से सीवरेज प्लांट तक पहुंच गया होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह वायरस उन बच्चों को लकवाग्रस्त कर सकता है, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ या रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर है। खराब सफाई और स्वच्छता वाले क्षेत्रों में यह एक बच्चे से दूसरे बच्चे में फैल सकता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने या उनके द्वारा छोड़े गए दूषित स्राव से भी एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।

जिला सर्विलांस अधिकारी डा. आरके गुप्ता ने बताया कि जांच में पोलियो वायरस मिलना चिंता का विषय है। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रियांक खड़गे पर बीवाई विजयेंद्र का पलटवार, कहा- आरएसएस पर हमले से नहीं बदलेगी गुलबर्गा की तस्वीर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने मंगलवार को राज्य के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी टिप्पणियों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने खड़गे पर शासन से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। विजयेंद्र ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं। पिछली कई सरकारों ने संघ पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन अंत में जनता ने उन्हें नकार दिया, जबकि यह संगठन लगभग एक सदी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ भारत के संविधान के दायरे में काम करता है और खड़गे ने एक मंत्री के तौर पर संविधान का पालन करने की शपथ ली है। विजयेंद्र ने संघ के 100 साल पूरे करने का भी जिक्र किया और कहा कि इसका लगातार काम करते रहना जनता की स्वीकार्यता को दर्शाता है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि संघ की आलोचना का इस्तेमाल शासन की प्राथमिकताओं पर ध्यान देने के बजाय सुर्खियां बटोरने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आगे दावा किया कि प्रियांक खड़गे का गुलबर्गा निर्वाचन क्षेत्र विकास के पैमानों पर खराब प्रदर्शन कर रहा है, जिसका कारण उन्होंने वर्षों से खराब शासन और अप्रभावी नेतृत्व को बताया। बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि संघ पर हमला करने से सुर्खियां तो बन सकती हैं, लेकिन इससे उन लोगों के जीवन में कोई सुधार नहीं होता, जिन्होंने आपको चुना है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और गुलबर्गा की जनता को मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के बजाय बेहतर शासन, सार्थक विकास, जवाबदेही और नेतृत्व की हकदार है। सोशल मीडिया पर अपने खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा था कि मुझे गृह मंत्री का पद संभाले अभी 48 घंटे भी नहीं हुए हैं, और फिर भी आपका डर, आपकी चिंता और आपकी परेशानी साफ दिख रही है। आप मुझे गाली देने और जान से मारने की धमकी देने के लिए पहले से ही संघ का इस्तेमाल कर रहे हैं। आगे बढ़िए और जो चाहें वो कीजिए। सबसे महत्वपूर्ण बात, कृपया अपने 'लोगों के समूह' तक मेरा संदेश पहुंचाएं और उनसे यह भी कहें कि वे आपके राजनीतिक वरिष्ठ संगठन के पंजीकरण के लिए दस्तावेज तैयार रखें। उन्होंने आगे यह भी कहा कि संघ को जवाबदेह होना चाहिए और संगठन की पंजीकरण स्थिति, कर छूट और वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठाए।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे के बयान से नाराज भाजपा एमएलसी सीटी रवि ने उन्हें सलाह दी कि वे गुंडों जैसा व्यवहार न करें।

# जीबीयू तैयार करेगा स्पेशल चाइल्ड काउंसलर, प्रदेश का पहला डिप्लोमा कोर्स किया शुरू

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** मानसिक तनाव व अवसाद की समस्या केवल बड़ों की नहीं है, बल्कि बच्चों में तेजी से बढ़ रही है। बच्चों में पढ़ाई-करियर के बढ़ते दबाव, एकांकी जीवन के अलावा मोबाइल की लत भी उनको अवसाद की ओर ले जा रही है। बड़ों के मुकाबले बच्चों में अवसाद और मानसिक तनाव के अलग-अलग लक्षण होने के साथ ही उनको विशेष तौर पर समझने वालों की भी कमी है। इस समस्या को हल करने के लिए गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) ने प्रदेश का पहला एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग कोर्स शुरू किया है।

जीबीयू में कोर्स के माध्यम से बच्चों की काउंसलिंग करने वाले विशेष मनोविज्ञानी व मनोचिकित्सक विशेषज्ञ तैयार किए जाएंगे। यह एक वर्ष का डिप्लोमा प्रोग्राम है। यह कोर्स भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। कोर्स के लिए विश्वविद्यालय में 25 सीटें घोषित की गई हैं। युवाओं में बच्चों के मानसिक काउंसलर बनने के लिए होड़ देखने को मिल रही है। घोषित की गई सीटों के मुकाबले पहले ही राउंड में लगभग 100 आवेदन आ चुके हैं।



मनोविज्ञानी व मनोचिकित्सक विभागाध्यक्ष डा. आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बच्चों में मानसिक स्थिति खराब होने व अवसाद में जाने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एंग्जायटी, डिप्रेशन और सेल्फ-हार्म के मामले स्कूलों में तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी को देखते हुए जीबीयू में कोर्स की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि प्रति महीने 90 से 120 मामले बच्चों के उनके पास आते हैं। इनमें से अधिकतर मामले शहर के स्कूलों से रेफर किए गए बच्चों के होते हैं। काउंसलिंग के लिए आने वाले बच्चों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में दो से तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। डिप्लोमा कोर्स में छात्रों को चाइल्ड साइकोलाजी, बिहेवियरल डिसआर्डर, लर्निंग डिसेबिलिटी, आटिज्म, एंग्जायटी मैनेजमेंट और क्राइसिस इंटरवेंशन जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। सबसे अहम है कि विद्यार्थियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड पर ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान वह सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, जिला अस्पताल के साइकेट्री वार्ड और एनजीओ जाएंगे।

## हरियाणा के रोहतक में जूते के शोरूम में भीषण आग, 8 घंटे बाद भी बेकाबू, अब तक 2 की मौत

**रोहतक , एजेंसी।** हरियाणा के रोहतक में जूते के शोरूम में भीषण आग लग गई है जिसने नजदीकी 10 दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया है. घटनास्थल से अब तक 2 शव निकाले जा चुके हैं. वहीं 8 घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है. आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां कड़ी मशक्कत कर रही हैं. मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. आग ने देखते ही देखते आसपास की 10 दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया है. आग से निकल रहे धुएं के गुबार को काफी दूर से देखा जा सकता था. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब 2 बजे मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिशें शुरू हो गई. बेकाबू आग को देखते हुए रोहतक के अलावा जींद, भिवानी, झज्जर, बहादुरगढ़ और गोहाना से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं. एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है. साथ ही मौके पर छ्ष्ट सचिन गुप्ता, स्क्क गौरव राजपुरोहित और ढ्ढत्न सिमरदीप सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं. आग लगने की घटना हरियाणा के पूर्व सीएम और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कोठी से करीब 50 मीटर दूरी पर हुई है.

# साल 2008 के बाद पहली बार गुरुग्राम नगर निगम के 4 जोन बनेंगे 8, बदलेगी विकास की गति?

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर के लगातार विस्तार, बढ़ती आबादी और नागरिक सुविधाओं के बेहतर बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम में अब चार की जगह आठ जोन बनाए जाएंगे। इसको लेकर निगम ने एक नक्शा भी तैयार कर वार्डों का भी बंटवारा कर दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल अंतिम मुहर बाकी है। बैठक में चर्चा कर इस पर फैसला लिया जाएगा। एक जोन में आसपास के ही वार्ड हों, इसको लेकर तैयारी की जा रही है। बता दें कि वर्ष 2008 में नगर निगम के गठन के बाद पहली बार जोनल व्यवस्था में इतना बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया गया है। निगम अधिकारियों का मानना है कि इससे स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक निगरानी मजबूत होगी और लोगों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो सकेगा। नगर निगम ने नए जोनों के गठन को लेकर प्रारंभिक खाका तैयार कर लिया है। इसके तहत सभी 36 वार्डों का भी नए सिरे से विभाजन किया गया है। हालांकि प्रस्ताव पर अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है। निगम प्रशासन द्वारा तैयार किए गए मसौदे में प्रत्येक जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड तय कर दिए गए हैं। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार आठ जोन बनाने की दिशा में तैयारी चल रही है। निगम क्षेत्र का दायरा पहले की तुलना में काफी बढ़ चुका है और आबादी में भी लगातार बढोतरी हुई है। ऐसे में मौजूदा व्यवस्था पर कार्यभार बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए यह बदलाव जरूरी माना जा रहा है। फिलहाल नगर निगम का कार्य संचालन चार जोनों के माध्यम से किया जा रहा है और प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी एक-एक एचसीएस अधिकारी को संयुक्त आयुक्त के रूप में सौंपी गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सभी आठ जोन के लिए अलग-अलग संयुक्त आयुक्त अथवा अतिरिक्त निगमायुक्त स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी एचसीएस या आईएएस स्तर के होंगे। इस बदलाव के बाद निगम प्रशासन को अतिरिक्त अधिकारियों की आवश्यकता भी होगी। अधिकारियों का मानना है कि छोटे जोन में क्षेत्रीय समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। निगम प्रशासन के अनुसार जोन की संख्या बढ़ने का सबसे बड़ा फायदा निगरानी व्यवस्था को मिलेगा।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### दिल्ली अग्निकांड- कागजों में थी लोगों की सुरक्षा और मौत हकीकत में

इतने लोगों के मारे जाने के बाद अब जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, उससे यही साबित होता है कि इस हादसे की समूची भूमिका पहले से तैयार थी और इसमें इमारत के मालिक से लेकर सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी थी।कोई हादसा एक मामूली कोताही का नतीजा हो सकता है, लेकिन अगर वह गलती बनी रहती है या उससे सबक लेकर भविष्य में सावधानी बरतने और बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं किए जाते हैं, तो उन्हें आपराधिक लापरवाही से कम नहीं माना जा सकता। दिल्ली में मालवीय नगर के एक होटल में दो दिन पहले आग लगने से इक्कीस लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, बिहार के मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कई जगहों पर रिहाइशी इमारतों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। जहां तक मालवीय नगर की घटना का सवाल है, तो यह संभव है कि वहां अचानक लगी आग पूरी इमारत में फैल गई। मगर इतने लोगों के मारे जाने के बाद अब जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, उससे यही साबित होता है कि इस हादसे की समूची भूमिका पहले से तैयार थी और इसमें इमारत के मालिक से लेकर सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी थी। सवाल है कि अगर होटल के पास दिल्ली अग्निशमन विभाग की ओर से जारी किया जाने वाला अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिर छह कमरों के लाइसेंस पर अगर पच्चीस कमरे अवैध रूप से बनाकर कारोबार संचालित किया जा रहा था, तो यह किसकी अनदेखी से संभव हुआ? धोखाधड़ी करके इमारत के भूतल पर एक पूरी रेस्तरां चलाई जा रही थी, तो क्या यह कोई छिपी गतिविधि थी?जिस इमारत में अलग-अलग कारणों से हर समय खासी संख्या में लोगों के मौजूद होने की स्थिति थी, वहां आग लगने या अन्य किसी आपात स्थिति में बचने के लिए बाहर निकलने का रास्ता बाधित क्यों था? इलेक्ट्रॉनिक लॉक प्रणाली से जोखिम की आशंका होने के बावजूद मुख्य दरवाजे के खुलने-बंद होने की डिजिटल व्यवस्था की अनुमति किसने दी थी? सच यह है कि इमारत में जो हादसा सामने आया, वह सिर्फ कमाई की अदम्य भूख में सुरक्षा इंतजामों के अनिवार्य पहलू को लेकर एक आपराधिक लापरवाही और सरकार के संबंधित महकमों की ओर से की गई अफसोसनाक अनदेखी का नतीजा है। दरअसल, नियमों को ताक पर रखकर चलाई जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के संचालक तभी ऐसा कर पाते हैं।

### मणिपुर- शांति के दावों के बीच कायम संकट

मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।मणिपुर में सरकार के तमाम दावों के बावजूद हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। सामुदायिक संघर्ष, उग्रवादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता और सुरक्षाबलों की उदासीनता से राज्य में कानून-व्यवस्था फिर से पटरी से उतरती प्रतीत हो रही है। ऐसे में शांति कायम करने की दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति, गंभीरता और संवेदनशीलता का अभाव भी साफ नजर आता है।यही वजह है कि राज्य में उग्रवादियों के लक्षित हमले, आमजन को बंधक बनाने, निर्दोष लोगों की हत्या करने, आगजनी और इन वारदातों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। शुक्रवार को भी कांगपोकपी जिले में एक गांव पर सशस्त्र हमलावरों ने धावा बोल दिया और गोलीबारी में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि आखिर हिंसा की यह चिंगारी अंदर ही अंदर क्यों सुलगती जा रही है? दरअसल, यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की ही समस्या नहीं है, बल्कि आम लोगों में पनप रहा अविश्वास और असुरक्षा की भावना भी इसकी बड़ी वजह है।गौरतलब है कि मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

*मध्यवर्गीय परिवार हर मोर्चे पर जूझकर अपने बच्चों के सपनों को साकार करने का अवसर देते हैं। कम से कम संसाधनों में तैयारी करने वाले बहुत से बच्चों के पास सही समय पर पौष्टिक भोजन लेने और पर्याप्त आराम करने की व्यवस्था भी नहीं होती। कितने ही बच्चे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य समस्याओं के दुश्चक्र में फंस जाते हैं।*

## नीट यूजी-कब थमेगा सपनों का यह कत्ल? सरकारी व्यवस्था से हार रहे हैं बच्चे

**(मोनिका शर्मा)**

पेपर लीक के कारण फिर से परीक्षा होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को दोबारा तैयारी के लिए मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है। परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कई परिवारों में गहने और जमीन तक बिक जाती है। केंद्रीय परीक्षा नीट-यूजी 2026 का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यह पीड़ादायक है कि देश के किसी न किसी हिस्से से अब भी बच्चों के जीवन से हारने की खबरें आनी जारी हैं। हमारे देश में प्रतियोगी परीक्षाएं जीवन संवारने की एक उम्मीद होती हैं। आशाओं का एक ऐसा द्वार, जिसे पार कर अच्छा भविष्य बनाने के लिए हर वर्ष लाखों बच्चे और उनके स्वजन तपस्या की तरह तैयारी में जुट जाते हैं। यही वजह है कि इन इम्तिहानों का निरस्त होना सीधे-सीधे उनके सपनों पर कुठाराघात होता है। इन घटनाओं के कारण वर्षों की श्रमशील दिनचर्या व्यवस्था की लचरता की भेंट चढ़ जाती है, जिसके चलते बच्चे भावी जीवन से जुड़ी अनिश्चितता, मानसिक अवसाद और सपनों के बिखरने की पीड़ा से जूझते हैं। कुछ समय पहले नीट परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक की चर्चा के बीच रद्द किया गया। अब इसकी जांच सीबीआई कर रही है। तकलीफदेह है कि प्रश्नपत्र लीक होने के अधिकतर मामले जांच-पड़ताल तक ही सिमट कर रह जाते हैं। जबकि ऐसी घटनाएं पहले से ही गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में भविष्य बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे बच्चों के श्रम और उनकी प्रतिबद्धता पर पानी फेर देती हैं। इस बार भी एनटीए के इस फैसले के बाद करीब बाईस लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। कई बच्चों की आत्महत्या की खबरों के बीच बहुत से बच्चों द्वारा आक्रोश जताने वाले विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई से जुड़े संघर्ष और हालात का हवाला दिया। स्पष्ट है कि पूरे समाज को निराशा और अविश्वास की ओर धकेलने वाले ऐसे वाकये चिंतनीय हैं और हमारी अकादमिक व्यवस्था से भरोसा कम करने वाले हैं। असल में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं को केवल अभ्यर्थियों की समस्या के तौर पर नहीं देखा जा सकता। व्यवस्थागत मोर्चे पर बड़ी खामी को उजागर करने वाली ये घटनाएं अभ्यर्थी के पूरे परिवार को आघात पहुंचाती हैं। देश के आम परिवार के लिए ये मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक मोर्चे पर पीड़ादायी होती हैं। निराश होकर बच्चों के जीवन से मुंह मोड़ लेने वाले मामलों की तो कोई क्षतिपूर्ति ही नहीं हो सकती। दुखद है कि नीट परीक्षा निरस्त होने के बाद ऐसे कई दुर्भाग्यपूर्ण मामले भी सामने आए। राजस्थान के झुंझुनूं जिले में नीट की तैयारी कर रहे बाईस वर्षीय छात्र ने परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक विवाद से आहत होकर अपनी जान दे दी। अभ्यर्थी के पिता के मुताबिक, बहुत अच्छा पेपर होने और अच्छे अंक आने की उम्मीद को लगी ठेस के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में जीवन से हार मान लेने वाले इक्कीस वर्षीय छात्र के परिवार का कहना है कि वह अपने तीसरे प्रयास में डॉक्टर बनने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त था, लेकिन परीक्षा खारिज होने के समाचार ने उसका मनोबल तोड़ दिया। दिल्ली के आजादपुर में आत्महत्या करने वाली बीस वर्षीय छात्रा के परिजनों ने बताया कि परीक्षा रद्द होने के बाद वह मानसिक अवसाद में चली गई थी। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के कई बच्चे भारी मुश्किलों में करते हैं तैयारी समझना कठिन नहीं है कि यह संसाधनों का ही नहीं, अनमोल मानवीय जीवन का भी नुकसान है। कितने ही बच्चों और उनके स्वजनों के सपने अनिश्चितता के घेरे में आ जाते हैं। नीट यूजी-2026 निरस्त होने से देशभर में अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। यह स्थिति लाखों युवाओं और उनके परिवारों के संघर्षों पर आघात करने वाली है। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले कई बच्चे अनगिनत मुश्किलों से जूझकर ऐसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। अधिकतर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शुल्क राशि आम परिवारों के लिए बड़ा बोझ होती है। दूरदराज के इलाकों से आने वाले गरीब घरों में तो अभिभावकों को बच्चों के घर से दूर रहने और कोचिंग के खर्च के लिए कर्ज तक लेना पड़ जाता है। मध्यवर्गीय परिवार हर मोर्चे पर जूझकर अपने बच्चों के सपनों को साकार करने का अवसर देते हैं। कम से कम संसाधनों में तैयारी करने वाले बहुत से बच्चों के पास सही समय पर पौष्टिक भोजन लेने और पर्याप्त आराम करने की व्यवस्था भी नहीं होती। कितने ही बच्चे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य समस्याओं के दुश्चक्र में फंस जाते हैं। इसी वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान भी बच्चों की आत्महत्या के मामले सामने आते रहते हैं। इसके अलावा, पेपर लीक के कारण फिर से परीक्षा होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को दोबारा तैयारी के लिए मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है। परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कई परिवारों में गहने और जमीन तक बिक जाती है। गांवों-कस्बों से बार-बार परीक्षा देने आने के लिए भी खर्च करना पड़ता है। यही वजह है कि इन वाकयों के कारण मेहनत के बल पर अपने सपने पूरे करने का मार्ग चुनने वाले योग्य उम्मीदवार और उनके अपने ठगा-सा महसूस करते हैं। इस स्थिति में किसी एक परिवार में ही नहीं, पूरे समाज में निराशा फैलती है। ऐसे में परीक्षा लेने के तरीके में बदलाव और व्यवस्थागत सख्ती जरूरी है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में प्रश्नपत्र लीक को लेकर सख्त कानून होने के बावजूद परीक्षाओं की निष्पक्षता, गोपनीयता और पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। बच्चों को हताशा ही नहीं, जान देने वाले हालात तक ले जाने वाली घटनाएं रुक नहीं पा रही हैं। जबकि प्रश्नपत्र लीक, नकल गिरोह और परीक्षाओं में धांधली पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2024 में कठोर कानून भी बनाया गया था। 'सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम' में दोषियों के लिए दस वर्ष तक की जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे में सरकार और एनटीए को ऐसे प्रयास करने होंगे कि इन कानूनों का असर भी दिखाई दे। अभ्यर्थियों को मायूसी की ओर धकेलने वालों पर त्वरित कार्रवाई हो। पारदर्शी जांच और दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित किए बिना विद्यार्थियों का विश्वास नहीं जीता जा सकता।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## समूचे संसार को निगलता अहंकार का दावानल

**(डॉ. रवीन्द्र अरजरिया)**

देश - दुनिया के सामने अस्थिरता का परिदृश्य नित नये रंग दिखा रहा है। ईरान जैसे छोटे से देश के सामने अमेरिका जैसी महाशक्ति का घुटने टेकने की स्थिति का निर्मित होना, पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों की धमकी देना, डीप स्टेट के षडयंत्र से अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन होना, बढती आबादी के मध्य आर्थिक मंदी का दौर लाना, पर्यावरण की कीमत पर भौतिक सुविधायें जुटाना, निजी स्वार्थों के लिए राष्ट्रहितों को तिलांजलि देना, नियम-कानून-कायदों पर शक्तिशालियों का पूरी तरह कब्जा होना, आतंक के सहारे साम्राज्य स्थापित करना, मानव पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का हावी होना, अकर्मण्यता का बोलबाला होना, तुष्टीकरण की तलवार से प्रतिभाओं को मौथला करना जैसे अनेक बिन्दु समूचे संसार में दावानल की तरह विकराल होते जा रहे हैं। सत्ता के लालच में हाशिये के बाहर पहुंच चुके आदर्श आज अपनी बेबसी पर जार-जार रो रहे हैं। मृगमारीचिका के पीछे छुपे वर्चस्व वाले अहंकारी लक्ष्य को प्राप्त करने की होड में अब देशों, प्रदेशों, सम्प्रदायों, जातियों, नस्लों, क्षेत्रों आदि के मध्य जंग छिड चुकी है। चारों ओर अस्थिरता, असुरक्षा और अशान्ति का वातावरण निर्मित हो चुका है। इस दौर को लेकर भविष्यवक्तओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। उन्नीसवीं सदी में ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इक्कीसवीं सदी को उज्जवल भविष्य के रूप में रेखांकित करते हुए आने वाले झंझावातों की पहले से ही चेतावनी दे दी थी। पराविज्ञान की चरमसीमा पर पहुंच चुके देवऋषियों के अनुसंधानों को जीवन में उतारने की पर बल दिया था। हम बदलेंगे, युग बदलेगा का नारा दिया था। जय गुरुदेव, सतयुग आयेगा का जयघोष करने वाले संत ने भी उपचाररहित बीमारियों के फैलने, अन्न के लिए तरसने, शाकाहार लेने जैसी अनेक घोषणायें की थीं। बीमारियों वाली घोषणा ने कोरोना काल में अपनी उपस्थित दर्ज करवा दी थी। ऐसे ही जनसंख्या के अनियंत्रित विस्तार पर खाद्यान्न की किल्लत, मांसाहार के दुष्प्रभाव आदि को भी समझा जा सकता है। लगभग छः सौ वर्ष पूर्व हमारे ही देश के उडीसा राज्य के महान संत स्वामी अच्युतानन्द दास ने भविष्य मालिका नामक ग्रन्थ में देश के वर्तमान हालातों को पूर्व में ही लिख दिया था। उडिया भाषा में लिखे गये शब्दों की सार्थकता अब शतप्रतिशत सत्य होती दिख रही है। उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों से लेकर भारतवर्ष का अपने ही अलग हुए हिस्से के साथ विकराल युद्ध की स्थितियों तक को विवेचित किया है। तेल के खेल और धन के बल जैसी व्याख्यायें भी इसी ग्रन्थ में उल्लेखित है। प्रकृति के विनाशकारी परिवर्तन से आने वाली आपदाओं की संख्या में अप्रत्याशित बढोत्तरी होने, कृत्रिम विषाणुओं को हथियार बनाकर शत्रुओं पर प्रहार करने, वैश्विक सिद्धान्तों-आदर्शों-मान्यताओं पर स्वार्थ का कब्जा होने तथा दैत्यों के आतंक से जनमानस के पीडित होने जैसी अनेक घटनाओं का उडिया ग्रन्थ में उल्लेख मिलता है। भविष्य मालिका में लिखा है कि भारत से एक आध्यात्मिक शक्ति का उदय होगा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करेगी। इसी तरह बुल्गारिया देश की निवासिनी बाबा वेंगा की 12 वर्ष में तूफानी चपेट के कारण नेत्रों की रोशनी चली जाने के बाद उन्हें भविष्य देख पाने की रहस्यमयी शक्ति का अचानक अनुभव हुआ था। यद्यपि उन्होंने स्पष्ट भविष्यवाणियां नहीं की थी परन्तु संकेतों में व्यक्त की गई भावी घटनायें अतीत में सत्य प्रमाणित होती चली गईं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 6118



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1950 को हिंदी फिल्मों के इस प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ने जन्म लिया था (4)
5. मध्यम, सामान्य, बीच की संख्या (3)
7. मर्मज्ञ (3)
8. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
11. हुनर, कला, सर्पशीर्ष (2)
12. अवस्था, उम्र (2)
14. पुत्र, बेटा (2)
16. आदर, सत्कार, सम्मान (3)
14. पैरवी करना, वकील होने का भाव (4)
17. पथभ्रष्ट होना, मार्गच्युत होना (4)
19. गमत प्रस्थिती, प्रेषिति (3)
21. नामकरण संस्कार होना, नामदेना (5)
22. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर, सादृश्य, समरूप समान (1)

**ऊपर से नीचे**
1. पद, स्थान, क्षेत्रदर्जा, पोस्ट (3)
2. मेरा या मेरी (2)
3. आदिम, सुदुर, भूतकालीन (4)
4. कारण (अंग्रेजी)(3)
5. संतान, पुत्र या पुत्री, वंशधर, कुलधर (3)
6. श्रीराम के अनुज भरत के ज्येष्ठ पुत्र जिन्होंने तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)
9. कृष्ण पक्ष, अंधेरा पाख (2)
10. नईजिंदगी, नया जीवन (5)
11. जीत, विजय (उर्दू) (3)
13. एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या दो अधिक आर आने पर प्रत्येक बार भिन्न अर्थ देता है (3)
14. सुबकी ले-लेकर रोना (4)
15. इस देश की राजधानी अकरा है (2)
16. अनथका, स्फूर्त, नवीन (2)
18. यह देश तीनों ओर से फारस की खाड़ी से घिरा है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
20. वक्षस्थल, सिलाई करना (2)

### वर्ग पहेली 6117 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | दी | व | | | अ | ज |
| न | ग | | न | ई | दु | नि | या |
| स | न | | ज | द | | ल | |
| रो | | भू | | | | कुं | भ |
| व | का | ल | त | | गो | ब | र |
| र | मा | ना | | अ | | ले | ना |
| | य | | सा | के | त | | |
| म | नी | ला | | ला | ल | कि | ला |

## आज का राशिफल

### मेष
आपके घर में आपसी प्रेम और सहयोग बना रहेगा। पिता का सहयोग आपको विशेष रूप से मिलता रहेगा। कोई काम जो काफी समय से फंस रहा था वह पूरा हो सकता है। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारीवर्ग से विवाद से बचना होगा। किसी बात आपको चुभ सकती है, अपनी मर्यादा का ध्यान रखते हुए काम करें। जीवनसाथी के साथ प्रेम बढ़ेगा।

### वृष
आज अपनी सेहत का ध्यान रखें। थकान और मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं। आपके लिए बेहतर होगा कि महत्वपूर्ण काम में जल्दबाजी करने से बचें। कुछ लोगों का व्यवहार अप्रत्याशित हो सकता है जिससे आपको परेशानी हो सकती है। सरकारी क्षेत्र से संबंधित काम में आपको परेशानी हो सकती है। आपके लिए चतुर लोगों से सतर्क रहने में ही भलाई है।

### कर्क
आज का दिन अच्छा है। आप कल और संगीत में रुचि लेंगे। आपको कुछ रचनात्मक काम करने का भी मौका मिलेगा। आर्थिक पक्ष आपका संतुलित रहेगा। कारोबार के मामले में दिन व्यस्तता भरा लेकिन लाभदायक रहेगा। लव लाइफ के मामले में दिन रोमांटिक रहेगा। आपको कोई गिफ्ट भी प्राप्त हो सकता है।

### सिंह
आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आप पारिवारिक जीवन मे सुख और आनंद पाएंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अधिकारीगण आपके काम से प्रभावित होंगे आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। खान-पान में संयम रखें, स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने की आशंका है।

### मिथुन
आपके लिए दिन थोड़ा खर्चीला रह सकता है। भावुकता पर काबू रखेंगे तो आपको फायदा होगा। वैसे आर्थिक पक्ष आपका संतुलित बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी बढ़ने से थोड़ी परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल और प्रेम बना रहेगा।

### कन्या
आपके लिए आज का दिन पारिवारिक जीवन में आनंद और खुशियों को लेकर आने वाला है। आप सुबह से दिन अपने काम को लेकर सजग रहेंगे जिसका आपको सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। आपके जीवन में लाभ और अप्रत्याशित खुशी लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी।

### तुला
आज आपके लिए दिन मंगलकारी रहेगा। आप चुनौतियों को पार पाने में सफल रहेगे। आर्थिक मामलों में आप अपनी योजनाओं को सफल बना सकते हैं। किसी सगे संबधी की आप मदद भी करेंगे। नौकरी मे आपको अपने अनुभव और तकनीकी ज्ञान के साथ ही साथ प्रबंधन क्षमता का भी फायदा मिलेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन धर्म कर्म में रुचि पैदा करने वाला रहेगा। आप धैर्य और संयम से स्थिति को संभालने में सफल रहेगे। आप अपने लिए कुछ खरीदारी भी कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ सहयोग से आप कुछ घरेलू मुद्दों को सुलझा पाएंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की आपको मदद भी करनी पड़ सकती है। पिता और पैतृक पक्ष से आपको लाभ मिल सकता है।

### मकर
आज का दिन भाग्यवर्धक रहेगा। आप जहां कार्यक्षेत्र में सफलता और सम्मान पाएंगे वहीं आपको आर्थिक लाभ का भी मौका मिलेगा। आपको पारिवारिक जीवन में भी सुख प्रदान करेगा। शिक्षा और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बढेगी। प्रेमी के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। किसी दूरस्थ संबंधी से अच्छी खबर मिलेगी।

### कुंभ
आज का दिन मानसिक उलझन को बढाने वाला रहेगा। आपका कोई काम अटक सकता है। आर्थिक मामलों में भी आपको संभलकर चलना होगा। दिन खर्चाला रह सकता है। वैवाहिक जीवन में आपको जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर चलना होगा, किसी बात को लेकर आपस में मतभेद हो सकता है। जोखिम वाले काम से आपको बचना चाहिए। राजनीतिक क्षेत्र से आपको लाभ मिल सकता है।

### धनु
आज का दिन करियर में सफलतादायक रहेगा। नौकरी में आपको कुछ नया और रोमांचक करने का मौका मिल सकता है। आर्थिक पक्ष आपका संतुलित रहेगा। आपको बिजनेस में कोई लाभदायक डील मिल सकती है। आर्थिक मामलों में आपको पुराना फंसा हुआ धन मिल सकता है। दिन का दूसरा भाग आपका रोमांटिक बीतेगा, जीवनसाथी के साथ मनोरंजक समय बिता पाएंगे।

### मीन
आज का दिन सुखद और रोमांटिक रहेगा। आपका काम और कारोबार सुचारू रूप से चलेगा। आपको कुछ नया करने और सीखने का भी मौका मिलेगा। आप किसी नए प्रोजेक्ट और योजनाओं पर भी काम शुरू कर सकते है। आपकी राशि से पंचम में चंद्रमा और नवम में गुरु का गोचर हो रहा है जो आपको लाभ के साथ आर्थिक संतुलन बनाए रखने की भी क्षमता दे रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को 21 साल बाद हराया

## मीरपुर वनडे में 86 रन से मात दी, नाहिद राणा ने 4 विकेट झटके

**मीरपुर (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने मीरपुर में खेले गए पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 86 रन से हरा दिया। बांग्लादेश की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे इतिहास में यह केवल दूसरी जीत है। उसने ऑस्ट्रेलिया को पहली बार 2005 में हराया था। टीम में 4 साल बाद वापसी कर रहे मोसाद्देक हुसैन ने मीरपुर वनडे में नाबाद 86 रन की पारी खेली और फिर 2 विकेट भी लिए। नाहिद राणा ने 4 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया की टीम पिछले हफ्ते पाकिस्तान से वनडे सीरीज 1-2 से हारने के बाद बांग्लादेश पहुंची है। उसे यहां पहले ही मैच में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।




**खराब रोशनी और बारिश के कारण रुका मैच** – बांग्लादेश ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट पर 284 रन बनाए। 285 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने जब 42.2 ओवरों में 9 विकेट खोकर 191 रन बनाए थे, तभी बिजली कड़कने और बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू न होने की स्थिति में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत बांग्लादेश को 86 रन से विजेता घोषित कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कैमरन ग्रीन 52 रन बनाकर नाबाद रहे।

**मोसाद्देक हुसैन की शानदार वापसी, शांतो और तंजीद के भी अर्धशतक** – मोसाद्देक हुसैन बांग्लादेश की जीत के सबसे बड़े हीरो रहे। उन्होंने महज 70 गेंद में 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 86 रन कूट डाले। हालांकि, इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई फील्डर्स ने उन्हें तीन जीवनदान भी दिए। कूपर कॉनोली, ओलिवर पीक और एडम जम्पा ने उनके कैच छोड़े, जिसका मोसाद्देक ने पूरा फायदा उठाया। उनके अलावा कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 67 और ओपनर तंजीद हसन ने 54 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 38 रन देकर 3 विकेट लिए।मोसाद्देक हुसैन ने 70 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

# वनडे विश्व कप सेमीफाइनल के बाद सचिन तेंदुलकर सर से मिली थी ये सलाह : जेमिमा रोड्रिग्स

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक फोन कॉल ने उन्हें एकाग्रता वापस पाने में मदद की क्योंकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेली गई अपनी यादगार पारी के बाद वह काफी भावुक और उत्साहित थीं। जेमिमा ने नाबाद 127 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को पिछले साल नवी मुंबई में अपना पहला विश्व खिताब जीतने के रास्ते में दुनिया की सबसे मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया को हराने में मदद की। उन्होंने कहा कि तेंदुलकर की सलाह ने उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में मदद की। जेमिमा ने जियो हॉटस्टार से कहा, सचिन सर ने मेरे कोच प्रशांत शेट्टी को फोन किया। उन्होंने उनसे कहा कि वह मुझे बताएं कि वह समझते हैं कि पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत भारी रहे हैं, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी पारी खेलना, उन्हें हराने की खुशी। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने मुझे याद दिलाया कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अब भी फाइनल जीतना था। उन्होंने कहा, उसे एक तरफ रखने की कोशिश करो और शून्य से शुरुआत करो। उस संदेश ने मेरा मन शांत करने में काफी मदद की।जेमिमा ने कहा, मैं समझ गई कि आपने पहले क्या किया है उससे आप अगला मैच नहीं जीत सकते। आपको हर मैच को एक नई शुरुआत के तौर पर लेना चाहिए। एक दिग्गज की उस सलाह ने फाइनल से पहले मुझे बहुत स्पष्टता दी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में शेफाली वर्मा (87 रन और 36 रन पर दो विकेट) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। सलामी बल्लेबाज शेफाली ने बताया कि उस समय उनके पिता की कही बातों ने उन्हें बहुत हिम्मत दी। शेफाली ने कहा, फाइनल से पहले हमें दो दिन का आराम मिला था। मेरे पिता ने मुझे एक वॉयस नोट भेजा। उन्होंने कहा, बस कड़ी मेहनत करो। मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ दो और ऐसा कुछ कर दिखाओ कि इतिहास में लिखा जाए कि शेफाली वर्मा ने भारत को विश्व कप जिताने में मदद की।

# आईसीसी रैंकिंग : हैरी ब्रुक बने नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज

## ● जो रूट की बादशाहत खत्म, गिल-सुंदर ने लगाई लंबी छलांग




**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी टेस्ट रैंकिंग 2026 आईसीसी ने मेंस टेस्ट रैंकिंग का ताजा अपडेट जारी की है और बल्लेबाजों की लिस्ट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंग्लैंड के उप-कप्तान हैरी ब्रूक एक बार फिर दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अपने ही साथी जो रूट से नंबर-1 की कुर्सी छीन ली है। ब्रूक इससे पहले दिसंबर 2024 में भी नंबर-1 पर पहुंचे थे। लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के पहले मैच ने रैंकिंग पलट दी। बता दें कि इंग्लैंड-न्यूजीलैंड का पहला टेस्ट मुकाबला लो-स्कोरिंग था, जिसे इंग्लैंड ने 115 रन से जीता।

**आईसीसी रैंकिंग में हैरी ब्रूक बने नंबर-1 बैटर** –हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में अहम अर्धशतक जड़ा था, जिसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला। वहीं पूर्व कप्तान जो रूट के लिए ये टेस्ट किसी बुरे सपने से कम नहीं था। रूट दोनों पारियों में मिलाकर सिर्फ 9 रन बना सके। पहली पारी में 1 और दूसरी पारी में 8 रन बनाकर वह आउट हुए। इस खराब प्रदर्शन के बाद आईसीसी टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में वह सीधे नंबर-1 से नंबर-3 पर खिसक गए हैं। उनके इस खराब प्रदर्शन का फायदा ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड को मिला है। हेड अब दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। यानी टॉप-3 में अब ब्रूक पहले, हेड दूसरे और रूट तीसरे नंबर पर हैं। बता दें कि इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट 17 जून से द ओवल में खेला जाएगा। रूट के पास वापसी का मौका होगा।

**गिल- सुंदर- कुलदीप को फायदा** –अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में कप्तान शुभमन गिल का बल्ला गरजा। उन्होंने शानदार शतक लगाया और टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उस शतक से गिल को आईसीसी टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में 2 पायदान का फायदा हुआ है। वो अब 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। कुलदीप यादव को बॉलर्स रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ और वह 14वें पायदान पर पहुंचे।वहीं ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने भी लंबी छलांग लगाई है। वह ऑलराउंडर्स रैंकिंग में 2 स्थान के फायदे के साथ 9वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के बेन डकेट 3 पायदान चढ़कर 15वें और विकेटकीपर जेमी स्मिथ 5 जगह की छलांग लगाकर 23वें नंबर पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को भी 15 स्थान का फायदा हुआ और वो 40वें नंबर पर पहुंच गए।

**गेंदबाजी रैंकिंग में एटकिंसन छाए** – आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के युवा तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने चमक बिखेरी। एटकिंसन 7 पायदान की छलांग लगाकर 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। साथ ही ऑलराउंडर्स की लिस्ट में भी वो 2 पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर आ गए हैं। लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले काइल जैमीसन 22वें और ओली रॉबिन्सन 23वें नंबर पर लौटे हैं। न्यूजीलैंड के नाथन स्मिथ ने 16 पायदान की बड़ी छलांग लगाई और 43वें नंबर पर पहुंच गए है।

### आईसीस एकदिवसीय रैंकिंग में भी फेरबदल

पाकिस्तान के अबरार आईसीसी बॉलर्स रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। हाल ही में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत हासिल की थी। उस सीरीज में अबरार ने 6 विकेट लिए। अब उन्हें उस शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अबरार 2 स्थान छलांग लगाकर वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने भी कमाल किया है। तीन मैचों में उन्होंने 7 विकेट चटकाए थे और अब वह रैंकिंग में 4 पायदान ऊपर चढ़कर 9वें स्थान पर आ गए हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस ने भी सीरीज में 7 विकेट चटकाए थे। इसकी वजह से उन्हें 13 पायदान का फायदा हुआ और वो 31वें नंबर पर पहुंच गए। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 4 विकेट लेने के बाद 23 पायदान ऊपर चढ़कर 24वें नंबर पर आ गए हैं।वहीं, वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में श्रीलंका के दो खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। कुसल मेंडिस 4 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंचे और जनिथ लियानगे 6 पायदान की छलांग लगाकर 22वें स्थान पर पहुंचे हैं।

# भारतीय टीम की बढ़ी मुश्किलें

## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इंजरी की वजह से वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, हार्दिक के पैर में निगल (हल्की चोट) है, जिसके कारण उनका वनडे सीरीज में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। आईपीएल 2026 के दौरान पीठ में ऐंठन की वजह से हार्दिक मुंबई इंडियंस की ओर से कुछ मुकाबले खेलते नजर नहीं आए थे। हार्दिक 2 जून से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मौजूद थे। माना जा रहा था कि हार्दिक को वनडे सीरीज खेलने के लिए सीओई की तरफ से हरी झंडी मिल जाएगी। हार्दिक सीओई में फिटनेस टेस्ट के दौरान पूरी तरह से फिट नजर आए थे। उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने के साथ-साथ फील्डिंग ड्रिल्स में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, यह निगल उन्हें हाल ही में हुआ है, जिसके कारण उनका 13 जून से शुरू हो रही वनडे सीरीज में खेल पाना मुश्किल नजर आ रहा है। सूत्रों ने 'आईएएनएस' को बताया, 'हार्दिक पांड्या को सीओई ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब पता चला है कि उनके पैर में हल्की चोट लग गई है और उन्हें रिकवरी में कुछ हफ्ते लगेंगे।




सूत्र ने आगे कहा, 'इसका मतलब है कि वह अब वनडे सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हो पाएंगे और सीओई में अपने रिहैब पर ध्यान देंगे।' हार्दिक अगर इस सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं होंगे, तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका हो सकता है। बल्लेबाजी के साथ-साथ हार्दिक गेंदबाजी भी करते हैं। हार्दिक 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं।

हार्दिक ने अपना आखिरी वनडे मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेला था। इसके बाद से उन्होंने कोई भी एकदिवसीय मुकाबला नहीं खेला है। हार्दिक का यह इंतजार और भी लंबा हो गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज तक फिट हो पाते हैं या नहीं। हार्दिक से पहले विराट कोहली भी हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो चुके हैं। कोहली के स्थान पर यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है।

### महिला टी20 विश्व कप

# ये 5 गेंदबाज कर सकती हैं दमदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप के 10वें संस्करण का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाना है। आइए आपको उन पांच गेंदबाजों के नाम बताते हैं, जो इस मेगा इवेंट में अपनी टीम के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।

● **एनाबेल सदरलैंड :** भले ही सरदलैंड को ऑस्ट्रेलिया की ओर से ज्यादा कामयाबी टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में मिली हो, लेकिन वह क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भी कारगर साबित हुई है। सदरलैंड का प्रदर्शन पिछले टी20 विश्व कप में कमाल का रहा था। उन्होंने टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए थे और वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही थीं। 26 वर्षीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेले 85 टी20 मुकाबलों में 53 विकेट निकाल चुकी हैं, जबकि वह बल्ले से भी अहम योगदान दे सकती हैं।

● **चार्ली डीन :** इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाज चार्ली डीन अपनी घूमती गेंदों से बल्लेबाजों को खासा तंग कर सकती हैं। डीन इंग्लैंड की ओर से खेले 51 टी20 मुकाबलों में 67 विकेट निकाल चुकी हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी 6.90 का रहा है। विकेट निकालने के साथ–साथ डीन रनों पर अंकुश लगाने के लिए भी जानी जाती हैं। यही वजह है कि इस विश्व कप में उनका प्रदर्शन इंग्लैंड के लिए काफी मायने रखेगा।

● **दीप्ति शर्मा** भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा बड़े मुकाबलों की खिलाड़ी हैं और अहम मैचों में वह दमदार प्रदर्शन करने की काबिलियत रखती हैं। 144 टी20 मुकाबलों के अपने करियर में वह 64 विकेट निकाल चुकी हैं। दीप्ति बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने का हुनर बखूबी जानती हैं। दीप्ति अपनी गेंदबाजी से किसी भी मैच का रुख पलटने का दमखम रखती हैं। वह बल्ले से भी अहम योगदान दे सकती हैं।



● **अमेलिया केर :** न्यूजीलैंड टीम की कप्तान अमेलिया केर के प्रदर्शन पर इस टी20 विश्व कप में हर किसी की निगाहें रहने वाली हैं। अमेलिया के लिए यह साल गेंद और बल्ले दोनों से शानदार गुजरा है। वह 11 मुकाबलों में 6.02 की इकोनॉमी से 11 विकेट निकाल चुकी हैं। अपनी घूमती गेंदों के दम पर वह कीवी टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।

● **शबनम इस्माइल :** रिटायरमेंट से वापस लौटने वालीं शबनम इस्माइल टी20 विश्व कप 2026 में साउथ अफ्रीका के लिए वरदान साबित हो सकती हैं। इस्माइल अपनी रफ्तार के दम पर बल्लेबाजों को शुरुआती ओवरों में खासा तंग करने के लिए जानी जाती हैं। इस्माइल को इंग्लैंड की परिस्थितियों खूब रास आएंगी और रफ्तार के साथ–साथ हवा में स्विंग करती हुई उनकी गेंदें किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकती हैं।

# विमेंस टी20 वर्ल्ड इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कई टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई है। आइए, टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से 5 सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाली टीमों के बारे में जानते हैं।

● **114 रन :** विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर है, जिसने 21 फरवरी 2023 को पाकिस्तान के विरुद्ध केपटाउन में 114 रन से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 5 विकेट खोकर 213 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान निर्धारित ओवरों में 99/9 का स्कोर ही बना सका।

● **113 रन :** साउथ अफ्रीका ने 28 फरवरी 2020 को कैनबरा में खेले गए मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 113 रन के अंतर से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने सलामी बल्लेबाज लिजेली ली (101) के शतक के दम पर 195/3 का स्कोर खड़ा किया, जिसके बाद थाईलैंड को 19.1 ओवरों में महज 82 रन पर समेट दिया।

● **102 रन :** इस लिस्ट में न्यूजीलैंड तीसरे पायदान पर है, जिसने 19 फरवरी 2023 को पार्ल में श्रीलंका के विरुद्ध 102 रन से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सूजी बेट्स (56) और अमेलिया केर (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 162/3 का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 15.5 ओवरों में महज 60 रन पर सिमट गई।

● **98 रन :** इंग्लैंड ने 26 फरवरी 2020 को थाईलैंड के खिलाफ 98 रन से जीत हासिल की थी। कैनबरा में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने नैट साइवर–ब्रंट (नाबाद 59) और कप्तान हीथर नाइट (नाबाद 108) के बीच अटूट 169 रन की साझेदारी के साथ 176/2 का स्कोर बनाया। इसके जवाब में थाईलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 78 रन ही बना सकी।

### एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

# साहिबजादा को सौंपी गई कप्तानी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। साहिबजादा फरहान को इस टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, अब्दुल समद को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 15 सदस्यों वाली टीम में चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल में एक भी मुकाबला नहीं खेला है। ये खिलाड़ी आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद हैं। पाकिस्तान की ओर से 46 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल चुके फरहान ने अब तक किसी भी सफेद गेंद के फॉर्मेट में टीम की कप्तानी नहीं की है। वहीं, अब्दुल समद ने पाकिस्तान की तरफ से सिर्फ 5 टी20 मुकाबले खेले हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा रहे थे।



### एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान टीम का स्क्वॉड

साहिबजादा फरहान (कप्तान), अब्दुल समद (उपकप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, आकिफ जावेद, अली रजा, अराफात मिन्हास, हैदर अली, हसन नवाज, माज सदाकत, मोहम्मद सलमान मिर्जा, साद मसूद, सैम अयूब, सुफयान मोकिम और उस्मान खान (विकेटकीपर)।

### टी20 मुंबई

# शार्दुल की ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने सूर्यकुमार की कप्तानी वाली ट्रायम्फ नाइट्स को हराया

**मुंबई (एजेंसी)।** ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी20 मुंबई 2026 मैच में ट्रायम्फ नाइट्स एमएनई के खिलाफ शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए 24 रन से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने अपने तय 20 ओवरों में 172/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के बल्लेबाजों ने मजबूत शुरुआत की और अंत भी शानदार रहा। जवाब में ट्रायम्फ नाइट्स एमएनई की टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर ऑल-आउट हो गई और कई बल्लेबाजों के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद लक्ष्य से 25 रन पीछे रह गई। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 20 ओवरों में 172/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। साईराज पाटिल ने 46 गेंदों में शानदार 69 रन बनाकर पारी को संभाला, जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। उन्हें सिद्धांत सिंह (28) का अच्छा साथ मिला जबकि शाश्वत जगताप ने सिर्फ 10 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाकर पारी को जोरदार अंत दिया। भारत के लिए 85 इंटरनेशनल मैच खेल चुके कप्तान शार्दुल ठाकुर सिर्फ एक रन ही बना सके। ओपनर अखिल हरवाडकर ने 24 गेंदों में तेज 33 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत की, जबकि परीक्षित वलसांगकर ने भी 20 गेंदों में 33 रन की मनोरंजक पारी खेली, जिसमें तीन छक्के शामिल थे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गया-मुगलसराय रेलखंड पर जाखिम और रफीगंज स्टेशनों के बीच एक युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान नवीनगर निवासी 28 वर्षीय राकेश कुमार, पिता मुरारी चौहान के रूप में हुई है। यह घटना डाउन लाइन में पोल संख्या 518/30 के समीप हुई। सूचना मिलने पर आरपीएफ के सिपाही राकेश कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल युवक को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार सिंह और डॉ. सुमैला ने राकेश कुमार का प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया गया। घटना के बाद राकेश के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घायल युवक का उपचार जारी है।

### सुबदार बिगहा ने जीता कारा नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग का खिताब

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड के कारा गांव में आयोजित कारा नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग का समापन बुधवार देर सुबह रोमांचक मुकाबले के साथ हो गया। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया और कई दिनों तक चले मुकाबलों के बाद सुबदार बिगहा की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला सुबदार बिगहा और घटारो की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुबदार बिगहा की टीम ने निर्धारित छह ओवरों में 63 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घटारो की टीम निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और 45 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह सुबदार बिगहा ने 18 रन से जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम सुबदार बिगहा को 3500 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता घटारो की टीम को 2500 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए गोलू कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रतिकांत कुमार को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

प्रेम विवाह के बाद भी अक्सर होता था आपस में विवाद , हमले में बाद मृतका के सिर पर लगभग 3 इंच गहरा और 2 इंच लंबा घाव, पति फरार

# पति ने की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या

## राशन लाने की बात पर बढ़ा था विवाद, सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के दधपा गांव में बुधवार की सुबह घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सरकारी राशन लाने को लेकर हुए झगड़े में एक युवक ने अपनी पत्नी की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृतका की पहचान 25 वर्षीय चंचली देवी के रूप में हुई है, जो बारुण थाना क्षेत्र के पोखराही गांव की निवासी थी। आरोपी पति सनोज मेहता बताया जाता है। दोनों ने करीब छह वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था और उनकी दो वर्ष की एक बेटी भी है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, परिवार में सरकारी राशन कार्ड को लेकर पहले से व्यवस्था तय थी। बड़े और छोटे बेटे के अलग-अलग राशन कार्ड होने के बावजूद पिता के बड़े बेटे के साथ रहने चले जाने के बाद यह निर्णय लिया गया था कि हर महीने एक ही राशन कार्ड से अनाज उठाया जाएगा। पिछले महीने राशन सनोज ने लिया था, जबकि इस महीने भी पत्नी चंचली देवी उसे राशन लाने के लिए


पति सनोज मेहता के साथ मृतिका चंचला देवी की फाइल फोटो

कह रही थी। बताया जाता है कि इसी बात को लेकर बुधवार सुबह पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में सनोज ने घर में रखी लोहे की रॉड उठाकर पत्नी के सिर पर कई वार कर दिए।

हमले में चंचली देवी के सिर पर लगभग तीन इंच गहरा और दो इंच लंबा घाव हो गया। गंभीर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और वह घर में ही बेहोश होकर गिर पड़ी। आरोप है कि घटना के बाद सनोज ने पत्नी को अस्पताल पहुंचाने के बजाय घर छोड़कर फरार हो गया। जब कमरे से खून बाहर निकलता दिखाई दिया तो परिजन अंदर पहुंचे। चंचली देवी को गंभीर अवस्था में तत्काल औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, सनोज और चंचली की मुलाकात कई वर्ष पहले हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और परिवार के विरोध के बावजूद छह साल पहले उन्होंने शादी कर ली थी। सनोज पेशे से चालक (ड्राइवर) है, हालांकि पिछले कुछ समय से वह घर पर ही रह रहा था। पड़ोसियों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

### पुलिस ने बरामद की खून लगी रॉड

घटना की सूचना मिलते ही कुटुंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से खून के निशान लगी लोहे की रॉड बरामद की है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कुटुंबा थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति द्वारा लोहे की रॉड से सिर पर हमला किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद दधपा गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतका के घर के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं की भीड़ जुटी रही। वहीं, दो वर्षीय बच्ची के सिर से मां का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## नहर में डूबे युवक का 18 घंटे बाद मिला शव

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



ओबरा थाना क्षेत्र के डिहरा लख के समीप बड़ी नहर में डूबे 20 वर्षीय युवक का शव घटना के लगभग 18 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान कंचन बिगहा अतरौली निवासी मोहम्मद आलम गिर के पुत्र औरंगजेब के रूप में हुई है। शव को बुधवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने विशेष सर्च अभियान चलाकर नहर से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे औरंगजेब अपने पांच दोस्तों— इरफान, गोल्डन, छोटू, मोनू और सेराज के साथ डिहरा लख स्थित बड़ी नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद उसके साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग और गोताखोर मौके पर पहुंचे तथा देर शाम तक उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

बुधवार सुबह सूचना पर एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब नौ बजे टीम ने नहर से युवक का शव बरामद कर लिया। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद प्रशासन ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौके पर जुट गए। मौके पर राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार, एएसआई अनिल कुमार, रतनपुर सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा, ओबरा के पूर्व प्रमुख अनुज राम, समाजसेवी चितरंजन सिंह, संतन सिंह, सिद्धार्थ भारद्वाज तथा कंचनपुर सरपंच मनतेश भारती समेत कई लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार और अंचलाधिकारी हरिहरनाथ पाठक ने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था। टीम ने तत्परता से अभियान चलाकर शव को बरामद कर लिया। अधिकारियों ने लोगों से नहरों, तालाबों और अन्य जलाशयों में नहाने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

## ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत चालक गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड के भदवाडीह गांव में बुधवार को एक मिट्टी लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 20 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान टिकरी गांव निवासी रामजन्म पासवान के 23 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल चालक की पहचान 18 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार टिकरी निवासी नीरज सिंह का ट्रैक्टर (बीआर 26 जीबी 0788) मिट्टी लेकर गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान भदवाडीह गांव के पास चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि सुनील कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद घायल चालक रवि कुमार को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला और इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजा। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। जवान बेटे की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## डीबीटी से लाभार्थियों के खातों में भेजी गई सामाजिक सुरक्षा पेंशन की 27.19 करोड़ रुपये की राशि

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 39,912 लाभार्थियों को 4.39 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए।
- लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 22,145 लाभार्थियों को 2.50 करोड़ रुपये भेजे गए।
- निःशक्तता पेंशन योजना के 20,823 लाभार्थियों को 2.33 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बुधवार को राज्य के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से मई 2026 माह की पेंशन राशि का सफलतापूर्वक अंतरण किया गया। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के 2 लाख 30 हजार 782 पेंशनधारियों के बैंक खातों में कुल 27 करोड़ 19 लाख 7 हजार 600 रुपये की राशि भेजी गई। इस अवसर पर समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया, जिसमें जिले के लाभार्थियों को योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रितेश कुमार यादव, वरीय उप समाहर्ता महेशानंद, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) प्रियंका कुमारी, सहायक निदेशक (दिव्यांगजन सशक्तिकरण) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 1 लाख 40 हजार 928 लाभार्थियों के खातों में 17 करोड़ 18 लाख 26 हजार 700 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 39 हजार 912 लाभार्थियों को 4 करोड़ 39 लाख 3 हजार 200 रुपये प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 22 हजार 145 लाभार्थियों को 2 करोड़ 50 लाख 38 हजार 500 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 5 हजार 709 लाभार्थियों को 63 लाख 64 हजार 700 रुपये तथा निःशक्तता पेंशन योजना के 20 हजार 823 लाभार्थियों को 2 करोड़ 33 लाख 83 हजार रुपये की राशि भेजी गई। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 1 हजार 265 लाभार्थियों के खातों में 13 लाख 91 हजार 500 रुपये हस्तांतरित किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि डीबीटी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

## दोमुहान पुल पर वन-वे व्यवस्था से बढ़ी परेशानी, घंटों जाम में फंसे रहे यात्री



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर बटाने नदी स्थित दोमुहान पुल की क्षतिग्रस्त स्थिति को देखते हुए लागू की गई वन-वे यातायात व्यवस्था लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। पहले से ही भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगी हुई थी, लेकिन अब छोटी गाड़ियों का आवागमन भी एक लेन से किए जाने के कारण पुल के दोनों ओर लंबा जाम लग रहा है। मंगलवार से लागू इस व्यवस्था के बाद यात्रियों को दो से चार घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ा। बुधवार को भी स्थिति सामान्य नहीं हो सकी और सुबह से शाम तक पुल के आसपास वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जानकारी के अनुसार पुल में दरार और संरचनात्मक क्षति की आशंका को देखते हुए करीब पंद्रह दिन पहले भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद कुछ वाहन चालक रात के समय अवरोध हटाकर पुल से भारी वाहनों का परिचालन कर रहे थे। इसे रोकने के लिए मेंटेनेंस कार्य कर रहे संवेदक द्वारा पुल के एक हिस्से को और अधिक अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे छोटी गाड़ियों का परिचालन भी वन-वे हो गया।

इस व्यवस्था के कारण कार, ऑटो, बाइक और अन्य छोटे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से आने-जाने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में घंटों इंतजार करना पड़ा। कई लोगों को मजबूर होकर वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ा, जबकि कुछ वाहन चालक बीच रास्ते से ही वापस लौट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन-वे व्यवस्था के कारण पहले से क्षतिग्रस्त पुल पर वाहनों का दबाव और बढ़ रहा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पुलिस द्वारा 405 लीटर देशी शराब जब्त, 36 लोगों को किया गिरफ्तार



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर औरंगाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार मंगलवार तक विभिन्न मामलों में कुल 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 8 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार किए गए लोगों में पॉक्सो एक्ट के एक, एससी/एसटी एक्ट के एक, हत्या के प्रयास के सात, मद्य निषेध अधिनियम के दो तथा अन्य मामलों के 25 आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने अभियान के दौरान 405 लीटर देशी शराब भी बरामद की है।

इसके अलावा जिले में लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर 47 वारंट और दो कुर्की-जब्ती आदेशों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। वहीं वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 1177 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान एक कार भी बरामद की गई।

पुलिस ने बताया कि वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में शमन शुल्क के रूप में 22 हजार रुपये की वसूली की गई है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों, शराब कारोबारियों और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## नौ जुलाई को बलिगांव पहुंचेंगे मुख्यमंत्री तैयारी में जुटे विधायक प्रमोद सिंह

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगामी 9 जुलाई को औरंगाबाद जिले के रफीगंज विधानसभा क्षेत्र स्थित बलिगांव का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद औरंगाबाद जिले में उनका यह पहला आगमन होगा। इस दौरान वे जननायक एवं शहीद जगदेव बाबू की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां तेज कर दी गई हैं। रफीगंज के विधायक प्रमोद सिंह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार की शाम बेरी गांव पहुंचकर स्थानीय लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। विधायक ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक प्रमोद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय



जनता दल के राज्यव्यापी प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है और वह केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के सहारे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार के कार्यों से विपक्ष घबराया हुआ है। विधायक ने कहा कि राज्य में सुशासन की सरकार कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार विकास और जनकल्याण की राजनीति में विश्वास रखती है, जबकि विपक्ष विकास कार्यों को स्वीकार नहीं कर पा रहा है।

प्रमोद सिंह ने वर्ष 1990 से 2005 के बीच के बिहार की चर्चा करते हुए कहा कि जनता उस दौर को भूली नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पदभार संभालने के बाद से राज्य में विकास कार्यों को नई गति मिली है, जिससे विपक्ष असहज महसूस कर रहा है।

## जनता दरबार में विधायक चेतन आनंद ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

- चेतन आनंद ने बताया कि वह हर महीने दो दिन जनता की समस्याएं सुनने के लिए औरंगाबाद में रुकते हैं।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक चेतन आनंद ने बुधवार को औरंगाबाद अतिथिगृह में जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। इस दौरान कई मामलों के समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक चेतन आनंद ने कहा कि वह प्रत्येक माह दो दिन औरंगाबाद अतिथिगृह में रुककर जनता की समस्याएं सुनते हैं। उनका प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक मामलों का त्वरित समाधान मौके पर ही कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने बताया कि इस बार जनता दरबार में सबसे अधिक शिकायतें भूमि और राजस्व विवादों से संबंधित प्राप्त हुईं। इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने कार्यक्रम के दौरान ही संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष और कानूनी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार की यह प्रक्रिया आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

विधायक ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम लोगों, खासकर गरीब और जरूरतमंद वर्ग को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच सीधा संवाद होने से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आती है तथा लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान संभव हो पाता है।

जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीधे जनप्रतिनिधि के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिलने से उन्हें राहत मिली है। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम होती है तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलती है।

## सीएम से मिले पूर्व सांसद, मेडिकल कॉलेज सहित कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर जिले के विकास एवं जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। इस दौरान औरंगाबाद में लंबे समय से प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना, मगध विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों की लंबित पेंशन तथा बी.फार्मा छात्रों की परीक्षा केंद्र संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद ने औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की बहुप्रतीक्षित मांग को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि



जिला दो राष्ट्रीय राजमार्गों एवं कई महत्वपूर्ण राज्य राजमार्गों से जुड़ा हुआ है। लगातार होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और बढ़ती आबादी को देखते हुए जिले में एक आधुनिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए देव प्रखंड स्थित पातालगंगा क्षेत्र में बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड की भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी उपलब्ध हो चुका है। ऐसे में अब बिना किसी विलंब के आगे की प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं शुरू की जानी चाहिए। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि सांसद रहते हुए उन्होंने इस मांग को कई बार लोकसभा में उठाया था। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना में भूमि संबंधी कोई बाधा न आए, इसके लिए उन्होंने पूर्व में अपनी निजी जमीन भी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की पेशकश की थी। उनका उद्देश्य केवल इतना था कि जमीन के अभाव में मेडिकल कॉलेज की योजना औरंगाबाद से कहीं अन्यत्र स्थानांतरित न हो जाए।

## सब्जी मंडी के स्थानांतरण को लेकर प्रशासन ने विक्रेताओं के साथ की बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर बुधवार को समाहरणालय परिसर में सब्जी विक्रेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना, आम नागरिकों को बेहतर खरीदारी वातावरण उपलब्ध कराना तथा सब्जी बाजार को व्यवस्थित रूप से संचालित करना था। बैठक में वर्तमान सब्जी मंडी को निर्धारित नए स्थल, फार्म परिसर के समीप स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन



की ओर से बताया गया कि नए मंडी स्थल पर विक्रेताओं एवं आम लोगों की सुविधा के लिए बिजली, पेयजल समेत अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि कुछ सब्जी विक्रेता पहले ही नए स्थल पर अपना व्यवसाय शुरू कर चुके हैं। वहीं शेष विक्रेताओं से भी निर्धारित समय सीमा के भीतर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं ने स्थानांतरण के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिस पर प्रशासन ने उन्हें एक सप्ताह का समय प्रदान किया।

बैठक में स्पष्ट रूप से कहा गया कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद पुराने स्थल पर अनधिकृत रूप से व्यवसाय संचालित करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा संबंधित विक्रेताओं को प्रथम नोटिस भी जारी किया जा चुका है और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने सभी सब्जी विक्रेताओं से सहयोग की अपील करते हुए नए मंडी स्थल को सफल, सुव्यवस्थित एवं नागरिक हितों के अनुरूप विकसित करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता उपस्थित रहे।